

खेल

**ओलंपिक में मेडल को दांतों से क्यों काटते हैं खिलाड़ी, क्या यह कोई नियम हैं**


हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




देश

**अजीत पवार की एनसीपी के पोस्टर से मुख्यमंत्री ही गायब**





मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 24 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 224 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 73,850 | ₹91,100 |



## आज का इतिहास

- 1991 : पी।वी। नरसिम्हा राव और उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने उन सुधारों की शुरुआत की, जो भारत में चल रहे आर्थिक आर्थिकरण की शुरुआत कर रहे थे।
- 2012 : उपराष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा राष्ट्रपति जॉन अट्टा मिल्स के मरने के बाद घाना के राष्ट्रपति बने।

## न्यूज बाइट्स

### अवधेश नारायण सिंह बने विधान परिषद के सभापति

**पटना (नि.सं.)** । विधान परिषद में मंगलवार को सभापति के रूप में अवधेश नारायण सिंह के नाम की घोषणा हुई। उन्हें सर्वसम्मति से सभापति चुन लिया गया है। 23 प्रस्ताव आए थे। राजद से राबड़ी देवी और माले से शशि यादव ने भी समर्थन दिया। वहीं, सीएम नीतीश कुमार और विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी ने अवधेश नारायण सिंह को आसान पर बैठाया। एमएलसी संजीव कुमार सिंह पीठासीन पदाधिकारी थे। मानसून सत्र के पहले दिन ही उन्होंने सभापति के लिए अपना नामांकन कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उनके नाम की प्रस्तावक हैं। महीने भर पहले अवधेश नारायण सिंह को कार्यकारी सभापति बनाया गया था। उपसभापति के लिएजेडीयू एमएलसी और हिंदी साहित्य के लेखक प्रोफेसर रामवचन राय ने नामांकन भरा है। इस मौके से सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री अशोक चौधरी, मंगल पांडेय, विजय चौधरी समेत कई सदस्य मौजूद रहे। जानकारी है कि उनको भी सर्वसम्मति से विधान परिषद का उपसभापति चुन लिया जाएगा। इससे पूर्व आरजेडी के रामचंद्र पूर्व उपसभापति थे।

### एएनएम ने समान काम के लिए समान वेतन की मांग की

**पटना (नि.सं.)** । बिहार संविदा एएनएम संघर्ष मोर्चा और एनएचएम कर्मी संघ के बैनर तले मंगलवार को गर्दनीबाग में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। एफआरएएस के विरोध में कर्मियों ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। संघ के सात सूत्री मांगों में समान काम के लिए समान वेतन, चार माह से बकाये मानदेय का भुगतान करने, एनएचएम कर्मियों की सेवा नियमित करने, ऐच्छिक स्थानांतरण का प्रबंध करने, खाली पदों पर स्थायी नियुक्ति करने समेत अन्य शामिल है। भाकपा(माले) की विधान परिषद सदस्य और ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय महासचिव शशि यादव ने आंदोलन व मांगों का समर्थन किया।

### 29 जुलाई को सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास करेंगे सीएम नीतीश

**नवादा (नि.सं.)** । नवादा में 29 जुलाई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचेंगे। यहां वारिसलीगंज में सीएम सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास व ककोलत जलप्रपात के सौंदर्यीकरण काम के बाद इसका उद्घाटन करेंगे। सीमेंट फैक्ट्री का काम अब अंतिम चरण में है। उद्घाटन की तैयारी जोरों से चल रही है। पिछले कोरोना काल से कश्मीर ककोलत शीतल जल प्रपात का सैलानी आनंद नहीं ले पा रहे थे। यहां सौंदर्यीकरण का काम चल रहा था।

---

- मुद्रा लोन की लिमिट दोगुनी हुई, 10 लाख की जगह 20 लाख तक लोन
- नौकरी और कौशल विकास पर 2 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान किया
- एजुकेशन लोन 10 लाख कर दिया, इसमें ब्याज में भी छूट की घोषणा की
- ईपीएफओ के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को तीन किश्तों में 15 हजार रुपये तक की पहली सैलरी दी जाएगी
- महिलाओं और लड़कियों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं पर 3 लाख करोड़ खर्च
- पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 से अधिक शाखाएं स्थापित की जाएंगी
- नई कर प्रणाली के तहत टैक्स स्लैब में बदलाव का एलान



### बजट 20₹4 : वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार सात बार बजट पेश कर बनाया रिकॉर्ड

# ₹58,900 करोड़ बिहार को : मिला एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज

*नरेंद्र मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कमर कस ली है। मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जब बजट भाषण पढ़ा तो यही बात नजर आई। निर्मला सीतारमण ने सातवीं बार बजट पेश किया है। यह मोदी सरकार का यह 13वां बजट है, जिसमें निर्मला ने कहा कि यह बजट गरीब, महिला, युवा और अन्नदाताओं पर फोकस है।*

नयी दिल्ली | विशेष संवाददाता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लगातार सातवीं बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाया। 1 घंटे 23 मिनट के भाषण में उनका फोकस शिक्षा, रोजगार, वेतन भोगियों, पेंशन भोगियों, किसान, महिलाओं, युवा और छात्रों पर रहा। इससे पहले चुनावी साल होने के चलते 1 फरवरी को पेश हुए अंतरिम बजट में खास नीतिगत बदलाव नहीं देखे गए थे। साथ ही मध्यमवर्गीय के लिए खास घोषणाएं सरकार के अंतरिम बजट में शामिल नहीं थीं। हालांकि, जानकारों का मानना है कि इस बजट से भारत की आर्थिक नीति में बड़े बदलावों के आसार कम हैं। वहीं बजट 2024 की बात करें तो नीतीश कुमार के बिहार और चंद्रबाबू नायडू के आंध्र प्रदेश पर केंद्र सरकार मेहरबान रही। बिहार को लगभग 58,900 करोड़ रूपये इस बजट से दिए जायेंगें जो विभिन्न मद में खर्च होंगे। एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज की भी स्थापना की जायेगी।

वहीं, बजट में इनकम टैक्स को लेकर राहत दी गई है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 3 लाख से 7 लाख रुपए की आय पर 5% के हिसाब से टैक्स देना होगा। पहले ये 6 लाख तक था। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। हालांकि, पुराने टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहली नौकरी वाले जिनकी सैलरी 1 लाख रुपए से कम होगी, उन्हें सरकार अधिकतम 15 हजार रुपए तीन किश्तों में देगी।

## बिहार में बिछेगा सड़कों का जाल

वित्त मंत्री ने बिहार को बड़ी सौगात दी हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और रेलमार्ग का जाल बिछाया जाएगा। इसके अलावा बिहार में नए मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट को बनाने का भी एलान किया गया है। सीतारमण ने कहा, हम बिहार के गया में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देंगे। इससे पूर्वी क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि मैं प्रस्ताव करती हूं कि गया में विष्णुपथ मंदिर और बोधगया में महाबोधि मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक है। हम उन्हें विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने के लिए सफल काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर वहां कॉरिडोर विकसित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। हम बिहार के सड़क संपर्क परियोजनाओं के विकास में भी सहयोग करेंगे। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर राजमार्ग, बोध गया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा और बक्सर में गंगा नदी पर 26,000 करोड़ रुपए की लागत से एक अतिरिक्त दो लेन के पुल का निर्माण होगा।' इसके अलावा बिहार में बाढ़ आपदा के लिए 11 हजार 500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का भी एलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, '21,400 करोड़ रुपये की लागत से बिहार के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित करने सहित बिजली परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। बिहार में नए हवाई अड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। बहुपक्षीय विकास बैंकों से बाहरी सहायता के लिए बिहार सरकार के अनुरोधों पर शीघ्रता से काम किया जाएगा

### 'पूर्वोदय' योजना की होगी शुरुआत

**केंद्र ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए 'पूर्वोदय' योजना शुरू करने का प्लान बनाया है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि सरकार पूर्वी क्षेत्र में विकास के लिए औद्योगिक गलियारे के निर्माण के लिए अग्रसर है।**

### भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट पेश करने से पूर्व अपना भाषण सुबह 11 बजकर 3 मिनट पर शुरू किया। उन्होंने कहा कि 'भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है, और आगे भी इसके जारी रहने की उम्मीद है। महंगाई लगातार कंट्रोल में है। खाने-पीने की चीजें भी पहुंच में हैं। जैसा कि अंतरिम बजट में कहा था - गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता - हम इन चार जातियों पर फोकस करना चाहते हैं।

### बजट अनुमान 2024-25:

- ऋण को छोड़कर कुल प्राप्तियां: 32.07 लाख करोड़ रुपये
- कुल व्यय: 48.21 लाख करोड़ रुपये
- सकल कर प्राप्ति: 25.83 लाख करोड़
- वित्तीय घाटा: जीडीपी का 4.9 प्रतिशत
- सरकार का लक्ष्य घाटे को अगले साल 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना है

## बजट की आठ मुख्य बातें :

1. **बजट में क्या सस्ता, क्या महंगा हुआ:** कैंसर दवा, सोना-चांदी, प्लेटिनम, मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सोलर सेट्स, लेदर और सीफूडस। मोबाइल और चार्जर पर कस्टम ड्यूटी घटकर 15% हुई। सोना और चांदी के गहनों पर कस्टम्स ड्यूटी घटकर 6% हुई। टेलिकॉम के सामान 15% और प्लास्टिक प्रोडक्ट 25% महंगे हो गए हैं।
2. **न्यू टैक्स रिजीम में राहत:** नए टैक्स रिजीम के तहत अब 3 लाख से 7 लाख रुपए की आय पर 5% के हिसाब से टैक्स देना होगा। पहले ये 6 लाख तक था। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। हालांकि, पुराने टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है
3. **पहली नौकरी वालों के लिए :** 1 लाख रुपए से कम सैलेरी होने पर, EPFO में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी।
4. **एजुकेशन लोन के लिए :** जिन्हें सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है, उन्हें देशभर के संस्थानों में एडमिशन के लिए लोन मिलेगा। लोन का 3 परसेंट तक पैसा सरकार देगी। इसके लिए ई वाउचर्स लाए जाएंगे, जो हर साल एक लाख स्टूडेंट्स को मिलेंगे।
5. **किसान के लिए :** 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।
6. **युवाओं के लिए :** मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए। 500 टॉप कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का वादा।
7. **महिलाओं और लड़कियों के लिए :** महिलाओं और लड़कियों के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान।
8. **सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए :** सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट तक हर महीने बिजली फ्री।

### पीएम गरीब कल्याण योजना 5 साल के लिए बढ़ी

निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा-प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया गया है, जिसका लाभ देश के 80 करोड़ लोगों को मिल रहा है। हमारी सरकार का पूरा फोकस रोजगार, हुनर और युवाओं पर है। इस समय देश में मुद्रास्फीति फिलहाल 3।1% पर है। इस साल 1।48 लाख करोड़ शिक्षा और रोजगार के लिए खर्च किए जाने का प्रस्ताव है।

### नौकरी और कौशल विकास पर 2 लाख करोड़ खर्च

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौकरी, कौशल विकास और अन्य सुविधाओं पर 2 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। ये पैसे 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं लिए रोजगार के मौके बनाने और अन्य सुविधाओं पर खर्च किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा, इस साल शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा, रोजगार के लिए सरकार फर्स्ट टाइमर युवाओं के पीएफ में 3 हजार रुपए तक योगदान करेगी। इसकी योग्यता स्तर 1 लाख हर महीने तक सैलरी पाने वाले आएंगे।

### युवाओं को इंटर्नशिप के लिए 5 हजार महीना मिलेगा

मोदी सरकार की 5वीं नई योजना के तहत 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार की इंटर्नशिप योजना से 1 करोड़ युवाओं को फायदा होगा। पीएम मोदी का यह युवाओं के लिए स्पेशल इंटर्नशिप पैकेज है। इसके तहत युवाओं को 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने की मौका मिलेगा। साथ ही हर महीने 5 हजार रुपये का इंटर्नशिप भत्ता भी दिया जाएगा। इसके साथ ही जो युवा अपनी इंटर्नशिप पूरी कर लेते हैं उन्हें अलग से 6 हजार रुपये भी दिए जाएंगे। सरकार की इस योजना के तहत 5 साल में 1 करोड़ युवाओं को लाभ पहुंचेगा।

### एजुकेशन लोन 10 लाख तक, ब्याज पर भी छूट

वित्त मंत्री ने घरेलू संस्थानों में हायर एजुकेशन के लिए लोन 10 लाख तक किए जाने भी ऐलान किया। घरेलू संस्थानों में हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख रुपए तक के ऋण के लिए ई-वाउचर हर साल 1 लाख छात्रों को सीधे ऋण राशि के 3% की वार्षिक ब्याज छूट के लिए दिए जाएंगे।

### खेती-किसानी में डिजिटल ढांचे को मजबूती

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार की कृषि, रोजगार और सामाजिक न्याय प्राथमिकताएं हैं। हमारी प्राथमिकताओं में शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा भी शामिल है। कृषि क्षेत्र की उत्पादकता और क्षमता प्राथमिकता बेहद जरूरी है। दलहन-तिलहन की उत्पादकता और भंडारण बढ़ाएंगे। 30 फसलों की 109 किस्में जल्द मिलेंगी। हमारा लक्ष्य तिलहन उत्पादों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। कृषि में डिजिटल ढांचे को मजबूती देंगे, ताकि उत्पादकता बढ़ सके। 400 जिलों में फसलों का डिजिटल सर्वे होगा।

### किसान सम्मान निधि नहीं बढ़ेगी, एमएसपी पर कोई ऐलान नहीं

वित्त मंत्री ने खेती और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए। पिछले साल 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। यानी इस बार किसानों के लिए बजट 21.6% यानी 25 हजार करोड़ रुपए बढ़ाया गया। हालांकि किसानों की लगातार मांग के बाद भी मिनिमम सपोर्ट प्राइस यानी, MSP को लेकर बजट में कोई घोषणा नहीं हुई। वहीं किसान सम्मान निधि की राशि भी नहीं बढ़ाई गई है। ये 6,000 रुपए ही रहेगी।

### महिलाओं और लड़कियों के लिए खुला खजाना

वित्त मंत्री ने महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का ऐलान किया। निर्मला सीतारमण ने कहा कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास स्थापित करेगी। पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 से अधिक शाखाएं स्थापित की जाएंगी। राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पोलावरम सिंचाई परियोजना को पूरा किया जाएगा। विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे में कोप्पार्थी क्षेत्र और हैदराबाद-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे में ओरवाकल क्षेत्र में विकास के लिए फंड दिया जाएगा।

### गरीबों को अगले 5 साल के लिए मुफ्त अनाज

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस बजट को गरीबों के लिए खास माना जा रहा है क्योंकि इसमें गरीबों के लिए कई योजनाएं शामिल की गई हैं। बजट में सरकार ने गरीबों को राहत देते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है।

### 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के लिए घर

निर्मला ने 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए घर देने का ऐलान किया। इसके लिए सरकार 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। वहीं, केंद्रीय बजट 2024-2025 में प्रधानमंत्री आवास योजना (PM Awas Yojana) के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त आवास बनाने का फैसला लिया गया है। इस योजना पर मौजूदा वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

# तीन बिल पास, कॉलेज में इंटर की पढ़ाई नहीं

निज संवाददाता | पटना



बिहार विधानसभा में मंगलवार को बिना किसी बहस के ध्वनि मत से तीन विधेयक पारित कर दिए गए, क्योंकि विपक्ष ने संशोधन पेश करने के बावजूद वॉकआउट किया। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 में सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के तहत शिक्षकों की भर्ती लाने का प्रस्ताव है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के तहत बिहार सरकार ने 2017 में एक अधिनियम के जरिए रिवाइव किया था। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि वर्तमान में, आयोग विश्वविद्यालयों और इसके अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में नियुक्तियां करता है। नया विधेयक आयोग को बिहार सरकार द्वारा संचालित उच्च शिक्षा संस्थानों में सभी प्रकार की शिक्षकों की भर्ती करने का अधिकार देता है। दूसरा विधेयक बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2024 है, जो बिहार सरकार के कॉलेजों में इंटरमीडिएट शिक्षा को समाप्त करने के निर्णय से अहम बन गया है।

बिहार सरकार ने फरवरी में विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों के तहत कॉलेजों में कला, विज्ञान और वाणिज्य की सभी तीन स्ट्रीम में इंटरमीडिएट शिक्षा को खत्म करने और 1 अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले नए सत्र से केवल उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इसे चलाने का एक संकल्प जारी किया था। और राज्य राजपत्र में भी अधिसूचित किया गया था। बिहार सरकार ने 2007 में 10+2+3 की 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कॉलेजों से इंटरमीडिएट शिक्षा को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का नीतिगत निर्णय लिया था। और 2007-09 सत्र से प्लस टू में सीबीएसई प्रारूप पेश किया था। 2007 में ही पटना विश्वविद्यालय अपने डिग्री कॉलेजों से इंटरमीडिएट को अलग करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय बन गया था।

यह प्रक्रिया अन्य विश्वविद्यालयों के लिए जारी रखी जानी थी, लेकिन नीति को लागू करने में 17 साल और लग गए। शिक्षा मंत्री ने कहा ने कहा कि संबद्धता प्रावधानों में बदलाव को शामिल करने और नवीनतम तकनीक का उपयोग करके डिजिटल परीक्षा प्रणाली को एकीकृत करने के लिए विधेयक लाया गया है।

वहीं बिहार नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य गुटबाजी को रोकने के लिए मेयर और डिप्टी मेयर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना मुश्किल होगा। जिससे वार्ड पार्षदों की शक्तियां कमजोर होंगी। सड़क निर्माण मंत्री नितिन नबीन ने कहा ऐसे उदाहरण हैं जब मेयर और डिप्टी के खिलाफ दो साल और बाद में एक साल के बाद अक्सर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, जो नगर पालिकाओं के कामकाज को प्रभावित करता है। इससे गुटबाजी और गलत दबाव बढ़ता है, जिससे कामकाज प्रभावित होता है। इसलिए, अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित प्रावधानों को हटाया जा रहा है।

# बजट पर नीतीश कुमार ने कहा, हम खुश हैं, बिहार को काफी मिली मदद

निज संवाददाता | पटना



मोदी सरकार के आम बजट को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होने कहा कि बजट से हम खुश हैं। विशेष दर्जा के लिए हमलोग आंदोलन कर रहे थे। आज जो बोल रहे हैं जब उनकी पार्टी केंद्र में थी तब क्या किए? हम इसके लिए लगातार बोलते रहे हैं। हमने कहा विशेष राज्य जा दर्जा दीजिए या विशेष अधिकार के लिए मदद कीजिए। हम लोगों ने कह दिया था बिहार को मदद करिए उसी में कई चीजों की मदद की घोषणा हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार को केंद्र सरकार की ओर से पूरी मदद मिल रही है। विशेष राज्य का दर्जा बंद कर दिया, तो जो मदद होनी चाहिए थी। वो विकास के लिए हो रही है। उन्होने कहा कि पहले बिहार का बुरा हाल था। अब कितना रास्ते, रोड और स्कूल बन गए हैं। पटना में कितना काम हुआ है। सीएम नीतीश ने मोदी सरकार के बजट की सराहना करते हुए ट्वीट किया, और लिखा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। इस बजट में बिहार की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके तहत बिहार के मानव संसाधन विकास एवं बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट में बिहार की सड़क सम्पर्क परियोजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेजों और खेलकूद की संरचनाओं के लिये विशेष राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही बजट में बिहार के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिये विशेष सहायता की घोषणा की गयी है। बिहार को बाढ़ से बचाव के लिये भी बजट में बड़ा ऐलान किया गया है। कोशी-मेची नदी जोड़ परियोजना, नदी प्रदूषण न्यूनीकरण और सिंचाई परियोजनाओं के लिये विशेष आर्थिक मदद देने की घोषणा की गयी है, जो स्वागत योग्य है। बिहार के लिये बजट में विशेष प्रावधान के लिये आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को विशेष धन्यवाद।

### नीट-यूजी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

# दोबारा नहीं होगी परीक्षा, साबित नहीं हुई बड़ी गड़बड़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक केस में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि यह परीक्षा दोबारा नहीं कराई जा सकती क्योंकि बड़ी गड़बड़ी साबित नहीं हो सकी है। कोर्ट ने कहा कि फिर से परीक्षा कराना ठीक नहीं होगा और यह 24 लाख छात्रों के भविष्य का मामला है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत ने कहा कि इस मामले में व्यवस्थागत खामी की बात साबित नहीं होती है। इसलिए दोबारा से परीक्षा कराने का आदेश नहीं दिया जा सकता।

अदालत ने कहा, 'फिर से एग्जाम कराने का आदेश देना 24 लाख बच्चों के लिए मुश्किल भरा होगा, जिन्होंने परीक्षा दी थी। इससे एडमिशन का शेड्यूल भी बाधित होगा। इसके अलावा मेडिकल एजुकेशन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यही नहीं इसका असर भविष्य में योग्य मेडिकल प्रोफेशनल्स की कमी के तौर पर भी दिख सकता है। इसके अलावा यह उन वंचित लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय होगा, जिन्हें सीटों पर आरक्षण मिला था।' इसके अलावा एक विवाद परीक्षा में आए एक प्रश्न पर भी था। इसके दो सही जवाब बताए जा रहे थे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली को एक्सपर्ट कमेटी गठित करने को कहा था। उस कमेटी ने सवाल के दो जवाबों पर पैदा हुए भ्रम पर कहा था कि चौथा विकल्प ही सही है।



अब सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कहा कि एनटीए इस विकल्प के आधार पर रिजल्ट का फिर से मिलान कर लेगा। अदालत ने कहा कि एनटीए ने 1563 छात्रों की दोबारा परीक्षा भी कराई थी। उन लोगों को विकल्प मिला था कि ग्रेस मार्क्स नहीं मिलेंगे और यदि वे चाहें तो दोबारा परीक्षा दे सकते हैं।

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के साथ पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया शिष्टाचार भेंट

निज संवाददाता | हाजीपुर



बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना में शिष्टाचार मुलाकात की एवं बिहार राज्य में यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े पूर्व मध्य रेल की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने रेलवे के क्रिया-कलाप, यात्री सुविधा में और सुधार के उपायों तथा रेल विकास आदि से जुड़े विषयों पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। महाप्रबंधक ने बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा तथा पुलिस महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी से भी शिष्टाचार मुलाकात की।

# कपड़ा व्यवसायी से 1 लाख की लूट, CCTV में कैद वारदात

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में बदमाशों ने कपड़ा व्यवसायी से बंदूक के बल पर 1 लाख रुपए लूट लिए। इस दौरान दुकान पर 3 लोग मौजूद थे। वारदात को सोमवार की देर रात अंजाम दिया गया है। घटना भागलपुर के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर का है। घटना CCTV में कैद हो गई है। इसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि दो लड़के कपड़ा के दुकान पर पहुंचे। वहां, एक बदमाश ने पिस्तौल दिखाते हुए सबको शांत रहने के लिए कहा। इसके बाद जबरदस्ती दुकान में रखे गल्ला से 1 लाख रुपए निकाल कर पिस्टल लहराते हुए फरार हो गया। भागने से पहले आरोपियों ने धमकी दी की अगर घटना की सूचना पुलिस को दी तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे।

**घटना के वक्त 3 लोग थे दुकान पर मौजूद:** एक आरोपी की पहचान कुख्यात रूपेश यादव के रूप में हुई है। आरोपी नूरपुर का ही रहने वाला है। वहीं, पीड़ित की पहचान संजीव शाह के रूप में हुई है। घटना के वक्त पीड़ित की पत्नी भी दुकान पर ही थी। साथ ही एक और व्यक्ति दुकान पर था।

**दुकानदार ने आरोपी को पहचानने से किया इनकार:** लूटपाट की वारदात को अंजाम देकर बदमाश राघोपुर गांव की तरफ भाग गए।

इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मधुसुदनपुर पुलिस ने दुकानदार से पूछताछ की है। लेकिन दुकानदार ने अपराधी को पहचानने से साफ इनकार कर दिया है। जबकि रूपेश को वहां पर आसपास के लोग पहचान रहे हैं। दुकानदार संजीव शाह ने बताया कि दो की संख्या में अपराधी आए थे। हथियार का भय दिखाकर लगभग 1 लाख रुपए लूट लिया। वहीं, उसकी पत्नी ने रोते हुए बताया कि हम नहीं पहचानते हैं। दो की संख्या में बदमाश आए थे। जाते-जाते अपराधी बोला है कि तुम्हारी 4 बेटी है न सबको जान से मार देंगे। जान बचेगा तो बहुत रुपए कमा लेंगे। इधर, पुलिस ने कुख्यात रूपेश यादव के भाई विकास यादव को अन्य मामलों में हथियार और कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। एक बाइक भी बरामद की है। वहीं, घटना के बाद 3 थाने की पुलिस अपराधी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। मामले को लेकर DSP-2 राकेश कुमार ने बताया कि कुख्यात रूपेश यादव के भाई विकास यादव को किसी और मामले में हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। लूट की घटना को लेकर दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# आरक्षण को लेकर ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट पर होनी है सुनवाई

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में निकाय चुनाव 28 दिसंबर समेत बिहार में 18 से लेकर 28 दिसंबर तक चुनाव कराया गया था। रिजल्ट 30 दिसंबर को आया था। निकाय चुनाव में आरक्षण कोटा ट्रिपल टेस्ट के आधार पर नहीं कराए जाने को लेकर याचिकाकर्ता सुनील कुमार ने मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। मामला यह है कि ट्रिपल टेस्ट के आधार पर सरकार को निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया गया था, लेकिन राज्य सरकार ने अति पिछड़ा वर्ग आयोग गठित कर दिया था। कमेटी ने 2 महीने में ही सरकार को रिपोर्ट दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की इस डेडिकेडेट कमीशन को मानने से इंकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद राज्य सरकार उसी कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव कराने की अनुशंसा कर दी। अनुशंसा मिलते ही निर्वाचन आयोग ने नए डेट की भी घोषणा कर दी गई है और चुनाव करा लिए गए। गौरतलब है कि डेडिकेडेट कमीशन को राज्य के सभी नगर निकायों में अति पिछड़ा वर्ग के जातियों को डाटा कलेक्ट करना था। इसके साथ ही इन्हें पता लगाना था कि नगर पालिका की कुल जनसंख्या में पिछड़ों की संख्या कितनी है।


## देवघर–गोरखपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन की संशोधित समयसूची

**05027 देवघर–गोरखपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन** की समयसूची दिनांक **24.07.2024** (यात्रा शुरू होने की तिथि) से निम्नानुसार संशोधित की जाएगी:

| स्टेशन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| देवघर | – | 18.50 | हाजीपुर | 05.15 | 05.20 |
| बांका | 19.50 | 19.55 | सोनपुर | 05.30 | 05.32 |
| बाराहाट जं. | 20.50 | 21.00 | दिघवारा | 06.00 | 06.02 |
| भागलपुर | 21.55 | 22.05 | छपरा | 07.10 | 07.20 |
| सुल्तानगंज | 22.40 | 22.45 | एकमा | 07.43 | 07.45 |
| मुंगेर | 00.30 | 00.40 | सीवान | 08.10 | 08.15 |
| साहिबपुर कमाल | 01.20 | 01.22 | मैरवा | 08.33 | 08.35 |
| बेगुसराय | 01.55 | 01.57 | भटनी | 09.30 | 09.32 |
| बरौनी | 03.00 | 03.10 | देवरिया सदर | 10.00 | 10.02 |
| बछवारा | 03.30 | 03.32 | चौरी चौरा | 10.33 | 10.35 |
| शाहपुर पटोरी | 04.00 | 04.02 | गोरखपुर | 11.20 | – |
| देसरी | 04.30 | 04.32 | | | |

अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे। मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## भागलपुर में अचानक बाइक में लगी आग

**भागलपुर।** भागलपुर में मंगलवार की दोपहर एक चलती मोटरसाइकिल में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। समय रहते बाइक चालक गाड़ी छोड़कर साइड हट गया। घटना मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के दिग्गी चौक के पास दुर्गा स्थान के पास की है। जहां पर हादसा हुआ है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मधुसुदनपुर थाना से चौकीदार अपने बाइक को लेकर घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान दिग्गी के दुर्गा स्थान के पास बाइक में अचानक आग लग गई। हालांकि, इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ है। एक बड़ा हादसा टल गया है। इधर, घटना की जानकारी के बाद आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। स्थानीय दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू मंडल ने बताया कि मधुसुदनपुर थाने के चौकीदार अपने बाइक से घर की तरफ जा रहे थे।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.जेएमपी–इलेक्ट–60–2024, दिनांक: 20.07.2024,** उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों जिनके पास पर्याप्त अनुभव, क्षमता और अपेक्षित प्रतिष्ठान है, से खुली निविदा के माध्यम से **निविदा सं.जेएमपी–इलेक्ट–60–2024** के प्रतिपक्ष योग्यता के लिए अनुरोध (आरएफक्यू) आमंत्रित किया जाता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/ संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। **कार्य का नाम:** नेट–मीटरिंग की सुविधा के साथ टर्नकी आधार पर जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप के सेवा भवनों में पीपीपी मॉडल के अधीन 500 केडब्ल्यूपी ऑन ग्रिड रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट का संस्थापन। **आरएफक्यू का मूल्य:** रु. 10,000/–, **आरएफक्यू जमा करने की अवधि:** दिनांक 21.08.2024 को 12.00 बजे से दिनांक 03.09.2024 को 15.00 बजे तक (उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, जमालपुर का कार्यालय)। **अंतिम तिथि / समय:** दिनांक 03.09.2024 को 15.00 बजे। **खुलने की तिथि:** दिनांक 03.09.2024 को 15.30 बजे। निविदा सूचना का संपूर्ण विवरण पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** और उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, पूर्व रेलवे, जमालपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है।

MISC-110/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल–एसडीएएच–सीओएन–टीआरडी–156आर–2024–एनआईटी, निविदा सं.: ईएल–एसडीएएच–सीओएन–टीआरडी–156आर–2024,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरी मंजिल, आर.एम.एस. बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि जिनके पास निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और उपयुक्त अनुभव के साथ वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है, से ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** "(क) मालदा मंडल में एलएचबी मेन्टेनेंस डिपो में गोड्डा में मेन्टेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के संबंध में 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज, 50 हट्‌र्ज ओवरहेड इक्विपमेंट, एलटी सप्लाई ट्रांसफार्मर इत्यादि की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। (ख) पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के तहत काँचरापाड़ा वर्कशॉप के विभिन्न शॉप में ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू/टी–कार की पीओएच क्षमता वृद्धि के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज, 50 हट्‌र्ज ओवरहेड इक्विपमेंट, एलटी सप्लाई ट्रांसफार्मर की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ और (ग) पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में बालीघाट और बालीहाल्ट के बीच किमी. 7/15–8/2 पर पुल सं. 15 सीसीआर पर आरसीसी बॉक्स प्रदान करते हुए स्टील गर्डर को बदलने के संबंध में विद्युत टीआरडी कार्य।" **निविदा मूल्य:** रु. 4,04,77,166.60, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि:** रु. 3,52,400/–**समापन अवधि:** 09 (नौ) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 23.08.2024 को 12.30 बजे। निविदा कागजातों को डाउनलोड किया जा सकता है और इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित अनुसार उल्लिखित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले "निविदा कागजात की लागत" और "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली **www.ireps.gov.in** पर जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से पूर्ण और ऊपर उल्लिखित सभी कागजातों के साथ निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा के माध्यम से जमा की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और यदि कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय–समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, आर. एम. एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता–700014 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।

CON-44/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## झारखण्ड, सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग), जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।

### पशुपालकों के लिए आम सूचना
### संशोधित

PR329540 Agriculture, Animal Husbandry And Co-Oprative Department (24-25) D द्वारा विज्ञापित आम सूचना निदेशानुसार निम्नवत् संशोधित किया जाता है :–

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत विभागीय राज्यादेश संख्या– 14, दिनांकः–01.07.2024 के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के आलोक में गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय से कार्यालय अवधि में योजना–वार विहित आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र दिनांकः– 31.07.2024 तक ग्राम सभा की अनुशंसा प्राप्त कर उसकी कार्यवाही की छायाप्रति के साथ पूर्ण विवरण सहित संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय, गढ़वा जिला में ससमय जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा निर्धारित समय पर प्राप्त की जा सके। पूर्व के विज्ञापन की शेश कंडिकाएं यथावत् रहेगी।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा ।

PR 330432 (Animal Husbandry) 24-25 (D)

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 11/2023-24 ( Retender 3rd Call)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू। |
| 2 | Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक– 25.07.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| 3 | ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक– 25.07.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक– 01.08.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 03.08.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6 | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | उँटारी रोड | लहरबंजारी | पंचायत भवन लहरबंजारी का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 08/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 330429 District(24-25)#D

## जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा

### आवश्यक सूचना
### मुख्यमंत्री बहन बेटी मई–कुई स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना से संबंधित जानकारी

राज्यन्तर्गत महिलाओं एवं स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा तथा आर्थिक पिछड़ापन को दृष्टिगत रखते हुए 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने तथा परिवार में उनकी निर्णयात्मक भूमिका सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री बहन बेटी मई–कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना की सुरूआत की है।

राज्य सरकार द्वारा 21–50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में 1000 रू० प्रतिमाह प्रदान करेगी।

राज्य योजनान्तर्गत ''मुख्यमंत्री बहन बेटी मई–कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना'' संचालन की स्वीकृति प्रदान की है जिसके तहत लाभुकों को प्रतिमाह रूपये 1000/– की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

''मुख्यमंत्री बहन बेटी मई–कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना''के लाभुकों के लिए प्रात्रता निम्नवत होगी :–

a) महिला झारखण्ड की निवासी होनी चाहिए।
b) आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो।
c) आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो। वर्तमान में जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी इस योजना का लाभ दिसम्बर 2024 तक उठा सकते है, लेकिन इस अवधि के पश्चात आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु बैंक खाता का आधार लिंक्ड कराना अनिवार्य होगा।
d) आवेदिका का मतदाता पहचान–पत्र हो।
e) आवेदिका का आधार कार्ड हो।
f) आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अन्योदय अन्य योजना कार्ड (पिला रंग का राशन कार्ड)/पूर्वरिक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड)/राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्डधारी हो।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति आवश्यक होगी
सारे दस्तावेज छायाप्रति (फोटो कॉपी) के साथ संलग्न की जायेगी

a) आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र।
b) आधार कार्ड।
c) आधार लिंक्ड बैंक खाता पासबुक। आवेदिका का सिंगल बैंक खाता होना चाहिए।
d) आवेदिका का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो।
e) राशन कार्ड।
e) पात्रता संबंधि घोषण पत्र

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा।

PR.NO.330443 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D

## जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा।

### सर्वजन पेंशन योजना से संबंधित विवरणी

| क्र० | योजना का नाम | उम्र एवं पात्रता | आवश्यक दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना | 60 वर्ष या अधिक के स्त्री/पुरूष<br>महिला तथा अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के आवेदक के उम्र 50वर्ष अथवा उससे अधिक।<br>अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के 50–59 वर्ष के आवेदक पुरूष के लिए जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य। | 1. आवेदन पत्र व फोटोग्राफ<br>2. मतदाता पहचान पत्र<br>3 आधार कार्ड<br>4.बैंक पासबुक<br>5.स्व0घोषणा पत्र (सरकारी/सार्वजनिक नौकरी नहीं करने व आयकर दाता नहीं होने के संबंध में)<br>❖ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र (विधवा स्त्री के लिए)<br>❖ दिव्यांगता प्रमाण पत्र (दिव्यांग लाभुक के लिए)<br>❖ ART/ARD दवा लेने संबंधी प्रमाण पत्र ( HIV/AIDS लाभुक के लिए) |
| 2 | मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना | 18 वर्ष या अधिक (विधवा/परित्यक्त महिला)/45 वर्ष या अधिक आयु की एकल महिला। | |
| 3 | स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना | 05 वर्ष या अधिक (40ः या अधिक दिव्यांगता) | |
| 4 | HIV/AIDS पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना | आयु सीमा की बाध्यता नहीं, किसी भी उम्र के HIV/AIDS से पीड़ित व्यक्ति | |
| 5 | मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना | व्यस्क विवाहित महिला (यदि व्यस्क विवाहित महिला न हो तो परिवार के पुरूष मुखिया) को देय। | |
| 6 | मुख्यमंत्री राज्य ट्रांसजेन्डर/तृतीय लिंग पेंशन योजना | ट्रांसजेन्डर/तृतीय लिंग संबंधि प्रमाण–पत्र जो उपायुक्त, महोदय के स्तर निर्गत किया जायेगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो। | |

❖ परित्यक्त महिला/ 45 वर्ष एकल महिला के संदर्भ में– ग्रामीण क्षेत्र में मुखिया एवं पंचायत सचिव तथा शहरी/नगरीय क्षेत्र के लिए वार्ड पार्षद एवं राजस्व उपनिरीक्षक का संयुक्त प्रमाण पत्र
❖ सभी पेंशन योजना में 1000 रूपये/प्रतिमाह देय।
❖ आदिम जनजाति समूह (PVTG)– (असुर, बिरहोर, बिरजिया, हिल–खरिया, कोरवा, परहिया, माल–पहाड़िया, सौरिया–पहाड़िया एवं सवर में से)

(विस्तृत जानकारी के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय एवं शहरी क्षेत्र के लिए अंचल अधिकारी के कार्यालय में संपर्क करें।

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा।

PR 330446 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
### Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/07/2024-25

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 01.08.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 02.08.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders:- 02.08.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- **1.** In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
**2.** In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Guard Room, Boring in Occupied I.P.S Quarter at Daltonganj, Palamu. | 3759500.00 | 75500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Steel Railing at Terrace of Family Judge and Chequered Tiles, Painting and Rain Water Shed Drain in Car Parking Area of Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 1293900.00 | 26000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 3. | Renovation of Commissioner, Palamu Chamber Court Room and Office Building at Daltonganj. | 2109100.00 | 42500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 4. | Renovation of F-02 Quarter in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 1136400.00 | 23500.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 5. | Installation of Steel Railing Work at Terrace of Civil Court Building, Palamu at Daltonganj. | 2444300.00 | 49000.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 6. | Construction of Boundary Wall of Panchkarma Training Cum Care Centre at Daltonganj, Palamu. | 3252600.00 | 65500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Installation of the View Blocker in the Boundary Wall of the Residence of Principal District & Session Judge, Palamu at Daltonganj. | 1974300.00 | 40000.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 8. | Construction of Vulnerable Witness Deposition Centre (VWDC) in Civil Court, Palamu Building at Daltonganj. | 1855000.00 | 37500.00 | 5000.00 | 01 Months |

**निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक हैः–**

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग –अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR.NO.330472 Building(24-25):D

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुर में तस्करी के लिए जमा 12 मवेशी हुए बरामद, कंटेनर लेकर तस्कर फरार

**फतेहपुर**। फतेहपुर में तस्करी के लिए एक जगह जमा कर रखे 12 मवेशी बरामद किया गया है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही मवेशी तस्कर कंटेनर लेकर हो मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मिली सूचना पर फतेहपुर थाना क्षेत्र के बरहोरिया गांव में त्वरित कार्रवाई करते हुए मवेशियों को बरामद की है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि बरहोरिया गांव के पास बड़े पैमाने पर मवेशियों को तस्करी कर ले जाने के लिए तस्करों द्वारा जमा किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधिकारियों व जवानों को कार्रवाई के लिए तत्काल बरहोरिया गांव भेजा गया। वहां पहुंचने पर एक ही जगह एक साथ बंधे 12 मवेशी पाया गया। उसे बरामद कर थाना लाया गया। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गया। इस कारण उनकी गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में तस्करों की पहचान व उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में पुलिस जुटी हुई हैं।

### एटीएम कार्ड बदल पैसे निकालने वाले गिरोह का शातिर गिरफ्तार

**गया**। एटीएम कार्ड बदलकर पैसा निकालने वाले गिरोह के एक सदस्य को रामपुर थाने की पुलिस ने धर दबोचा है। पकड़ा गया एटीएम चोर फतेहपुर थाना क्षेत्र के रजौंधा टोला मखदुमपुर का चंदन कुमार है। इसके पास से विभिन्न बैंकों का पांच एटीएम कार्ड, तीन फेवीक्विक, दो आधार कार्ड, एक मोबाइल व एक घड़ी बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था को लेकर गश्ती के क्रम में सूचना मिली कि आशा सिंह मोड़ के पास एटीएम बदलकर पैसा निकालने वाला गिरोह सक्रिय है। सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई के लिए आशा सिंह मोड़ स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम के पास पहुंचने पर एक लड़का पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से पकड़ा गया। पकड़ाये चंदन कुमार के पास से विभिन्न बैंकों का पांच एटीएम कार्ड, तीन फेवीक्विक, दो आधार कार्ड, एक मोबाइल व एक घड़ी बरामद हुआ है। पूछताछ में चंदन ने बताया कि इनका तीन लोगों का गिरोह है, जिनका काम बंटा हुआ है। एक लड़का एटीएम मशीन में फेवीक्विक डालता है। दूसरा एटीएम के बाह बाइक लेकर खड़ा रहता है एवं तीसरा लड़का एटीएम बदलने का काम करता है। इसकी निशानदेही पर गिरोह के दूसरे सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### दैनिक जनता दरबार में 14 फरियादी पहुंचे

**हिलसा**। अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को एसडीओ प्रवीण कुमार ने दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के 14 फरियादी अपनी-अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। एसडीओ ने सभी की समस्याओं को एक-एक कर सुना और निदान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। हिलसा थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उनकी खरीदगी जमीन पर धान रोपने में अकारण विवाद किया जा रहा है। एसडीओ ने धारा 129 के तहत वारंट जारी करने का निर्देश दिया। एकंगरसरय प्रखंड की सरिता देवी ने बताया कि उनकी नापी की गयी जमीन पर विपक्षी द्वारा कब्जा नहीं होने दिया जा रहा है। एसडीओ ने कार्रवाई का निर्देश दिया।

# शादी को लेकर 2 पक्षों के बीच मारपीट, 3 राउंड फायरिंग के बाद पहुंची पुलिस

## नाबालिग समेत 4 को पकड़ा, हथियार-कारतूस बरामद

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की इस्लामपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट मामले में नाबालिग समेत 4 लोगों को पकड़ा है। इसमें परवलपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी विश्वनाथ चौहान का बेटा छोटे चौहान, उमेश चौहान का बेटा जितेंद्र कुमार, कारु चौहान का बेटा पिंटू कुमार और 1 नाबालिग शामिल है।द हिलसा डीएसपी टू इस्लामपुर गोपाल कृष्ण ने बताया कि इस्लामपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि वीर कुंवर गांव में शादी विवाह की बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई। इसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जहां से लावारिस हालत में घटनास्थल के पास से एक देसी कट्टा और एक खाली कारतूस बरामद किया गया।घटनास्थल से 4 लोगों को पकड़ा गया है। स्थानीय चौकीदार के फर्द बयान पर इस्लामपुर थाना में कांड दर्ज किया गया। इसमें यह बात सामने आई की शादी विवाह की बात को लेकर लड़की पक्ष के अरुण चौहान और लड़का पक्ष के छोटे चौहान के बीच मारपीट के क्रम में गोली चली है। इस मामले में कुल 5 लोगों को आरोपित कर कांड दर्ज किया गया। DSP ने बताया कि इस्लामपुर थाना क्षेत्र के वीर कुंवर गांव निवासी अरुण चौहान की बेटी और परवलपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी छोटे चौहान का बेटा



एक साल पहले घर से भाग कर शादी रचाया था। लड़का-लड़की आपस में पहले से रिश्तेदार थे। इन्हीं बातों को लेकर दोनों परिवारों के बीच हमेशा विवाद हुआ करता था। घटना में शामिल फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। दोनों पक्ष के बीच करीब 3 राउंड फायरिंग की बात सामने आई है। छापेमारी टीम में दारोगा संजय कुमार मिश्रा, प्रशिक्षु दारोगा हरिनंदन कुमार,अरुण कुमार राय एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहीं।

## सिस्टम पर बच्चों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर एमडीएम के अनाज व राशि का हो रहा गबन

निज संवाददाता। गया

गया जिले में इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम पर बच्चों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर एमडीएम के चावल व पैसों का गबन हो रहा है। जांच के बाद इस योजना में अनियमितता बरतने वाले दो हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया है और तीन के विरूद्ध राशि वसूली के निर्देश दिए गए हैं। कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पटना को गया जिले के विद्यालयों में एमडीएम में अनियमितता बरते जाने की मिली शिकायत पर जांच कराई गई। उसके बाद ये कार्रवाई हुई। टिकारी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय घंघैला और कोंच प्रखंड के प्रा.वि. डिहुरी के हेडमास्टर ने इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम में इंट्री कराई कि 20 जून उनके स्कूल में 146 बच्चों ने भोजन किए हैं। लेकिन जब इसकी जांच हुई तो पता चला कि उस तिथि को विद्यालय में भोजन बनाया ही नहीं गया था। उसके बाद दो हेडमास्टरों को सस्पेंड कर दिया है और तीन से राशि वसूली के निर्देश दिए गए हैं। घंघैला के एचएम ने आईवीआरएस में उस तिथि को लाभान्वित बच्चों की संख्या 50 और डिहुरी से 96 दर्ज कराई गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों हेडमास्टरों को 67 हजार 250 रुपए एमडीएम गया के अकाउंट में जमा करने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह मध्य विद्यालय कुशा, शेरघाटी ने भी पोर्टल पर 160 बच्चों की



उपस्थिति की गलत सूचना दी। गुरुआ प्रखंड के मिडिल स्कूल गौशपुर के विरूद्ध मिली शिकायत के आलोक में जांच की गई। इस दौरान बच्चों ने कहा कि मध्याह्न भोजन में चावल कम दिया गया और सब्जी में अधिक पानी मिला दिया। साथ ही विद्यालय में एमडीएम का रजिस्टर भी नहीं मिला। इस संबंध में प्रभारी हेडमास्टर ने स्पष्टीकरण का जवाब देना भी उचित नहीं समझा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पीएम पोषण योजना ने प्रभारी हेडमास्टर के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा डीपीओ स्थापना से की है। टनकुप्पा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नौआखाप में किचन शेड की मरम्मत होने के चलते यहां नौ से दस दिनों तक एमडीएम का संचालन नहीं किया गया। लेकिन विभिन्न तिथियों को आईवीआरएस में 18 जुलाई को भोजन करने वाले बच्चों की संख्या 59, 16 को 49, 15 को 56, 13 को 59, 12 को 72, 11 को 63, दस को 67, नौ को 67, आठ को 44 और छह जुलाई को 57 लाभान्वित छात्रों की उपस्थित दर्ज कराई गई।

### उपेक्षा के शिकार राज्य के अनुदानित शिक्षण संस्थान

**हरनौत**। शिक्षक कर्मियों को अनुदान के बदले वेतन, सात वर्षों के बकाया अनुदान का एकमुश्त भुगतान, अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के कोड संबद्धता निलंबन का आदेश निरस्त हो, अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के परीक्षा 2026 पंजीयन पर से रोक हटे, वित्तरहित अनुदानित शिक्षाकर्मियों की सेवानिवृति आयु सीमा पांच वर्ष बढ़ाई जाए और सेवानिवृति के बाद पेंशन व अन्य सुविधाएं मिले जैसी मांगों को लेकर वित्तरहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आगामी 25 जुलाई को विधानमंडल के समक्ष महाधरना दिया जायेगा। मोर्चा के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ उपेंद्र कुमार सिन्हा, जिलाध्यक्ष डॉ संगीता कुमारी, महासचिव विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन के बाद भी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे शिक्षाकर्मी आंदोलन को बाध्य हैं। बिहार सरकार ने घोषणापत्र में वित्तरहित शिक्षा नीति को पूर्णतः समाप्त कर समस्याओं के स्थायी समाधान कर न्याय के साथ विकास की बात कही। लेकिन वह धरातल पर नहीं उतर सकी। शिक्षा विभाग उपेक्षा का शिकार है।

# गया में अविवाहित मृतक की बेटी बन जमीन की डील, भू-माफिया के नाम पर रजिस्ट्री करवाया

निज संवाददाता। गया

गया में एक युवती ने मृत शख्स की बेटी बनकर करोड़ों की जमीन को भू-माफिया के नाम पर रजिस्ट्री करवा दी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है। चाकन्द थाने की पुलिस ने इसका खुलासा किया है। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश



कर रही है।इ घटना शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर चाकन्द थाना क्षेत्र के बारा गांव की है। बारे गांव निवासी अफरोज आलम का कहना है कि उनका एक भाई मो. मासूम जो दिव्यांग और अविवाहित था। उसकी 2021 में मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद हमलोग दिल्ली कमाने चले गए थे। इस बीच भू-माफियाओं ने गांव की ही एक लड़की साबरीन बानो को मो. मासूम की बेटी बनाकर उसके हिस्से की जमीन रजिस्ट्री करा ली। **आज सुबह पुलिस ने आरोपी को दबोचा**: मो. मासूम की बेटी होने का फर्जी दस्तावेज भी रजिस्ट्री कार्यालय में पेश किया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी। इसके बाद हम सभी दिल्ली से वापस गया आए। रजिस्ट्री विभाग में दौड़-भाग किया तो मामला सही निकला। इस पर अफरोज आलम ने चाकन्द थाने में केस दर्ज कराया।

TATA
TATA STEEL
झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
WORLD'S STRONGEST HOTEL BRAND 2024
TAJ
INDIA'S STRONGEST BRAND 2024

भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क, रांची में निर्मित
BILLION IMPRESSIONS
का उद्घाटन कार्यक्रम
24 जुलाई, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे | भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क, रांची


नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार तथा
The Indian Hotels Company Ltd. (A TATA Enterprise) के बीच
ताज होटल के निर्माण हेतु
MoU हस्ताक्षर कार्यक्रम
24 जुलाई, 2024 | अपराह्न 01:30 बजे | प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची



मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री हफीज़ुल हसन
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग,
पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री टी० वी० नरेन्द्रन
सी.ई.ओ. एण्ड एम.डी., टाटा स्टील



PR No. 330503 / IPRD / 2024-25
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

# बिहार लोक शिकायत अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की हुई सुनवाई

निज संवाददाता

**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत 06 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें से 02 मामलों का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। द्वितीय अपीलवाद थाना-सिरदला, पोस्ट-लौंद, ग्राम-लौंद के शंभु प्रसाद द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था। आवेदन के संबंधित पदाधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त द्वितीय अपील प्राधिकार के पास जांच प्रतिवेदन पेश किया गया, जिसके अनुसार आज प्रश्नगत मामले की सुनवाई अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार के समक्ष की गई जिसमें किये गए शिकायत का निवारण कर दिया गया। परिवादी थाना एवं प्रखंड-रजौली, पो0-वंशगोपाल, ग्राम-परमचक के अवध किशोर प्रसाद द्वारा ऑनलाईन आवेदन दिया गया था, जिसमें विद्युत से संबंधित शिकायत की गई थी। संबंधित पदाधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त द्वितीय अपील प्राधिकार के पास जांच प्रतिवेदन पेश किया गया, जिसके अनुसार आज प्रश्नगत मामले की सुनवाई अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार के समक्ष की गई जिसमें किये गए शिकायत का निवारण कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले का दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दिया जाता है। प्रखंडों/पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई और निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर किया जा सकता है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायत/अपील किया जा सकता है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समाधान पाएं।



## एक नजर


### कृषि स्नातक के 13 विद्यार्थी कृषि के प्रतिष्ठित कंपनी में चयनित

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट के तीसरे चरण में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के 13 विद्यार्थियों का चयन कृषि क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी एग्रोस्टार में कृषि सलाहकार के पद हुआ है। संस्थान के निदेशक डॉ. एच. के. सिंह ने बताया कि एग्रोस्टार जैसी कंपनी में संस्थान के छात्रों का चयन होना छात्रों के साथ साथ संस्थान के शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। प्रो. सिंह के अनुसार अभी तक 45 छात्रों का चयन कई नामी और प्रसिद्ध कंपनी में हो चुका है। इस अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्याल के कुलपति डॉ. एम.के. सिंह, प्रति कुलपति डॉ. जगदीश सिंह, सचिव गोविन्द नारायण सिंह तथा विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ मेंबर मोनिका सिंह ने खुशी व्यक्त की तथा संस्थान के शिक्षकों को बधाई दी। संस्थान के प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. ए. के. सिंह ने चयनित छात्रों के साथ साथ प्लेसमेंट सेल के सदस्यों डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. नितेश कुमार सिंह एवं डॉ. विकाश सिंह, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह डॉ. सभाजीत पाल और डॉ. वरुण मिश्रा के कार्यों की भी सराहना की तथा आने वाले दिनों में अधिक से अधिक छात्रों को कई नामी कंपनियों में चयन दिलाने का भरोसा भी दिलाया।

### 10 अगस्त से खिलाई जाएगी एमडीए के तहत फाइलेरिया रोधी दवा

**संझौली (रोहतस) (नि. सं.)।** प्रखंड स्थित बीआरसी में मंगलवार की 10 अगस्त से फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर शुरुआत की जा रही अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीईओ परवेज आलम ने की। इस बैठक में प्रखंड के बिभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने भाग लिया। बताया गया कि 17 दिन तक चलने वाला फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सभी को दवा खिलाए। सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में दल बनाकर निशुल्क दवा खिलाई जाएगी। ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन घर-घर जाकर लोगों को फैमिली रजिस्टर के अनुसार दवा खिलाएंगे। बताया गया कि सर्वजन दवा सेवन के दौरान एल्बेंडाजोल व डीईसी की दवा सेवन को लेकर लोगों को प्रोत्साहित करें। पीसीआई से एसएमसी ज्योति सुमन ने बताया कि 10 अगस्त से मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलेगा। जिसके तहत लोगो को फाइलेरिया रोधी दवा निशुल्क खिलाई जाएगी। इसके अलावा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पर जोर दिया गया। मौके पर बीपीएम रवि कुमार, प्रधानाध्यापक आस पूजन, मनोज कुमार गुप्ता, सुनील कुमार सहित दर्जनों मौजूद थे।

### त्रिविक्रम नारायण सिंह ने बताया आम जनता और व्यवसायियों के लिए लाभकारी



**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत आम बजट की सराहना करते हुए भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा है कि यह बजट आम लोगों के हित में है। उन्होंने कहा कि इस बजट से जहां करदाताओं को राहत मिल रही है वहीं रोजगार की व्यापक संभावनाएं बढ़ रही हैं। बजट की तारीफ करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मध्यम वर्ग को इसका सीधा लाभ मिलेगा और व्यवसाय के क्षेत्र में काफी अवसर बढ़ेंगे। मुद्रा लोन की राशि पांच लाख रुपये से बढ़ा कर दस लाख रुपये किए जाने की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के क्षेत्र में छोटे-छोटे व्यवसाईयों को काफी सहायता प्राप्त होगी। सुरक्षा, शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्रीय बजट काफी माकूल प्रभाव छोड़ेगा।

# डेहरी को जिला बनाने की मांग के लिए टीम डेहरियंस की एक और पहल

निज संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)।** डेहरियंस के सदस्यों ने जिले के नासरीगंज, गोरारी प्रखंड और इतिम्हा में जा कर वहा घूम-घूम कर डेहरी को जिला बनाने के फायदे और आर्थिक मजबूती से संबंधित बातों को नुक्कड़ सभा करके स्थानीय जनता को विस्तृत रूप से बताया प्रखंड के अंतर्गत कई गांव में टीम डेहरियंस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रस्तावित डेहरी को जिला बनाने के लिए मुख्य बाजार चौक चौराहे पर नुक्कड़ सभा करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाया। ज्ञात हो की आठ प्रखंड को जोड़कर जिसमें नौहाटा, रोहतास, तिलौथू, डेहरी, अकोदीगोला, नासरीगंज, राजपुर, और काराकाट को शामिल किया गया है जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता ने भी इस में टीम को भरपूर सहयोग देने के लिए अस्वस्थ किया चौक चौराहे पर पोस्टर, पर्चा, प्रस्तावित नक्सा का स्टिकर एवं बैनर लगाया गया वही आपको बता दे की डेहरी आज भी बिहार के 21 जिला मुख्यालय से बड़ा है डेहरी क्षेत्रफल में बिहार का 11वां और जनसंख्या में 18 वा सबसे बड़ा शहर है इसी मुद्दे को लेकर के टीम डेहरियंस का कहना है कि इससे कम जनसंख्या एवं छोटे जगह वाले कई शहरों को कुछ साल पहले से ही जिला का दर्जा दिया जा चुका है। टीम डेहरियंस ने अभी हाल ही में कुछ दिनो पहले राजपुर प्रखंड समेत अन्य कई गांव में भी इसी तरीके के एक नुक्कड़ सभा किया था जिसमें लोगों के तरफ से भी बढ़ चढ़कर साथ देने के साथ सकारात्मक आश्वासन दिया गया था टीम डेहरियंस संगठन के द्वारा सदैव डेहरी को जिला बनाने की मांग को लेकर के निरंतर प्रयास में लगी हुई है विगत वर्ष टीम डेहरियंस के लोगों ने 10000 लोगों के हस्ताक्षर लेकर मंत्रालय भी भेजने का कार्य किया था और साथ ही साथ कई अन्य राजनेता एवं सम्बंधित आला अधिकारियों से मिलकर उनको ज्ञापन सौंप कर डेहरी को जिला बनाने की बात रखी। कथित तौर पर सभी ने सकारात्मक आश्वासन दिया है वहीं इसी मौके पर आर के सिंह,अमित कुमार, विकास कुमार, अनिल गुप्ता, शशांक केतन, मोहन सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, बैजनाथ समेत अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्पाद विभाग के एक पुलिसकर्मी को शराब माफियाओं ने दिनदहाड़े मारी गोली

निज संवाददाता



**सासाराम।** बिहार में शराब माफियाओं के हौसले इन दोनों बुलंद हैं। आए दिन शराब माफिया बेखौफ होकर पुलिस टीम पर हमले कर रहे हैं और पुलिसकर्मियों के घायल होने के साथ-साथ शराब तस्करों को छुड़ाने का भी मामला सामान्य तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रतीत होता है कि शराब माफियाओं में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है और वे अपने मंसूबों को धड़ल्ले से अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। ताजा मामला रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में देखने को मिला है। जहां नगर निगम सासाराम क्षेत्र के तारगंज में अवैध शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की पुलिस टीम पर मंगलवार को दिनदहाड़े शराब माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक पुलिसकर्मी को गोली लग गई, जिसे आनन-फानन में सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि मंगलवार को तकरीबन 10 बजे के समीप उत्पाद विभाग की एक टीम अवैध शराब की सूचना पर तारगंज में छापेमारी करने पहुंची थी तभी शराब माफियाओं ने अचानक उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया। जिसमें एक पुलिसकर्मी के दाहिने हाथ में गोली लग गई। हमले के दौरान घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया तथा इसी क्रम में उत्पाद विभाग ने दो तस्करों को भी दबोच लिया। सूचना थी कि शराब माफियाओं द्वारा तारगंज में शराब की एक बड़ी खेप मंगाई गई है जिसको लेकर उत्पाद विभाग ने सूचना का सत्यापन करते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी करने पहुंच गई। लेकिन शराब माफियाओं ने भागने की बजाय उत्पाद विभाग की टीम पर हीं हमला बोल दिया जिसमें एक पुलिसकर्मी को हाथ में गोली लग गई। वहीं घटना के संदर्भ में उत्पाद निरीक्षक कपिल देव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की एक टीम तारगंज में छापेमारी करने गई थी। जहां शराब माफियाओं के हमले में एक पुलिसकर्मी को गोली लगी है। घायल पुलिसकर्मी गोविंद चौहान फिलहाल खतरे से बाहर बताए जाते हैं और उनका सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया की छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग ने घटना स्थल से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार करते हुए कुछ शराब भी बरामद किया है तथा घटना को लेकर करवंदिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इधर मामले में घायल पुलिसकर्मी का इलाज करने वाले डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि एक पुलिसकर्मी को हाथ में गोली लगने के कारण सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# स्टॉप डायरिया अभियान 2024 का जिलास्तरीय शुभारम्भ जनजागरूकता से डायरिया की रोकथाम

निज संवाददाता



**नवादा।** जिले में स्थित पंचायत भवन गोनावां, सदर प्रखंड नवादा में स्टॉप डायरिया अभियान-2024 का आज शुभारंभ किया गया। डायरिया से होने वाली मृत्यु को शून्य तक लाने के उद्देश्य पर बल देने के लिए इस महत्वपूर्ण अभियान को 22 सितंबर 2024 तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल ने किया। भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष इस अभियान को एक पखवाड़े से विस्तारित करते हुए 02 माह तक चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत डायरिया से बचाव, उसकी रोकथाम एवं उपचार हेतु संस्थान एवं समुदाय स्तर पर जनजागरुकता से संबंधित कई अहम गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के वृहद आयामों को ध्यान में रखते हुए 02 माह तक स्वास्थ्य विभाग सहित 06 महत्वपूर्ण सरकारी विभाग समन्वित एवं सक्रिय भूमिका निभाएँगे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. नीता अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान हमारे बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि आज भी डायरिया बाल मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। एक अनुमान के अनुसार राज्य में प्रति वर्ष लगभग 27 लाख बच्चे डायरिया से पीड़ित होते हैं जिन में से कईयों की जान चली जाती है। उन्होंने बताया कि डायरिया एक आसानी से ठीक होने वाली बीमारी है लेकिन इसके लिए इसकी ससमय पहचान, रेफरल एवं उपचार आवश्यक है। डायरिया के बारे में बताते हुए डॉ. अशोक कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी नवादा ने कहा कि डायरिया एक संक्रामक बीमारी है जो सामान्यतः जीवाणु या विषाणु के कारण होता है। यह बीमारी तब फैलती है जब कोई स्वस्थ व्यक्ति गंदे हाथों से भोजन करता है या संक्रमित व्यक्ति के मल में मौजूद रोगाणुओं से दूषित पानी या खाद्य पदार्थों का सेवन करता है। इसीलिए डायरिया के प्रसार को रोकने के लिए हमें खुले में शौच से परहेज एवं शौच के बाद एवं खाने से पहले अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना बहुत आवश्यक है साथ ही हमें दूषित पेयजल एवं खाद्य पदार्थों के सेवन से भी परहेज करना चाहिए। इस अवसर पर बताया गया कि इस अभियान के अंतर्गत, राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में जिंक ओ.आर. एस. कॉर्नर की स्थापना की जाएगी जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध रहेंगे। साथ ही, आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों वाले सभी परिवारों के घर ओ.आर. एस. के पैकेट वितरित किए जाएंगे। समारोह को संबोधित करते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी नवादा ने कहा कि डायरिया पर नियंत्रण के लिए 06 माह तक शिशु को केवल स्तनपान, पर्याप्त पूरक आहार और विटामिन-ए देने की आवश्यकता है। उन्होंने रोटा वायरस के टीकाकरण को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा की यदि बच्चे को डायरिया हो जाए तो जिंक- ओ.आर.एस. का प्रयोग असरकारी होता है। डायरिया के गंभीर मामलों के अस्पताल में उपचार की भी विशेष व्यवस्था होती है जहाँ इसके लिए विशेष वार्ड बनाए गए हैं उन्होंने डायरिया की रोक थाम के लिए सामूहिक प्रयासों एवं जन सामान्य में इसके प्रति जागरूकता फैलाने पर बल दिया। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी 06 सरकारी विभागों के साथ-साथ पंचायतराज संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से भी बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में भी स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया। इस शुभारंभ समारोह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर प्रखंड नवादा, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं अन्य सहयोगी संस्थाए सहित अन्य विभागों के जिला प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा यूनिसेफ एवं पिरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# आम बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने जन विरोधी बताया

निज संवाददाता

**सासाराम (बिक्रमगंज)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत आम बजट की सराहना करते हुए भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा है कि यह बजट आम लोगों के हित में है। उन्होंने कहा कि इस बजट से जहां करदाताओं को राहत मिल रही है वहीं रोजगार की व्यापक संभावनाएं बढ़ रही हैं। बजट की तारीफ करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मध्यम वर्ग को इसका सीधा लाभ मिलेगा और व्यवसाय के क्षेत्र में काफी अवसर बढ़ेंगे। मुद्रा लोन की राशि पांच लाख रुपये से बढ़ा कर दस लाख रुपये किए जाने की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के क्षेत्र में छोटे-छोटे व्यवसाईयों को काफी सहायता प्राप्त होगी। सुरक्षा, शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्रीय बजट काफी माकूल प्रभाव छोड़ेगा। श्री सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा बिहार में सड़कों के निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों हेतु सहायता राशि उपलब्ध कराने की घोषणा के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार प्रकट किया है।वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी आम बजट 2024-25 को बीजेपी के वरिष्ठ नेता व काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला बताया है। कहा आम बजट 2024-25 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। इसमें अंत्योदय की पावन भावना, विकास की असीम संभावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि है।इस बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत समाज के सभी तबकों के समग्र विकास का संकल्प, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दृष्टि और वंचित को वंचना से मुक्त कराने का रोडमैप है।मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नए प्राविधानों की घोषणा स्वागत योग्य है। 'नए भारत' को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और विश्व का ग्रोथ इंजन बनाने का मार्ग प्रशस्त करते इस लोक-कल्याणकारी बजट के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार एवं. केंद्रीय वित्त मंत्री जी का हार्दिक अभिनंदन किया है। जबकि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली पूर्णकालिक बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय 'एलौन' ने कहा कि इसबार भी बजट में देश के लग्भग 18 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों के साथ धोखा किया गया है एवं उनकी उपेक्षा की गई है।सरकार द्वारा वे एकबार फिर से छले गए है।इस बजट से तो वरिष्ठ नागरिकों को ही गायब कर दिया गया है, उनका जिक्र भी नही किया गया है। एनडीए सरकार की तीसरी कार्यकाल में उम्मीद थी कि बन्द की गई रेल किराया छूट की पुनः बहाली, वरिष्ठ नागरिकों व पेंशनरों को आयकर से मुक्त रखने की बहुप्रतीक्षित मांगों पर बजट में घोषणा की जाएगी लेकिन हमे सिर्फ निराशा हाथ लगी है। कहा कि एक तरफ दुनिया भर के देश अपने वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त सुविधाएं दे रहे है वही हमारी सरकार पहले से मिलने वाली सुविधाओं में कटौती करती जा रही है।श्री एलौन ने रेल किराया छूट बहाली,वृद्धापेंशन में बढ़ोतरी सहित वरिष्ठ नागरिकों की हकों की रक्षा के लिए संगठन के संघर्ष को जारी रखने की बात दोहराई है। मंगलवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में बिहार को विभिन्न योजनाओं के तहत 58900 करोड़ रुपये का सौगात मिलते ही अब बिहार में विकास कार्य के चार-चांद लगने की उम्मीद जग गई है। इनमें से 26 हजार करोड़ रुपये का फंड बिहार के अंदर सड़कों का जाल बिछाने के लिए, राज्य में तीन एक्सप्रेसवे बनाने के लिए बजट पेस राशि खर्च होगी। वही बजट पारित होने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री अर्थशास्त्री डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में बिहार में बाढ़ नियंत्रण के लिए 11500 करोड़ सहित पावर प्लांट के लिए 21400 करोड़ रुपये जारी की गई है।

# बाराटांड़ के शेर क्लब ने झारखण्ड में जीता कप और नगद पुरस्कार

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** मुस्लिम समुदाय का त्योहार मुहर्रम के समाप्ति के बाद झारखंड राज्य के कई जिलों में मुहर्रम के अवसर पर अखाड़ा प्रतियोगिता का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में कोडरमा जिला के डोमचांच थानाक्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा कमिटियों के द्वारा अखाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें रजौली प्रखंड के सवैयाटांड़ पंचायत अंतर्गत बाराटांड़ के शेर क्लब बाराटांड़ ने विभिन्न कमिटियों के द्वारा आयोजित अखाड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे आसपास के इलाकों में खुशी की लहर देखी जा रही है। शेर क्लब के संयोजक अख्तर अंसारी ने बताया कि शेर क्लब लगभग 45 साल पुराना क्लब है और हमेशा झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर अपना खेल का प्रदर्शन करता रहा है। लेकिन जो प्रदर्शन अभी के खिलाड़ियों के द्वारा किया जा रहा है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। शेर क्लब लगातार बढ़ियां प्रदर्शन कर जिला और गांव का नाम रोशन कर रहे है। हम सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। वहीं शेर क्लब के कप्तान सनाउल अंसारी ने बताया कि अभी तक हमलोग झारखंड राज्य के डोमचांच के डुमरडीहा, रघुनियाडीह और पांडेडीह में आयोजित अखाड़ा खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और तीनों अखाड़ा खेल प्रतोयोगिता में प्रथम स्थान लाया और पुरस्कार कब रूप में कप, वासिंग मशीन, कूलर और लगभग 51000 हजार रुपया का नगद पुरस्कार भी मिला है।जीत कर वापस गांव आने पर लोगों ने अपने खिलाड़ियों का ढ़ोल एवं नगाड़े के साथ स्वागत किया है।

# लोहिया विचार मंच के संयोजक संजय ने शहाबाद व मगध क्षेत्र के विधायकों को लिखा पत्र

- **संयोजक संजय ने कहा कि जब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होगा मेरी लड़ाई जारी रहेगी। एक तरफ सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है।**

निज संवाददाता

**राजपुर (रोहतास)।** लोहिया विचार मंच के संयोजक संजय कुमार सिंह ने शहाबाद व मगध क्षेत्र के आधा दर्जन विधायकों को मंगलवार को पत्र सौंप कदवन जलाशय परिवर्तित नाम इंद्रपुरी जलाशय निर्माण कार्य पूर्ण कराने को ले विधानसभा में आवाज़ उठाने की गुहार लगाई। जिस पर विधायकों ने जनहित के मुद्दे को विधानसभा में सरकार के समक्ष गम्भीरता से रखने का आश्वासन दिया। लोहिया विचार मंच के संयोजक द्वारा शहाबाद व मगध क्षेत्र के जिन जिन विधायकों से पटना में मुलाकात कर पत्र सौपा है उसमें पूर्व मंत्री सह नोखा विधायक अनिता देवी,डिहरी विधायक फतेह बहादुर, काराकाट विधायक अरुण कुमार, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, घोषी विधायक रामबली सिह तथा आलोक मेहता का नाम शामिल हैं। विधायक को दिए गए पत्र में कहा गया है कि इंद्रपुरी जलाशय परियोजना का निर्माण न होने के चलते सोन नहर को 9000 क्यूसेक ही पानी मिल पा रहा है। उक्त परियोजना का निर्माण हो गया तो नहरो को 27हजार क्यूसेक पानी मिलने लगेगा।जिससे शहाबाद व मगध का क्षेत्र अकाल सुखाड से मुक्त हो जाएगा। बावजूद भी सरकार चुप है। इंद्रपुरी जलाशय परियोजना का निर्माण हो जाने से इन क्षेत्रों के नहरों को पर्याप्त मात्रा पानी मिलने लगेगा। मालूम हो कि लोहिया विचार मंच के संयोजक संजय कुमार सिंह ने इससे पूर्व भी शहाबाद व मगध परिक्षेत्र का दौरा कर इस लड़ाई को लड़ते चले आ रहे हैं। संयोजक संजय ने कहा कि जब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होगा मेरी लड़ाई जारी रहेगी। एक तरफ सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है। वहीं दूसरी तरफ सन 1989मे तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा कदवन जलाशय परियोजना की मंजूरी दिया गया था। लेकिन उनके बाद की सरकार जो पहल करना चाहिए वो नहीं कर पाई। जिससे यह अतिमहत्वपूर्ण योजना अधर में लटका हुआ है। जो बड़े ही शर्म की बात है।

# जिम संचालक हत्या कांड में फरार लोस प्रत्याशी सह जीप सदस्या की गिरफ्तारी को ले पुलिस ने दूसरे दिन भी किया घर की कुर्की

- **कुर्की जब्ती को देखने के लिए गांव वालों का हुजूम सा जुट गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि जिम संचालक के हत्या कांड के प्राथमिकी अभियुक्त पश्चिमी जिला पार्षद प्रियंका प्रसाद घटना के बाद से ही फरार चल रही है।**

निज संवाददाता



**नासरीगंज(रोहतास)।** थाना क्षेत्र के अमियावर गांव निवासी जिम संचालक अतुल उर्फ आदित्य श्रीवास्तव के हत्या कांड के प्राथमिकी अभियुक्त लोस प्रत्याशी सह जिला पार्षद प्रियंका प्रसाद फरार चली रही हैं। अभियुक्त के फरार होने पर पुलिस ने सोमवार के देर शाम के बाद मंगलवार को दूसरे दिन भी कुर्की जब्ती की कारवाई को जारी रखा और दबिश बनाने के लिए घर की कुर्की की गई। इस दौरान पुलिस ने घर में रखे सामान को जब्त कर पुलिस ट्रैक्टर के ट्राली पर लादकर थाना ले आई। कुर्की की कारवाई से गांव में हड़कंप मच गया। कुर्की जब्ती को देखने के लिए गांव वालों का हुजूम सा जुट गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि जिम संचालक के हत्या कांड के प्राथमिकी अभियुक्त पश्चिमी जिला पार्षद प्रियंका प्रसाद घटना के बाद से ही फरार चल रही है। पुलिस को कई दिनों से उनकी तलाश है। गौरवतलब हो कि जिम संचालक की हत्या 29 जून को नगर के कब्रिस्तान के समीप झंझरिया पुल पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के छोटा भाई ने पश्चिमी जिला पार्षद प्रियंका प्रसाद उनके पति बालू कारोबारी गांधी चौधरी सहित कुल आठ लोगो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी के दो आरोपी और अप्राथमिकी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही एक आरोपी अजय चौधरी ने कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया है।बताते चले की बालू माफिया गांधी चौधरी दर्जनों संगीन कांडो का अभियुक्त है। मौके पर एसआई बैजनाथ कुमार, भूषण पासवान, एएसआई रामकुमार, विनोद कुमार, अभिनाश कुमार, विनोद कुमार राम, देवी प्रसाद, अनिता देवी, पीटीसी अश्विनी कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# 15 अगस्त 2024 की तैयारी को लेकर हुई बैठक डीएम ने दिया आवश्यक निर्देश

- स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी कार्यालय परिसरों में पौधरोपण किया जायेगा। शिक्षा विभाग के द्वारा प्रभातफेरी निकाली जायेगी।
- स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में होगा।
- नवादा जिले की स्थापना 1973 में हुई थी। नवादा जिले के स्थापना के अवसर पर झंडोतोलन के अलावे कई कार्यक्रम कराये जायेंगे।



निज संवाददाता

**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा के अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। नवादा जिले की स्थापना 1973 में हुई थी। नवादा जिले के स्थापना के अवसर पर झंडोतोलन के अलावे कई कार्यक्रम कराये जायेंगे। सभी कार्यालयों के साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। सभी सरकारी कार्यालयों को आकर्षक प्रकाश से सुसज्जित करने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी कार्यालय परिसरों में पौधरोपण किया जायेगा। शिक्षा विभाग के द्वारा प्रभातफेरी निकाली जायेगी। 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में होगा। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् को निर्देश दिये कि मुख्य समारोह स्थल के अलावे शहर के सभी सड़कों, गलियों एवं शहर के प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई तथा पानी निकासी की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। हरिश्चन्द्र स्टेडियम में पशुओं और निजी वाहनों को आने-जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी भवन प्रमंडल नवादा को दिया गया। प्रजातंत्र द्वार पर स्थित जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा, भगत सिंह चौक पर भगत सिंह की प्रतिमा, समाहरणालय गेट पर स्थित भीम राव अम्बेदकर की प्रतिमा, इंदिरा चौक पर स्थित इंदिरा गॉधी की प्रतिमा, आरएमडब्लू कॉलेज परिसर में स्थित श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में महात्मा गॉधी की प्रतिमा आदि की साफ-सफाई कराने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को दिया गया। झंडोतोलन हेतु प्लेटफार्म एवं ध्वज दंड की मरम्मति करने का और सम्पर्क पथ पर मोरम बिछाने की व्यवस्था कार्यपालक अभियंता भवन पथ प्रमंडल, जिला खनन पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता नवादा, उप विकास आयुक्त नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, गोपनीय प्रभारी, डीसीएलआर नवादा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के साथ-साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिजली की लचर आपूर्ति से आक्रोशित जोरावरडीह के ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल में इन दिनों बिजली वयवस्था काफी दयनीय हो चुकी है। हाल ये है कि लोगों को मुश्किल से दो-तीन घण्टे भी बिजली सही से नहीं मिल पा रहे हैं। जिससे लोग कभी-कभी प्यास बुझाने के लिए पानी को तरस रहे हैं। ऐसे में अब ग्रामीणों द्वारा इस लचर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठानी शुरु कर दी गई है। मंगलवार को प्रखण्ड के जोरावरडीह गांव के ग्रामीणों ने लचर विद्युत व्यवस्था से आक्रोशित होकर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कौआकोल-रोह,रूपौ मुख्य पथ को जोरावरडीह गांव के पास जाम कर यातायात सेवा बाधित कर दिया। जिससे कई घण्टों तक आवागमन बाधित हो गया। ग्रामीणों का कहना था कि इस गांव में पिछले कई दिनों से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है। विभाग को सूचना देने के बाद भी आज तक ट्रांसफॉर्मर बदला नहीं गया है। जिससे गांव में बिजली आपूर्ति ठप है। जिसके कारण लोग भीषण गर्मी की तपिश झेलने के साथ साथ बून्द बून्द पानी के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बच गया है। वहीं सड़क जाम छुड़ाने पहुंचे पुलिस के साथ भी ग्रामीणों द्वारा नोंक-झोंक की बात सामने आ रही है। बरहाल पुलिस अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद एवं विभाग के अधिकारियों के 24 घण्टे के अंदर ट्रांसफॉर्मर बदलने के आश्वासन के बाद सड़क जाम को किसी तरह हटाया गया। तब जाकर यातायात सेवा बहाल हो सकी।

## अस्पताल के तर्ज पर अनुमंडलीय अस्पताल में भी होना चाहिए सुदृढ़ीकरण




निज संवाददाता

**रजौली (नि.सं.)।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल को कागजों पर ट्रामा सेंटर बना दिया गया है। किन्तु सुविधाएं के नाम पर अस्पताल आनेवाले मरीजों को ठगने का काम किया जा रहा है।इसकी शिकायत दूरभाष सिविल सर्जन नवादा डॉ. नीतू अग्रवाल से भी किया गया था। वहीं बीते शनिवार को जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार से अनुमंडलीय अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था से अवगत कराया गया था। जिसको लेकर जिला प्रभारी मंत्री द्वारा डीडीसी नवादा दीपक कुमार मिश्रा को अस्पताल का निरीक्षण कर व्याप्त असुविधाओं को दूर करने को निर्देशित किया गया था। उसके बावजूद अस्पताल के हालात अबतक नहीं सुधरे हैं। अस्पताल में पीकू वार्ड बन्द पड़े धूल खा रहे हैं। जिससे नवजात शिशुओं से लेकर किशोर व किशोरियों के इलाज में कठिनाई हो रही है। अस्पताल में ब्लड बैंक, अल्ट्रासाउंड, रेडियोलॉजिस्ट से लेकर सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ समेत अन्य प्रकार के चिकित्सकों तक की घोर कमी है। नगर पंचायत के बभनटोली निवासी समाजसेवी रंजीत सिंह कहते हैं कि रजौली एन.एच-20 के किनारे अवस्थित है, वहीं रजौली से तिलैया घाटी नजदीक है।सड़क दुर्घटना से घायल मरीजों के बेहतर इलाज हेतु ट्रामा सेंटर की व्यवस्था की गई है। किंतु अस्पताल की दुर्दशा ऐसी है कि अस्पताल आने वाले दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का प्राथमिक इलाज कर तुरंत रेफर कर दिया जाता है। स्वास्थ्य सेवाएं मूलभूत सेवाओं के अंतर्गत आता है, इसके लिए जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल को सुदृढ़ करने के साथ-साथ ट्रामा सेंटर कहे जाने वाले अनुमंडलीय अस्पताल रजौली को भी सुदृढ़ करना अति आवश्यक है। अस्पताल आने वाले मरीजों को सेवाओं के नाम पर सिर्फ ठगा जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि ग्रामीण दलालों के बहकावे में आकर रजौली में खुले दर्जनों अवैध नर्सिंग होम में जाकर अपना आर्थिक और मानसिक दोहन करवाने को मजबूर हैं। साथ ही बताया कि स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का निपटारा निचले स्तर से बेहतर होने पर शीर्ष संस्थानों पर मरीजों का बोझ भी कम हो पाता।

## हल्का में आयोजित राजस्व कैम्प में आए 54 आवेदन

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** नवादा डीएम आशुतोष कुमार वर्मा के निर्देश पर इन दिनों प्रत्येक राजस्व हल्का में राजस्व कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कौआकोल अंचल के कौआकोल हल्का में राजस्व कैम्प का आयोजन किया गया। प्रभारी राजस्व अधिकारी सह राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू की देखरेख में आयोजित राजस्व कैम्प में आधार सीडिंग से सम्बंधित 50 जबकि दाख़िलखारीज से सम्बंधित पांच आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व



कर्मचारी ने बताया कि सभी मामलों में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## चौदह महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में परिवार कल्याण पखवाड़े के तहत मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डा. नवीन कुमार ने महिलाओं को बंध्याकरण की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न गांवों के चौदह महिलाओं को बंध्याकरण किया।

## 133 छात्रों के बीच टीएलएम किट का हुआ वितरण

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भट्ट बिगहा में विद्यालय में मंगलवार को टीएलएम किट का वितरण कार्यक्रम हुआ। आयोजित कार्यक्रम में ई -शिक्षा कोष के तहत आनलाइन नामंकित छात्र व छात्राओं को टीएलएम किट उपलब्ध कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र चौहान ने छात्र व छात्राओं को टीएलएम किट दिया। इस मौके पर कक्षा एक से आठवीं तक के ई-शिक्षा कोष के तहत आनलाइन नामंकित 133 छात्र व छात्राएं को टीएलएम किट दिया गया। ई -शिक्षा कोष के तहत आनलाइन है, शेष छात्रों को जल्द आनलाइन नामांकन करने के लिए कहा गया है।

## रजौली पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया, दी गई कड़ी हिदायत

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के निर्देश पर एसआई सत्येंद्र सिंह ने चौक-चौराहों पर वाहन जांच अभियान चलाया। बजरंगबली चौक और पुरानी बस स्टैंड के समीप पर अभियान चलाए जाने से बाइक चालकों के बीच हड़कंप मच गया। प्रत्येक आने जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान बिना हेलमेट एवं ट्रिपल लोडिंग कर फर्राटा भर रहे बाइक चालकों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आई है। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया। दूर से ही पुलिस को वाहनों की जांच करता देखकर कई बाइक चालकों ने पतली-गली से निकल लेना ही बेहतर समझा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिससे क्राइम पर कंट्रोल किया जा सकता है। यातायात के नियम के पालन से ही सड़क दुर्घटना को रोका जा सकता है। दरअसल कई युवक 18 वर्ष नीचे ही पढ़ने की उम्र में ही तेज स्पीड बाइक चलाते हैं, जिससे दुर्घटना का आशंका का बनी रहती है।

### पूर्व मध्य रेल
### ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं.- टी.एम. ई-निविदा ओपेन/02/24-25 दिनांक: 18.07.2024.

उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, मुगलसराय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई-निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

ई-निविदा बंद होने की तिथि : 19.08.2024

1. निविदा केस सं.- कार्य का नाम एवं लोकेशन : 4आर.टी.टी.एम.बीसीएम सर्विस-आर.बी.-23 सेवा के दायरे के अनुसार पूर्व मध्य रेलवे के सभी ब्राड गेज मार्गो पर अपने मसीनों का उपयोग कर सभी प्रकार की मुख्य लाईन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग करना, मसीनों एवं सभी अकास्मिक साइटों के संचालन एवं रख-रखाव अपने स्वयं के समान, उपयोग्य समाग्रियों एवं कर्मचारियों का उपयोग कर सेवा देने हेतु। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,53,43,61,512.84, 3. जमानत राशि : ₹1,00,00,000/-, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 19.08.2024, 16.00 बजे तक। 5. वेबसाईट जिस पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी है : www.ireps.gov.in

उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन)/
प्लांट डिपो/पूमरे/मुगलसराय

पीआर/00735/पीडीएम/अभि./टी/24-25/36

### पूर्व मध्य रेल
### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल से आरंभिक निम्नवत् कोचिंग ट्रेन के एस.एल.आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :-

**1. AA/1.** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 13024 (गया से हावड़ा) गया-हावड़ा एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। ई-नीलामी लॉट संख्या : 13024-SLR-F1-GAYA-HWH-23-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 06.08.2024 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:30 बजे बंद होगी।

**2. AA/2.** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 12397 (गया से नई दिल्ली) महाबोधि एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। ई-नीलामी लॉट संख्या : 12397-SLR-F1-GAYA-NDLS-24-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 06.08.2024 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:40 बजे बंद होगी।

ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : Lease-SLR-DDU-4. वेबसाईट का पता जहॉ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/00743/डीडीयू/वा./एन/24-25/40

बिहार सरकार

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-05/ औरंगाबाद/2024-25

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक-1090 अनु0 दिनांक-28.06.2024 के द्वारा निर्गत ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-05/औरंगाबाद 2024-25 जिसका पी0आर0नं0 002944 (BCD) 2024-25 है का अपरिहार्य कारणवश अवधि विस्तार किया जाता है।

**कार्य का नाम- मंडल कारा औरंगाबाद में अधीक्षक आवास का निर्माण कार्य ।**

| क्र0सं0 | विवरण | पूर्व में निर्धारित तिथि | नवसंशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की) तिथि एवं समय | 13.07.2024 से 05.08.2024 तक 3:00 बजे अपराह्न तक | 29.07.2024 से 19.08.2024 तक 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर | केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 3 | निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय | 13.07.2024 से 05.08.2024 तक 3:00 बजे अपराह्न तक | 29.07.2024 से 19.08.2024 तक 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | (i) दिनांक-19.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय | (i) दिनांक-05.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) | दिनांक 06.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक | दिनांक 20.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) | तकनीकी बीड के उपरांत | तकनीकी बीड के उपरांत |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,औरंगाबाद का कार्यालय। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। | 1 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,औरंगाबाद का कार्यालय। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। |

**शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 004438 (BCD) 2024-25

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## खरीफ फसलों की खेती एवं पशुधन प्रबंधन को लेकर दी गई जानकारी

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव अवस्थित जेपी आश्रम परिसर के राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले किसानों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। केंद्र के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. शशांक शेखर सिंह,रोशन कुमार, सुमिताप रंजन एवं परियोजना सहयोगी रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र नवादा एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के द्वारा संचालित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तकनीकी परियोजना भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम में जिले के सिरदला एवं मेसकौर प्रखंड से 40 किसान शामिल हुए। केवीके के वरीय वैज्ञानिक डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने फसलों की खेती एवं पशुधन प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी जाएगी।

### पूर्व मध्य रेल
### ई-निविदा सूचना

ई खुली निविदा संख्या :- एसजी-डब्ल्यु-दानापुर-ईआई-ओटी-02-2024-25. मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि : गिद्धौर एवं मननपुर स्टेशनों पर लगे पीआई से इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग के लिये डिजाईन, मैनुफैक्चरिंग, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टींग एवं कमिशनिंग संबधित कार्य। खण्ड (दानापुर मंडल)। नौ (09) महीना। 2. अनुमानित लागत : ₹16,79,52,253.86 (सोलह करोड़ उनासी लाख बावन हजार दो सौ तिरेपन रूपये छियासी पैसे मात्र)। 3.अग्रधन जो जमा करना है : शून्य। 4. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय : 14.08.2024 अपराह्न 12.00 तक एवं 14.08.2024 अपराह्न 12.30 बजे। 5. वेबसाईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहॉ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके : www.ireps.gov.in. प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप-मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/पूर्व मध्य रेल, दानापुर के कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता हैं।

उप-मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभि.
(कार्य)/पूमरे/दानापुर

पीआर/00734/डीएनआर/सि./टी/24-25/40

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण



### आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु
# पशु चारा वितरण कार्यक्रम

**आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय-समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।**

**चारा मात्रा/अनुमान्यता :**

- निर्धारित सहाय्य मानदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 80 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 45 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यत: बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़-बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुन: वितरण कराया जाता है।

**वितरण प्रक्रिया :**

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालकवार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।
- कोविड-19 की परिस्थितियों के आलोक में आवश्यक सावधानी बरतते हुये चारा वितरण सोशल डिस्टेसिंग के साथ किया जाएगा।



PR No.- 004440 (Animal)D. 2024-25

**विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।**

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन 75 के तहत कांडों की त्वरित निष्पादन के लिए थानों में समीक्षा

**कोईलवर**। सोमवार को कोइलवर, गीधा, बड़हरा, संदेश व तरारी थाना में मिशन 75 के तहत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 रंजीत कुमार सिंह और वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा कांडों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही कांडों के शीघ्र निष्पादन हेतु सदर एसडीपीओ 2 के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### पुलिस ने वसूला 1,53500 हजार रुपया जुर्माना

**आरा**। पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर छोटे बड़े कुल 485 वाहनों की जांच कर 1,53500 हजार रुपया जुर्माना की वसूल किया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराव,अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 485 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 1,53500 हजार रुपया जुर्माना वसूला है। वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारियों ने बताया की इस तरह की करवाई आगे भी हमेशा चलता रहेगा। इसके पहले भी कई बार वाहन चेकिंग चलाकर लाखों रुपया का जुर्माना वसूला गया है।

### शैलरानी तिवारी की पुण्य तिथि साधू संतों ने मनाई

**आरा**। शैलरानी तिवारी की चौथी पुण्य तिथि उनके आवास महात्मा गांधी नगर कतिरा तालाब के समीप मनाया गया। वैदिक उच्चारण के साथ पूजा पाठ एवं चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान कई साधु संत एवं महात्मा भी उपस्थित थे। परिजनों ने कहा कि आज पूरा परिवार माता जी के आशीर्वाद से दिन प्रतिदिन फल फूल रहा है। मौके पर डॉ प्रवीण कुमार तिवारी, डॉ नेहा तिवारी, अजय कुमार तिवारी मुनमुन, डॉ दीक्षा तिवारी, श्रेया तिवारी, मास्टर आदित्या तिवारी, प्रत्यूष तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री ने गंगा से हो रहे कटाव का लिया जायजा

**आरा**। पूर्व मंत्री सह बड़हरा के विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह सोमवार को बाढ़ नियंत्रण पदाधिकारियों के साथ बड़हरा विधानसभा में हो रहे कटाव का निरीक्षण किया। पूर्व मंत्री ने सलेमपुर, मणी राय के टोला, अचरज लाल के टोला, सोहरा, हेतमपुर, मौजमपुर, महुलीघाट का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा किए जा रहे कटाव रोधी कार्यों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित संबंधित विभाग के कार्यपालकअभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित पदाधिकारियों और संवेदकों को कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश भी दिया। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बड़हरा विधानसभा का क्षेत्र बाढ और कटाव वाला क्षेत्र है।कटाव से बचाव के लिए कटाव रोधी कार्य किए जा रहे है, जिसे जल्द पूरा करने का आश्वासन विभाग के पदाधिकारियों ने दिया है। मै समय-समय पर कटाव रोधी कार्यों का निरीक्षण करता रहूंगा।

### एसपी के जनता दरबार, दर्जनों पहुंचे फरियादी

**बक्सर**। सोमवार को बक्सर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एसपी मनीष कुमार ने जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में फरियादी अपने फरियाद को लेकर पहुंचे हुए थे। इस मौके पर मौजूद एसपी मनीष कुमार ने लोगों के द्वारा दी गई आवेदनों की जांच किया, तथा संबंधित पदाधिकारियों कार्रवाई करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जनता दरबार में आए फरियादियों को एसपी ने उनकी शिकायतों को सुना। इस दौरान उनकी शिकायतों को सुनकर शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी सभी लोगों को कानून का पालन करने की अपील की। एसपी से मिलकर लोग काफी संतुष्ट दिखाई दिए।

### मंत्रों से गूजा शिवाल

**आरा**। सावन के पहले दिन और पहली सोमवारी पर शिवालय एवं मंदिरों में अहले सुबह से कतार लगी रही। जिधर देखो उधर हर-हर महादेव की गूंज सुनाई पड़ रही थी। शिवालय में ऊं त्रम्यबंक यजाम्हे सुंगधी पुष्टिवर्धनम्.... मंत्र गूंज रहे थे। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर की पूजा की व भोले बाबा पर जल चढ़ाया।

### ओवरलोड ट्रैक्टर जब्त, ड्राइवर भी गिरफ्तार

**कोईलवर**। अवैध बालू परिचालन व खनन के खिलाफ चांदी पुलिस ने कार्रवाई किया है। इसी बीच चांदी पुलिस ने थाना क्षेत्र के विशुनपुर घाट के समीप छापेमारी कर अवैध बालू लदा एक ओवर लोड ट्रैक्टर जब्त किया गया।पुलिस ने ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ड्राइवर संतोष कुमार सिंह है। जो संदेश थाना क्षेत्र के डिहरी निवासी है।जब्त ओवरलोड ट्रैक्टर पर बिना चालान का बालू लदा है। मामले में चांदी थाना में जब्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन के नेतृत्व में की गई। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि सोन नदी से बालू के अवैध खनन व परिचालन की लगातार सूचना चांदी थाना को मिल रही थी। लिहाजा एक टीम गठित की गई और छापेमारी किया गया।

### माध्यमिक विद्यालय में 9,10 और 12वीं की मासिक परीक्षा शुरू

**आरा**। जिले के हाई व प्लस टू हाईस्कूलों में वर्ग 9,10 और 12वीं की मासिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। इसके लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शेड्यूल जारी किया था। जिसके अनुसार मासिक परीक्षा 22 से 29 जुलाई तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से 11:30 बजे व दूसरी पाली दोपहर 12:45 से 2:15 बजे तक ली गई। 12वीं की परीक्षा में 22 जुलाई को पहली पाली में फिजिक्स, साइकोलॉजी, उद्यमिता व दूसरी पाली में केमिस्ट्री, एकाउंटेंसी, पॉलिटिकल साइंस कि हुई। 23 जुलाई को पहली पाली में गणित व दूसरी पाली में बायोलॉजी, भूगोल, बिजनेस स्टडीज की परीक्षा होगी। 24 जुलाई को पहली पाली में इंग्लिश व दूसरी पाली में हिंदी, 25 जुलाई को पहली पाली में उर्दू, मैथिली, संस्कृत आदि व दूसरी पाली में साइकोलॉजी की परीक्षा होगी। लाखा इंटर स्तरीय विद्यालय बरनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक बाल गंगाधर तिलक ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मासिक परीक्षा में भाग लिया।



### पीएनसी के प्लानिंग मैनेजर ने किया पौधरोपण

**कोईलवर**। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने व पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, हरित आच्छादन को बढ़ावा देने तथा वैश्विक तापमान वृद्धि में कमी लाने में पौधों की महत्ता को स्वीकार करते हुए मंगलवार को कुल्हड़िया अवस्थित टोल प्लाजा के समीप वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीणों के उपस्थिति में पौधरोपण कर वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कोईलवर-बक्सर फोन लेन निर्माण में लगे पीएनसी कम्पनी के प्लानिंग मैनेजर विवेक कुमार सिंह द्वारा कुल्हड़िया अवस्थित टोल प्लाजा पर आयोजित वन महोत्सव में भाग लिया गया तथा पौधरोपण किया। विवेक सिंह द्वारा उपस्थित सभी स्थानीय ग्रामीणों को कम से कम एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।



# सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में ट्रक ने मारी टक्कर

## चालक की अस्पताल पहुंचते ही मौत, NH-922 पर हुआ हादसा

निज संवाददाता। बक्सर



पटना-बक्सर एनएच 922 पर कृष्णब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाढ गांव के पास एक खड़ी ट्रेलर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी को टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक ट्रक के केबिन में बुरी तरह से फंस गया। जिसे स्थानीय लोगो ने काफी मशक्कत के बाद ट्रक के अंदर से बाहर निकालकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची कृष्णब्रह्म थाना की पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर शव को पोटमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना मंगलवार दोपहर की है। हादसे को लेकर बताया जा रहा है कि लेवाढ गांव के पास एनएच 922 पर एक टेलर ट्रक पहले से किनारे खड़ी थी। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 44 03NB 84 80 है। जिसके चालक और खलासी सड़क पर वाहन खड़ा कर चाय-पानी कर रहे थे। इसी बीच एक और टेलर ट्रक तेजी से पीछे से आई और खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी।

**यूपी का रहने वाला है मृतकः** स्थानीय लोगो द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है की किसी वाहन से पास लेकर आगे निकलने के कारण यह घटना हुई है। मृत ट्रक ड्राइवर की पहचान यूपी के अम्बेडकर नगर के सुल्तानपुर थाने के भेलनापुर गांव का निवासी है।जिसका नाम सूर्यभान पाल( 35 )पिता सुखराम पाल है। ट्रक की इस भीषण टक्कर में आगे के इंजन का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**सड़क हादसे में हुई चालक की मौतः**कृष्णाब्रम्ह थाना के प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा की घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर बिना समय गंवाए पहुंची थी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृत चालक के परिजनो को इसकी सूचना दे दी गई है। परिजनों के आते ही शव उनको अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया जायेगा।

## भोजपुर में अगवा युवक को किया बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के टाउन थाना क्षेत्र के शिवगंज दुर्गा मंदिर के पास से रविवार की रात हत्या की नीयत से अगवा कर एक युवक को पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपहृत युवक को बरामद कर लिया। साथ ही कांड में शामिल 3 सदस्यों को भी धर दबोचा गया। युवक की बरामदगी नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा बांध किनारे स्थित एक मकान से हो सकी है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि 2 गुटों के बीच चली आ रही वर्चस्व की लड़ाई में युवक को अगवा किया गया था। इस मामले में नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा गांव निवासी बुचुल यादव, चंदवा निवासी सूरज यादव और रवि रंजन यादव को गिरफ्तार किया गया है। दो अन्य की तलाश जारी है। एक देसी पिस्तौल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। एक बाइक जब्त की गई है। घटना के तीन-चार घंटे के अंदर पुलिस को सफलता मिली है। कार्रवाई में विलंब होता तो संभव था कि उसकी हत्या कर दी जाती। एसपी ने बताया कि गौसगंज निवासी रामेश्वर यादव के बेटे पिंटू कुमार उर्फ ढेंगन रविवार की रात करीब 9.45 बजे बाइक पर सवार होकर रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे। इसी बीच शिवगंज दुर्गा मंदिर के पास से कुछ अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर हत्या करने की नीयत से अगवा कर लिया था। इस दौरान सूचना के आधार पर सदर एसडीपीओ वन परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान अलग-अलग गठित टीम ने तकनीकी सूचना के आधार पर चंदवा बांध स्थित एक मकान में छापेमारी कर अपहृत युवक को बरामद कर लिया। इसके अलावा कांड में संलिप्त बुचुल यादव, सूरज यादव और रवि रंजन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में टाउन इंस्पेक्टर देवराज राय और नवादा इंस्पेक्टर कमलजीत कुमार समेत डीआइयू के पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## सृष्टि राज ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप अंडर-19 में जीता स्वर्ण पदक

### बक्सर का किया नाम रौशन, राष्ट्रीय स्तर पर हुई चयनित

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर की सृष्टि राज ने एक बार फिर से अपने जिले का नाम रोशन किया है। इस पर जिले वासी गर्व महसूस कर रहे हैं। 35 वीं बीटीए ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उन्होंने अंडर-19 कैटेगरी के 59 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। इस शानदार उपलब्धि के लिए सृष्टि को राष्ट्रीय स्तर पर भी चयनित किया गया है। इसको लेकर सृष्टि को काफी बधाई और आशीर्वाद मिल रहा है। ताइक्वांडो संगठन के अध्यक्ष सुनील कुमार और महासचिव संजय कुमार सिंह के साथ ही परिवार के सभी सदस्य सृष्टि की इस कामयाबी पर गर्व महसूस कर रहे हैं और उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। बता दें कि बिहार राज्य ताइक्वांडो एसोसिएशन के आयोजित 35 वीं बीटा बिहार चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन बेगूसराय में किया गया था। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बक्सर से भी छात्रों को टीम पहुंची हुई थी।

**मेहनत और कौशल से हासिल की सफलताः** प्रतियोगिता में बक्सर टीम के प्रतिभागी में सृष्टि राज, अमन सिंह, सचिन सिंह, तनिष्का, अमन कुमार सिंह ने भाग लिया था। जो टीम मैनेजर और कोच के साथ इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हो कर पहुंचे हुए थे। पूरे जिले की नजरें इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों पर टिकी थी। जो अपनी मेहनत और कौशल से जिले का नाम रोशन करने में सफलता हासिल की है। ताइक्वांडो अध्यक्ष सुनील कुमार, महासचिव संजय कुमार सिंह और बक्सर जिला कोच शैलेश कुमार ने बक्सर टीम के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 21 और 22 जुलाई को 35 वीं बीटीए बिहार चैंपियनशिप 2024 का आयोजन बेगूसराय में किया गया था।

## आरा में विवाहिता का ससुराल में मिला शव, शादी के 4 महीने बाद से पति-ससुरालवाले कर रहे थे प्रताड़ित

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के चक टोला गांव में सोमवार की देर शाम महिला का ससुराल के आंगन में शव मिला है। मायके वालों ने पति और ससुराल वालों पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर गांव और आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। जानकारी के अनुसार मृतक अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के चक टोला गांव निवासी पवन कुमार चौधरी की पत्नी सरिता देवी( 23 ) है।

**सोने की चेन मांग रहे थे ससुराल वालेः** इधर, रोहतास के दिनारा थाना क्षेत्र के पुहपी टोला गांव निवासी मृतका का भाई फुलेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन सरिता कुमारी की शादी 3 मई साल 2023 में लेनदेन के साथ पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के कुछ महीने बीत जाने के बाद से ही उसके पति और सास, ससुर द्वारा सोने की चेन की मांग की जाने लगी। इसे लेकर उनकी बहन के साथ मारपीट किया जाता और उसे प्रताड़ित किया जाता था। इसके बाद उन्होंने कहा था कि ठीक है आवश्यकता के अनुसार चेन दे दिया जाएगा। लेकिन वे लोग नहीं माने। वह इसी माह में अपने मायके भी घूमने गई थी। 10 दिन पहले मायके से ससुराल वापस लौटी थी। उसके ससुराल वालों द्वारा फोन कर सूचना दी गई की करंट लगने के कारण उसकी मौत हो गई है। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में घर के आंगन में पड़ी हुई है। ससुराल के सभी लोग फरार हैं। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। वहीं, दूसरी ओर मृतका के भाई फुलेंद्र कुमार चौधरी ने उसके पति पवन चौधरी, सास और ससुर पर सोने की चेन की मांग को लेकर उसकी गला दबाकर मारने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत फांसी लगाकर होना प्रतीत होता है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका के पति पवन चौधरी कि यह दूसरी शादी थी। उसकी पहली पत्नी की भी मौत हो गई थी। मृतका अपने 4 बहन और 3 भाई में पांचवें स्थान पर थी। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गुरुपर्व महोत्सव में शास्त्रीय संगीत की रही धूम

निज संवाददाता। आरा



शिवादी क्लासिक सेंटर ऑफ़ आर्ट एन्ड म्यूजिक, शास्त्रीय संगीत के कलाकारों ने गुरुपर्व संस्कृति महोत्सव पर शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। वरिष्ठ ताल गुरु राणा प्रताप सिन्हा ने कहा कि गुरुकुल परंपरा में शिष्यों के वटवृक्ष पर फालदायक हो चले हैं। आरा का सांगीतिक भविष्य सुखद होगा और इसकी बागडोर कुशल हाथों मे है। नृत्य सम्राट पंडित बिरजू महाराज की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक कर विधिवत पूजन किया गया व इंद्राधानुषी संगीत परम्परा के संस्थापक सह गुरु संगीतज्ञ दुधेश्वर लाल के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। कत्थक कलाकारअमित कुमार, राजा कुमार, संजना, स्नेहा पांडेय, कुमारी रूपा, खुशी कुमारी गुप्ता समेत कई युवा व बाल कलाकारों ने गुरु बक्शी विकास का अभिनन्दन किया। गायन के क्षेत्र में श्रेया पाण्डेय, अजीत पाण्डेय, नितीश पाण्डेय, अभिजीत मिश्रा, पिंटू यादव, वंदना समेत सभी इस परंपरा की अन्य शिष्याओं ने विदुषी बिमला देवी को सम्मानित किया। गुरुजनों ने शिष्यों का गंडाबंधन किया जो आज की युवा पीढ़ी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। एक से बढ़ कर एक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति श्रेया पाण्डेय ने राग बागेश्री में बड़ा ख्याल, तीनताल की बंदिश व तराना प्रस्तुत किया। अजीत पांडेय ने खमाज की ठुमरी "कैसो बजावत श्याम मुरलिया" प्रस्तुत किया। कत्थक नर्तक अमित कुमार व राजा कुमार ने मनोहारी कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। एकल कत्थक में छपरा की कुमारी रूपा व कुमारी अनिषा व स्नेहा पाण्डेय, सलोनी एवं मुस्कान ने पारम्परिक कत्थक प्रस्तुत किया। बीएन राय व महेश यादव ने अपने स्वरों से दर्शकों को सुनाया। गौरी, सोमी, सोनी, अंजलि, अमृता, हंशिका व वंदिता ने कत्थक के अंग भाव व अभिनय प्रस्तुत किया।

## बक्सर रेलवे स्टेशन से RPF ने दो चोर को पकड़ा, यात्री को समान लेकर भाग रहे थे

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने यात्री समान की चोरी कर भाग रहे 2 चोर पकड़ कर जेल भेज दिया। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि रविवार को वरीय अधिकारी के निर्देशन पर ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के मद्देनजर आरपीएफ पोस्ट बक्सर के अधिकारी एवं जवानों द्वारा निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में 2 व्यक्तियों को ट्रॉली बैग व मोबाइल चोरी कर ले जाते हुए संदिग्ध अवस्था में बक्सर प्लेटफार्म नंबर 3 पर पकड़ा। तब तक पीड़ित यात्री जिसका ट्रॉली बैग चोरी हुआ था खोजते हुए आए जिन्होंने अपना ट्रॉली बैग पहचाना तथा उसमें रखें साड़ी कपड़े महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट आदि होना बताएं।

**चोरी का सामान बरामदः** जिसे खोलने पर वहीं सामान मिला तथा दूसरा साथी के पास एक अदद स्मार्ट मोबाइल वीवो कंपनी का बरामद हुआ जिसे दूसरे किसी यात्रियों का चोरी करना बताया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम लालू महतो ग्राम दहीगांव थाना दिनारा जिला रोहतास तथा दूसरे व्यक्ति का नाम अनिल यादव पिता चंद्र देव यादव ग्राम भरौली थाना ब्रह्मपुर जिला बक्सर बताया दोनों पकड़े गए व्यक्ति शातिर अपराधी है। वह पूर्व में भी कई बार जेल जा चुके हैं। पीड़ित यात्री गाजीपुर जिला थाना गहमर ग्राम देवल का रहने वाले हैं। आरपीएफ के द्वारा ट्रॉली बैग की बरामदगी तथा चोरों को पकड़ने पर यात्री द्वारा काफी प्रशंसा की गई। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को जीआरपी बक्सर में कानूनी कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरपीएफ द्वारा भी सतत प्रयासरत रहकर यात्रियों के विरुद्ध होने वाले अपराध तथा यात्रियों की सुरक्षा के लिए पूरे लगन एवं निष्ठा से बक्सर स्टेशन पर सक्रिय रहते हैं , तथा अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर पैनी नजर रखते हैं।

## भोजपुर में करंट की चपेट में आया व्यक्ति, मौत, बघार में भैंस नहलाने गया था, दूसरे दिन शव हुआ बरामद

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव स्थित बघार में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जिसका शव दूसरे दिन सोमवार को बरामद हुआ है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के खानगांव निवासी भुटाली राय उर्फ बैजनाथ राय के बेटा श्याम बाबू राय(64) है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के चचेरे भाई हकीम राय ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 1 बजे वह भैंस को लेकर चराने के लिए बहियारा गांव स्थित बघार में गए थे। जहां शाम हो जाने पर उनकी भैंस बांध के दूसरी ओर चली गई। अधिक अंधेरा हो जाने के कारण जब वह उसे खोज रहे थे। तभी वहां स्थित एक खेत के चारों तरफ लगे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई। देर शाम जब घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसके बाद परिजन सोमवार की सुबह भी कोईलवर और अन्य क्षेत्र में उनकी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसी बीच एक स्थानीय ग्रामीण द्वारा उन्हें सूचना दी गई की बहियारा बघार में उनका शव पड़ा है। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने 3 भाई और बहन में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी कंचन देवी, 3 बेटी रेखा, रूबी, गुड़िया वह 2 बेटा मनीष और रजनीश है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

## छापेमारी में 5 अभियुक्त गिरफ्तार एक लाख 45 हजार वसूला जुर्माना

निज संवाददाता। बक्सर



अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के विभिन्न थानों के पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस को सफलता भी मिल रही है। बक्सर पुलिस ने पिछले 24 घंटे में छापेमारी कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार वारंट में 3, आर्म्स एक्ट में 1, शराब के सेवन में 1, शराब बरामदगी में 2 वहीं अन्य मामलों में 2 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में 1 लाख 45 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूला है।वहीं 21 वारंट का निष्पादन किया गया। बता दें कि एसपी मनीष कुमार की निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत पुलिस को यह सफलता मिली है।

# सुल्तानगंज से देवघर बॉर्डर तक बनेगा फोरलेन हाइवे श्रावणी मेला के बीच सम्राट चौधरी का ऐलान



**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर जिले में स्थित सुल्तानगंज से देवघर (झारखंड) बॉर्डर तक कांवरियों के लिए फोरलेन हाइवे बनाया जाएगा। राज्य के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को सुल्तानगंज स्थित अजगैवीनाथ धाम के नमामि गंगे घाट पर श्रावणी मेला 2024 के उद्घाटन के अवसर पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए पथ निर्माण विभाग और प्रशासन तैयारी शुरू करे, जितनी राशि की जरूरत होगी, सरकार देगी। उन्होंने निर्माणाधीन अगुवानी पुल से एक रास्ता अजगैवीनाथ धाम तक लाने और यहां से बिना शहर में प्रवेश किए सीधे तारापुर रोड में कनेक्ट करने की भी घोषणा की। इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच सम्राट चौधरी ने श्रावणी मेला का उद्घाटन किया। समारोह के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने भी अजगैवी नगरी सुल्तानगंज के विकास का पूरा भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि वह इसी धरती के रहने वाले हैं और इस मेला की महिमा से अवगत हैं। दुनिया में इस मेला से बढ़कर सेकुलरिज्म का दूसरा उदाहरण नहीं होगा। यहां हर जाति वर्ग का समागम दिखता है। सिर्फ बिहार ही नहीं दूसरे राज्यों के अलावा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश सहित अन्य देशों से लोग आते हैं और सबका एक ही नारा होता है- बोल बम।

सुल्तानगंज और भागलपुर के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी न किसी कारण से यहां कुछ काम अटकता रहा है। नमामि गंगे घाट के लिए राशि दी गई, वह पूरी नहीं हो सकी। अगुवानी पुल 2014 से अधूरा है। लेकिन अब काम आगे बढ़ेगा। भरोसा दिलाते हैं कि काम पूरा कराएंगे। अगुवानी पुल का नया सुपर स्ट्रक्चर बनेगा और योजना में बदलाव करने को भी कहा गया है। पुल से एक रास्ता कांवरियों के लिए सीधे अजगैवीनाथ धाम तक आएगा और यहां से ऐसी सड़क बनाई जाएगी जो सीधे तारापुर रोड में जुड़ जाए। ताकि कांवरिया यहां स्नान पूजा कर बिना सुल्तानगंज की तंग सड़कों पर गए बाबाधाम के लिए रवाना हो जाएं।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि अंग क्षेत्र और चंपापुरी के लोगों ने अपनी संस्कृति और विरासत को सहेजा है। मोदी सरकार गुलामी के प्रतीक से भारत को मुक्त करेगी। अजगैवीनाथ धाम को फिर से पुराना गौरव दिलाना है। मां भारती के संतान अपनी विरासत और धरोहर को सहेजने के लिए हर काम करेंगे। उन्होंने अंग क्षेत्र के विकास का पूरा भरोसा दिया। वहीं राजस्व मंत्री ने कहा कि अभी जो सरकार है उसमें अजगैवी नगरी के विकास के लिए अच्छा मौका है। यहां के विकास के लिए जो प्रस्ताव आएगा उसमें उनका विभाग तत्परता से काम करेगा। जिस तरह से बोधगया का विकास हुआ है उसी तरह से यहां का विकास भी होगा। यहां के लोग खुशनसीब हैं कि बाबा के भक्तों का सेवा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मढ़ौरा के सरपंच के घर समेत दो घरों से ज़ेवरात व नकद की चोरी

**छपरा/मढ़ौरा, एजेंसी।** मढ़ौरा के तेजपुरवा में बीती रात चोरों ने दो घरों से लाखों रुपए मूल्य के सोना चांदी के जेवर व नकद चुरा लिए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तेजपुरवा निवासी जनार्दन प्रसाद यादव व सरपंच धर्मेंद्र प्रसाद के घर रविवार की रात चोरों ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। परिजनों के मुताबिक दोनों ही परिवार के लोग रात में नौ बजे के बाद खाना खाकर सोने के लिए घर के छत पर चले गए। सुबह जब उनकी नींद खुली तो घर के समान को बिखरा देख आश्चर्यचकित रह गए। बाद में जब कमरे के अंदर देखा तो अलमारी, पेटी, बक्सा आदि का ताला टूटा हुआ पाया गया। इस चोरी की घटना में जनार्दन प्रसाद यादव के घर से सोने चांदी के जेवरों के साथ-साथ करीब 16 हजार रुपए नकद चोर चुरा ले गए। सरपंच धर्मेंद्र प्रसाद के घर से बक्सा, अटैची, अलमीरा आदि तोड़कर सोने और चांदी के करीब 10 लख रुपए के गहने और 90 हजार रुपए नकद चोरी होने की बात बताई गयी। बाद में यह बात घर वालों ने आसपास के लोगों को बताई व इसकी सूचना पुलिस को भी दी। इसके बाद पुलिस इस मामले की जरूरी जांच पड़ताल में जुट गई है। इस मामले में पीड़ितों ने मढ़ौरा पुलिस से लिखित शिकायत की है।

### दरियापुर में चोरों ने नगद व गहने चुराये

**छपरा/दरियापुर, एजेंसी।** डेरनी में चोरों ने एक व्यक्ति के घर में घुस कर 20 हजार रुपए नकद व करीब तीन लाख के गहने चुरा लिए। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात चोर डेरनी के राजनंदन पंडित के घर में घुस गए।फिर उनके घर में रखे बक्से को थोड़ी दूरी पर ले जाकर उसे तोड़ दिए तथा उसमें रखे नकदी रुपए सहित सारे गहने लेकर फरार हो गए। सुबह में जब उठे तो उन्हे मालूम हुआ।इसके बाद पुलिस को सूचना दी।गृह स्वामी ने बताया कि चोर टीका,मेंहदी छल्ला,टॉप्स,अंगूठी सहित सोने व चांदी के सारे गहने लेकर चले गए। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### फतेहपुर में 400 सौ लीटर देसी शराब व दो बाइक जब्त

**गया, एजेंसी।** फतेहपुर पुलिस ने सोमवार को 400 सौ लीटर महुआ शराब व दो बाइक जब्त किया है। हालांकि मौके से शराब तस्कर पुलिस से बचकर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड इलाके से शराब तस्करी कर लाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर डुमरीचट्टी के पास ढाढर नदी पुल पर पुलिस पुलिस पहुंची जिसे देख शराब तस्कर शराब लदी बाइक को छोड़ वहां से भाग निकला। उन्होंने बताया की शराब तस्करों का पता लगाकर उसकी गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट कर ज़ख्मी किया

**छपरा/गड़खा, एजेंसी।** फुर्सतपुर गांव में गाली देने से मना करने पर कुछ लोगों ने दो लोगों को मारपीट कर ज़ख्मी कर दिया। घायलों में संतोष कुमार राय, सोनू कुमार शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज छपरा सदर अस्पताल में हुआ। ज़ख्मी संतोष कुमार राय ने पुलिस को दिये बयान में कहा है कि वह दरवाजे पर बैठे थे तभी गांव के कुछ लोग आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर उन लोगों ने लाठी, डंडा, फरसा और चाकू से हमला बोल दिया। इस दौरान गले से सोने की चेन व पॉकेट से दस हजार रुपये छीन लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारुति कार में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब मिली

**छपरा/मशरक, एजेंसी।** मशरक के महाराणा प्रताप चौक पर वाहन जांच के क्रम में मारुति कार के तहखाना में से भारी मात्रा में सौ से ज्यादा लीटर अंग्रेजी शराब उत्पाद विभाग की टीम ने जब्त किया। कार चालक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब तस्कर मो बदीउज्जमा पिता मो तकी मुफस्सिल समस्तीपुर के विक्रमपुर बांदे गांव का निवासी है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों द्वारा पूछताछ में स्वीकार किया कि उक्त शराब यूपी के कुशीनगर से ला रहा था जिसे समस्तीपुर में बिक्री किया जाना था।

# पासवान अधिकार आंदोलन (विधानसभा मार्च) में हज़ारों दलितों ने लिया हिस्सा

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार के सभी जिलों से आए पासवान समाज के लोगों ने दलित नेता अमर आज़ाद पासवान के नेतृत्व में पासवान अधिकार आंदोलन' के तहत विधानसभा मार्च किया, जिसमें हज़ारों दलित शामिल हुए। इस दौरान पुलिस द्वारा विधानसभा की ओर बढने से रोकने के क्रम में लाठी चार्ज कर दिया, जिसमें दलित नेता अमर आजाद के सर पर गहरी चोट आई और सर फट गया। उनके साथ अन्य लोगों को भी गंभीर चोटें आई। इसके विरोध में दलित नेताओं ने अपनी गिरफ्तारी भी दी। इस दौरान दलित युवा नेता अमर आज़ाद ने कहा कि बिहार सरकार ने आज तक पासवान समाज को कुछ नहीं दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलित समाज को तोड़ने का काम किया है और पासवान समाज के साथ अन्याय किया है। अमर आज़ाद ने कहा, 'बिहार में लगातार




पासवान समाज के साथ-साथ दलितों की हत्या हो रही है और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। पासवान समाज की पुस्तैनी नौकरी चौकीदार की थी, जिसे अंग्रेजों के ज़माने से निभाया जा रहा था, लेकिन नीतीश कुमार ने इसे भी खत्म कर दिया। उन्होंने आगे कहा, 'जज का बेटा कॉलेजियम सिस्टम से जज बनेगा, मगर पासवान का बेटा दलित होने के कारण उससे चौकीदारी भी छीन ली गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार असंवैधानिक कार्य कर रहे हैं। तांती तत्वा पिछले 9 साल से ओबीसी होकर एससी का आरक्षण सीट ले रहा था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया। यह बिहार सरकार का संविधान के विरुद्ध एवं दलितों के खिलाफ कार्य है। अमर आज़ाद ने यह भी कहा कि वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल मेला, चाराडीह मोकामा में अभी तक स्मारक और रास्ते का निर्माण सरकार ने नहीं करवाया है क्योंकि यह दलित और पासवान समाज का मुद्दा है। उन्होंने मांग की कि भोला पासवान शास्त्री और रामविलास पासवान की प्रतिमा पटना में बने, 65% आरक्षण को बहाल किया जाए, आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाए, और निजी क्षेत्र एवं न्यायपालिका में एससी/एसटी ओबीसी को आरक्षण मिले। कोतवाली थाना ने अमर आज़ाद को गिरफ्तार किया. तत्पश्चात कोतवाली पुलिस के द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय ले जाकर दलित नेता के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया और PR बॉन्ड भरवाकर कोतवाली थाना ने अमर आजाद को रिहा कर दिया. आंदोलन में अजय पासवान (आरा), शशि पासवान (वैशाली), रजनीश पासवान (नालंदा), सोनू सम्राट, मंटू कुमार, अभिषेक पासवान, आशीष टोनी पासवान, धर्मदेव, पवन, मुकेश पासवान, शशिकांत प्रसाद, राजा पासवान गोपालगंज समेतबुरे बिहार से हज़ारों की संख्या में पासवान समाज के लोग शामिल हुए।

# बिहार के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के साथ महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल की शिष्टाचार भेंट





निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना में शिष्टाचार मुलाकात की एवं बिहार राज्य में यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े पूर्व मध्य रेल की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने रेलवे के क्रिया-कलाप, यात्री सुविधा में और सुधार के उपायों तथा रेल विकास आदि से जुड़े विषयों पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। महाप्रबंधक ने बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा तथा पुलिस महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी से भी शिष्टाचार मुलाकात की।

## रोजगार से युवा अपने सपनों को कर सकते हैं साकार

**छपरा/दरियापुर, एजेंसी।** युवा रोजगार कर के भी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इसलिए युवाओं को रोजगार की ओर भी अग्रसर होने की जरूरत है। उक्त बातें डेरनी के सुतिहार में आयोजित स्टार्टअप इंडिया के तहत युवा संवाद में जेपीयू यूनिवर्सिटी के कुलपति परमेंद्र बाजपाई ने कही। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा हासिल करना बहुत जरूरी है।लेकिन केवल नौकरी के उद्देश्य से उच्च शिक्षा हासिल करना मकसद नहीं होना चाहिए।उद्योग लगा कर और अपना स्वरोजगार कर भी युवा अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। संचालन व संयोजन बीजेपी नेता सुमंत बाबा ने की। युवाओं की तरफ से कुलपति को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अनिल सिंह, राजू सिंह, अखिलेश सिंह, मोनू सिंह, मुकेश कुमार, राजविकाश, सुनील गुप्ता, छोटे बाबू, पवन भगत, अमरेश सिंह, राजन बाबा, राजू तिवारी, चंदन साह व अन्य ने भाग लिया।

# बीएमएस का 70वां मनाया गया स्थापना दिवस




निज संवाददाता

**पटना।** स्थानीय सिन्हा लाइब्रेरी रोड स्थित बी.आई.ए. हॉल में भारतीय मजदूर संघ का 70 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष किंकर लाडला ने की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार चौधरी ने कहा है कि श्रम और श्रमिकों के उत्थान में भारतीय मजदूर संघ का योगदान अतुलनीय है। यह संगठन गैर-राजनीतिक श्रम संगठन है, जिसका उद्देश्य देश हित, उद्योग हित और मजदूरों का हित है। वहीं, प्रांतीय महामंत्री संजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भारतीय मजदूर संघ आज सदस्यता के मामले में प्रथम क्रमांक पर है। राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी द्वारा रोपा गया यह पौधा आज विशालकाय पेड़ में परिणत हो गया है। श्री सिन्हा ने 1955 से 2024 तक यानी 70 वर्षों के इतिहास को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। प्रांतीय वित्त सचिव मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा है कि कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान के बूते ही बीएमएस आज नम्बर वन संगठन है। वहीं, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री मनीष कुमार ने कहा कि जी-20 के अंतर्गत एल-20 की अध्यक्षता करने का अवसर भारतीय मजदूर संघ को प्राप्त हुआ है, यह हम कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का विषय है। समारोह की शुरुआत भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं राष्ट ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष उमा कुमारी, विद्याधर पाठक, अनंत कुमार शांडिल्य, रामानंद मंडल, उमाशंकर शर्मा, नीरज कुमार, डीएन सिंह सहित भारतीय मजदूर संघ की विभिन्न अनुषांगिक इकाईयों के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्थापना दिवस समारोह का संचालन जिला मंत्री अजय कुमार ने किया।

# नाचते-झूमते बंगाल के कांवरिया देवघर रवाना

## बोल-बम के नारों से गूंजमन कमरिया पथ, देश के कई हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालु

**भागलपुर, एजेंसी।** सावन की शुरुआत होते ही सुल्तानगंज में कांवरियों की भीड़ बढ़ने लगी है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु उत्तरवाहिनी गंगा से जल उठाकर बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हो रहे हैं। इसके साथ ही कांवरिया पथ बोलबम के जयकारे से गुंजायमान हो रहा है।

**लंबी दूरी तय कर नाचते गाते जाते हैं श्रद्धालु :** श्रद्धालु 105 किलोमीटर की लंबी दूरी पैदल तय करते हुए 2 से 3 दिनों में देवघर पहुंचते हैं। कच्ची कांवरिया पथ के रास्ते सभी कांवरिया झूमते गाते बाबा बैद्यनाथ की नगरी को रवाना हो रहे हैं। इस दौरान पश्चिम बंगाल से आए कुछ कावरियों का जत्था बाबा नगरी को रवाना हो रहा है। शैलेश चटर्जी नाम के एक बम भी कच्ची कांवरिया पथ पर गाने की धुन पर जमकर थिरके। उनके साथ अभिषेक बम ने भी शिव के गानों पर डांस किया। इस बार कई राज्यों से आ रहे कांवरियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ धाम की धरती सावन माह के शुरू होते ही भगवामय हो जाती है। सुल्तानगंज में श्रावणी मेला को लेकर गंगा जल उठाने के लिए कांवरियों का जत्था पहुंचने लगा है। इसके साथ ही सैकड़ों कांवरिया यहां से जल उठाकर रवाना भी हो रहे हैं। वैसे तो सावन शुरू होने से पहले ही हजारों कांवरिया सुल्तानगंज पहुंच जाते हैं, क्योंकि सावन के पहले दिन ही कई श्रद्धालुओं को उत्तरवाहिनी गंगा से जल लेकर बाबा बैद्यनाथ पर चढ़ाना होता है।



पूरे देश से पहुंच रहे श्रद्धालु

उत्तरवाहिनी गंगा से जल उठाने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालुओं का जत्था सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम पहुंच रहा है। कांवरिया यहां से जल लेकर बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हो रहे हैं।

# बिहार में नगर सरकार में पार्षद पर कसेगा शिकंजा

## मुख्य पार्षद-उप मुख्य पार्षद के खिलाफ 2 साल में नहीं ला सकेंगे अविश्वास प्रस्ताव



**पटना, एजेंसी।** नगर सरकार यानी नगर परिषद और नगर पालिका पर बिहार सरकार शिकंजा कसने जा रही है। सरकार यहां पार्षदों की मनमानी पर रोक लगाएगी। इसके लिए बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक-2024 विधानसभा के मानसून सत्र में पेश करेगी। इसमें नगर पालिका के नियमों में 20 से ज्यादा संशोधन किए गए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है, पार्षद की तरफ से दो साल में नगर परिषद में पेश किया जाने वाला अ?विश्वास प्रस्ताव। नए संशोधन में इस प्रक्रिया को सरकार पूरी तरह से समाप्त करने जा रही है। नए संशोधन में अविश्वास प्रस्ताव संबंधी प्रावधानों को विलोपित कर दिया जाएगा।

**पार्षदों के बीच बढ़ती है गुटबाजी :** इसे समाप्त करने के पीछे सरकार का तर्क है कि पार्षदों के पास ये अधिकार रहने से निर्वाचित पार्षदों के बीच गुटबाजी और अनुचित दबाव बढ़ता है। इसके कारण नगरपालिका के विकास कार्य प्रभावित होते हैं। दरअसल, बिहार नगरपालिका अधिनियम,-2007 में मुख्य पार्षद/उप मुख्य पार्षद का चुनाव प्रत्यक्ष तरीके से करने का प्रावधान है। लेकिन, वार्ड पार्षदों की तरफ से इनके खिलाफ दो वर्षों के बाद अविश्वास प्रस्ताव लाने का अधिकार है। इसका राज्य के कई जिलों में गलत इस्तेमाल भी हो रहा है।

**नगर पालिका राज्य सरकार के निर्देश पर नहीं कर सकेंगे विचार :** इसके साथ ही सरकार की तरफ से नगरपालिका के उन अधिकारों को भी कम करने का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत पार्षद सरकार के नियम का विरोध करते हैं। इसके खिलाफ प्रस्ताव लाते हैं। प्रस्तावित बिल में सरकार के नियम के खिलाफ प्रस्ताव पर मुख्य पार्षद और पीठासीन पदाधिकारी की तरफ से भी विचार नहीं किया जाएगा। अगर इस तरह का प्रस्ताव आता भी है तो इसे नगरपालिका पदाधिकारी की तरफ से विचार के लिए सरकार को भेजा जाएगा।

**विश्वविद्यालय सेवा आयोग को शिक्षक नियुक्ति का मिलेगा अधिकार :** सरकार मानसून सत्र में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) 2024 भी पेश करेगी। इसमें दो संशोधन किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य आयोग को शिक्षक नियुक्ति का वृहत अधिकार देना है। फिलहाल आयोग के पास विश्वविद्यालयों और अंगीभूत कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति का अधिकार है, लेकिन राज्य के शिक्षा विभाग के अधीन आने वाली शिक्षण संस्थानों में शिक्षक नियुक्ति का अधिकार फिलहाल नहीं है।

### बिहार बोर्ड ऑनलाइन ले सकता है इंटर तक की परीक्षा

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति अब मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं ऑनलाइन भी ले सकेगा। इसके लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की परीक्षाओं में आधुनिक तकनीक, सूचना एवं प्रावैधिकी/ कम्प्यूटराईजेशन का प्रयोग होगा। सरकार ने विधानमंडल के चालू मानसून सत्र में ही बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (संशोधन) विधेयक, 2024 भी पारित कराने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक अब किसी भी डिग्री महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई नहीं होगी। इसलिए इंटर तक जिन संस्था में पढ़ाई जाएगी, वह बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्ध समझी जाएंगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### तकनीकी गड़बड़ी से अरबों रुपए का कारोबार प्रभावित

तकनीकी संसाधनों पर निर्भरता बढ़ते जाने से व्यवसाय-वाणिज्य, निजी और दफ्तरी कामकाज में तेजी तो आई है, मगर इसमें एक खराबी किस कदर दुनिया की सारी रफ्तार रोक देती है, इसका ताजा उदाहरण माइक्रोसाफ्ट के नए साफ्टवेयर में आई गड़बड़ी है। माइक्रोसाफ्ट के सर्वर में गड़बड़ी आने से दुनिया भर के दफ्तरों में कामकाज लगभग ठप्प हो गया, रफ्तार थम गई। विभिन्न देशों में चौदह सौ से ऊपर हवाई सेवाएं रद्द करनी पड़ीं और हजारों हवाई जहाज देरी से उड़ पाए। टेलीविजन प्रसारण, बैंक सेवाओं, शेयर बाजार के कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए। हालांकि माइक्रोसाफ्ट के इंजीनियर इस गड़बड़ी को सुधारने में जुट गए, मगर इतने भर से दुनिया भर में अरबों रुपए का कारोबार प्रभावित हो गया। दरअसल, माइक्रोसाफ्ट ने एक नया साफ्टवेयर तैयार किया है, जिससे उपभोक्ताओं को तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित सेवा देने का दावा किया गया था। यह साफ्टवेयर क्लाउड सेवा से जुड़ा हुआ है। उसमें क्राउड स्ट्राइक नामक साइबर सेंधमारी से सुरक्षा प्रदान करने वाले 'एंटीवायरस' को अद्यतन किया गया, तभी से गड़बड़ी शुरू हो गई। कंप्यूटर अपने आप बंद और चालू होने लगे। इससे माइक्रोसाफ्ट कंपनी की साख पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।हालांकि कुछ महीने पहले एलन मस्क ने भी माइक्रोसाफ्ट के 'एज' नामक नए साफ्टवेयर की व्यावहारिकता पर सवाल उठाया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि यह साफ्टवेयर अव्यावहारिक है, जो कई कंप्यूटरों से एक साथ जुड़ जाता है और इस तरह इसकी सुरक्षा विश्वसनीय नहीं रह जाती। मगर तब माइक्रोसाफ्ट की तरफ से जवाब में कहा गया था कि यह साफ्टवेयर उपभोक्ता को कहीं भी बैठ कर आसानी से काम करने की सुविधा देता है। इसमें सेंधमारी का खतरा नहीं रहता। अब फिर से इस साफ्टवेयर की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई है। फिलहाल यह दावा करना मुश्किल है कि किसी साइबर अपराधी ने ऐसी गड़बड़ी पैदा की, पर ऐसी हरकत से इनकार नहीं किया जा सकता। जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती गई है, वैसे-वैसे इसके खतरे भी बढ़ते गए हैं।

### स्थानीय को आरक्षण

कर्नाटक में निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की कवायद पर जहां खुशी का इजहार किया जा रहा है, वहीं इसके विरोधी भी कम नहीं हैं। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने तो एक्स पर आधिकारिक रूप से एक संदेश भी पोस्ट कर दिया था। संदेश बहुत स्पष्ट था कि कर्नाटक में सी और डी ग्रेड की तमाम निजी नौकरियों में स्थानीय लोगों को 100 फीसदी आरक्षण मिलेगा। यह खबर जंगल में आग की तरह फैली और मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट हटा ली। अब कर्नाटक सरकार की ओर से जो आधिकारिक बयान जारी हुआ है, उसके अनुसार, राज्य में निजी कंपनियों की नौकरी में स्थानीय लोगों को आरक्षण दिया जाएगा। यह आरक्षण गैर-प्रबंधन भूमिकाओं के लिए 70 प्रतिशत और प्रबंधन स्तर के पदों के लिए 50 प्रतिशत है। दरअसल, कर्नाटक तेजी से उभरता हुआ राज्य है और बड़ी संख्या में यहां आईटी कंपनियां सक्रिय हैं, जिनमें बड़ी संख्या में अन्य राज्यों के लोग काम कर रहे हैं। जब इन तमाम कंपनियों में आरक्षण लागू हो जाएगा, तब जाहिर है, कर्नाटक के बाहर से आए लोगों के लिए वहां रोजगार के अवसर कम हो जाएंगे। कर्नाटक का यह फैसला स्थानीय रूप से भले ही वहां की राजनीति को पसंद आए, पर यदि अपेक्षाकृत रूप से विकसित हर राज्य ऐसे ही आरक्षण का सहारा लेने लगे, तो उन राज्यों का क्या होगा, जो पिछड़े हुए हैं और जहां जरूरत के हिसाब से बहुत कम रोजगार उपलब्ध है? मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की थी कि 'हमारी सरकार की आकांक्षा है कि कन्नड़ भूमि में किसी भी कन्नड़ को नौकरी से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, ताकि वे शांतिपूर्ण जीवन जी सकें। हमारी सरकार कन्नड़ समर्थक है।' वास्तव में कर्नाटक राज्य अपने इस मकसद को पूरा करने के लिए कानून बनाने जा रहा है और इस विधेयक की समीक्षा अवश्य होनी चाहिए। स्थानीय लोगों को खुश करने के लिए अगर यह आदर्श विधेयक है, तो क्यों न हरेक राज्य इस लागू करें? हालांकि, इसमें उन राज्यों को बहुत नुकसान होगा, जहां निजी नौकरियां कम हैं। सरकारी स्तर पर तो समय-समय पर कुछ राज्य स्थानीय लोगों को खुश करने की कोशिश करते रहे हैं।

## छद्म एवं पाखण्डी बाबाओं से मुक्ति की सार्थक पहल

(ललित गर्ग)

अखाड़ा परिषद का अपना अनुशासन है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष नहीं आ जाए, चरित्रहीनता न आ जाये, आचरण एवं जीवनशैली दूषित न हो जाये, इसे देखते हुए वह समय-समय पर अपने महामण्डलेश्वर व दूसरे संतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच कराता रहता है। भारतीय हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) की ओर से चौदह महामण्डलेश्वरों और संतों के निष्कासन की ताजा कार्रवाई पाखण्डी एवं छद्म बाबाओं से समाज को मुक्त करने का सराहनीय कदम है। अखाड़ा परिषद की गोपनीय जांच में अखाड़ों से जुड़े ये संत धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन एवं अधार्मिक कार्यों में लिप्त पाए गए। ऐसे ही अन्य बाबाओं पर व्यभिचार, दुष्कर्म, जादू-टोटके व दूसरे अनैतिक कार्यों के भी आरोप लगते रहे हैं। इनके अलावा सौ से अधिक संतों को अखाड़ा परिषद ने नोटिस भी दिया है। निष्कासित किए गए संतों को अगले साल होने वाले कुंभ में भी प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़ा परिषद की ताजा कार्रवाई इस तरह के कथित धर्मगुरुओं पर लगाम लगाने की प्रभावी कोशिश मानी जाएगी। इस तरह के प्रयास हर स्तर पर होने चाहिए, ताकि छद्म एवं पाखण्डी धर्मगुरुओं से समाज को मुक्ति मिल सके। आम लोगों में भी विवेक का जागरण जरूरी है, ताकि धर्म को विकृत करने वाली ऐसी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। अखाड़ा परिषद ने कुल चौदह ढोंगी संतों की एक सूची मीडिया में जारी की है। सूची में जेल की हवा खा रहे बाबा रामपाल, गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां, आसाराम, नारायण साई व असीमानंद के अलावा निर्मल बाबा, राधे मां और कई ऐसे इच्छाधारी बाबा शामिल हैं, जो पिछले कुछ सालों में अपनी करनी के चलते विवादों में रहे हैं। गोलगप्पा खिलाकर लोगों की हर समस्या का समाधान करने वाले निर्मल बाबा जैसे ढोंगियों के झांसे में लोग कैसे खिंचे चले आते हैं, इस पर भी अखाड़े की ओर से कई चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं। उनका मानना है कि राधे मां और निर्मल बाबा जादू-टोटके से लोगों को अपनी ओर खींचते हैं। बाबाओं की कारस्तानियों ने सबको सकते में डाल रखा है। महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करना इन बाबाओं की दिनचर्याओं में शामिल था। लाज-शर्म की वजह से कुछ महिलाएं नहीं बोलती थीं, उन्हीं का ये बाबा फायदा उठाते थे। इन बढ़ती त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों के खिलाफ अब पूरा अखाड़ा परिषद मुखर हो उठा है। जरूरत है ऐसे ही अन्य शीर्ष धर्म संगठनों के सक्रिय होकर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाई करने की। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं के मामले में भोले-भाले एवं अशिक्षित लोगों के जीवन के साथ जो खिलवाड़ हुआ है और जिन बाबाओं ने ये कुकर्म किया है, उन्हें ढूंढकर दंड देना ही चाहिए। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं की परंपरा सदैव से दुष्टों के हाथ में रही है। इसका आरंभ किया था महाभारत में शकुनि ने। हमारे समाज एवं राष्ट्र ऐसे बहुत सारे बाबा रूपी शकुनि हैं, जिन्हें हम समय पर पहचान नहीं पाते हैं। कौरवों और पांडवों के बीच जब जुए का खेल हुआ, तो शर्त यही थी कि पांसे शकुनि चलेगा। शकुनि ने पांसे भी ऐसे तैयार किए थे कि उसको परिणाम और प्रश्न मालूम थे। आधुनिक बाबा भी ऐसे ही पांसे चलते हुए हुए कइयों की जिंदगी को नरक बना रहे हैं, कइयों के घर उजाड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान उन लोगों का हुआ है, जो धार्मिक आस्थाओं के प्रति अटूट विश्वास रखते थे, क्योंकि भारत की पहचान सदा से ही साधु-संतों से जुड़ी रही है। लेकिन पिछले एक-दो दशक से कुछ फर्जी बाबाओं ने अपनी काम वासना एवं धनलोलुपता के चलते सबकुछ खंडित कर दिया है। इन बाबा रूपी शकुनियों को दंड देना ही पड़ेगा। आधुनिक बाबाओं की तरह महाभारत का शकुनि कभी किसी से नहीं डरता था, लेकिन वो कहता था, दुर्योधन! मैं इस दुनिया में केवल एक ही व्यक्ति से डरता हूं और वो श्रीकृष्ण हैं। तो हमें भी आधुनिक बाबाओं के लिये श्रीकृष्ण जैसी एक सख्त व्यवस्था लागू करनी पड़ेगी। क्योंकि श्रीकृष्ण जब किसी को दंड देते थे तो अपना और पराया कभी नहीं देखते थे। श्रीकृष्ण धर्म में जय और जय में धर्म देखते थे। वर्तमान में धर्मगुरुओं एवं बाबाओं का जो चरित्र एवं आचरण प्रस्तुत हो रहा है, वह कष्टदायक एवं विनाशकारी है। इसलिये उनके लिये श्रीकृष्ण रूपी अनुशासन-व्यवस्था को सख्ती से लागू करना ही होगा। अखाड़ा परिषद का अपना अनुशासन है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष नहीं आ जाए, चरित्रहीनता न आ जाये, आचरण एवं जीवनशैली दूषित न हो जाये, इसे देखते हुए वह समय-समय पर अपने महामण्डलेश्वर व दूसरे संतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच कराता रहता है। ऐसी ही हाल में की गयी जांच में सामने आया कि धनार्जन में लिप्त रहने वाले संतों की कार्यप्रणाली अखाड़ों की रीति-नीति के विपरीत थी। इनमें कुछ के तो आपराधिक लोगों से भी संबंध सामने आए। राजनेताओं से भी उनके प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। हर समुदाय में संतों का अलग ही स्थान रहता आया है। वे जहां विराजते हैं वह स्थान स्वतः ही उच्च हो जाता है। आज भी बड़ी संख्या में संत-महात्मा समाज को दिशा देने के काम में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। पर बदलते दौर में संत-महात्मा-मुल्ला-मौलवियों व पीर-पगारों के छद्म-पाखण्डी वेश में ऐसे लोग भी सामने आने लगे हैं जो धार्मिक कार्यकलापों की बजाय न केवल अर्थार्जन में जुटे रहते हैं बल्कि अंधविश्वास, व्यभिचार और पाखण्ड को बढ़ावा देने में जुटे हैं। छद्म धर्मगुरु और संत लोगों की धार्मिक श्रद्धा एवं अंधभक्ति का फायदा उठाकर उन्हें ठगते हैं। ऐसे लोगों का गाहे-बगाहे सियासी जुड़ाव भी सामने आता रहता है। ऐसे ही लोग संत समाज को बदनाम करते हैं, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था भी डगमगाने लगती है। धर्मगुरुओं के धन के प्रति बढ़ते आकर्षण ने भी अनेक तरह की विसंगतियों एवं विकृतियों को जन्म दिया है। अब तक धर्म और धर्मगुरुओं के इर्द-गिर्द ठाट-बाट और राजा-महाराजाओं जैसी वैभवपूर्ण स्थितियां ही देखने को मिलती थीं, लेकिन अब ये तथाकथित धर्मगुरु स्वयं व्यापारी बनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों का संचालन कर रहे हैं। एक प्रमुख महिला धर्मगुरु बहुत सारे धार्मिक कार्यों के अलावा अस्पताल, एक टीवी चैनल, इंजीनियरिंग कॉलेज और बिजनेस स्कूल चलाती है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए विश्व धार्मिक सांस्कृतिक सम्मेलन में देखा कि किस तरह से पानी से लेकर खाद्य पदार्थ तक बेचे गए। एक बड़ा पंथ चलाने वाले राम-रहीम ऑर्गेनिक उत्पाद खिलाकर देश को सेहतमंद बनाने की तमन्ना रखते हैं। ये एक ऐसी लंबी सूची है जिसमें वर्तमान के लगभग सभी चर्चित धर्मगुरु ऐसे ही व्यावसायिक कार्यों और लाभकारी इकाइयों से जुड़े हैं।

*राजनीति पर धर्म के अनुशासन की बात उचित है, लेकिन धर्मगुरुओं को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए, इस बात की जरूरत सर्वाधिक है। अपनी लोकप्रियता के बल पर कुछ धर्मगुरु भारतीय राजनीति के बदलते दौर में कुछ सीटें जीतकर सामने आए हैं। धर्मगुरु से राजनीतिज्ञ बन जाने की ये घटनाएं न केवल धर्मक्षेत्र के लिए बल्कि राजनीति के लिए भी घातक हैं।*

## मिर्जापुर, जिसकी असल पहचान कुछ और है

(उमेश चतुर्वेदी)

ओटीटी पर मिर्जापुर का जब भी नया सीजन आता है, मिर्जापुर के निवासियों के सामने नए सिरे से सवालों की बौछार शुरू हो जाती है। जाहिर है कि वे सारे सवाल मिर्जापुर सीरीज के जरिए रची गई छवि के इर्द-गिर्द ही होती है। ओवर द टॉप यानी ओटीटी का मशहूर प्रोग्राम है मिर्जापुर। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि इसका तीसरा सीजन दर्शकों के सामने हाजिर है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह इसके शुरूआती दो सीजन को दर्शकों का प्यार हासिल हुआ, एक बार फिर वैसा ही स्नेह हासिल करने में यह कामयाब रहेगा। मिर्जापुर की सफलता का राज है, इसका बोल्ड कथानक और संवाद। जिसमें ठेठ भोजपुरी अंदाज में गालियों की भरमार है, परिवार के बीच अविश्वसनीय लगने वाला व्यभिचार है। माफिया है, माफिया है तो गोली-बारूद भी होगा। वर्चस्व की जंग भी होगी और राजनीति से उसके काले रिश्ते भी होंगे। जब इतना कुछ होगा तो राजनीति की गोटियां भी होंगी। राजनीतिक उठापटक भी है और राजनीति को साधने के लिए धन, ताकत और सेक्स का तड़का भी है। लेकिन इसमें कुछ नहीं है तो वह है मिर्जापुर। मिर्जापुर की ना तो इसमें मिठास है, ना ही संस्कृति है और ना ही इतिहास। इसलिए जो भी ओटीटी वाले मिर्जापुर से गुजरता है, वह मान लेता है कि मिर्जापुर की धरती त्रिपाठी परिवार जैसे माफियों की बारूद की गंध और गोली की आवाज के बीच ही कहीं अपना अस्तित्व बचाए हुए है, जहां परिवार के अंदर ही अवैध संबंधों की बहुलता है। जहां हर किसी की जिंदगी माफिया के ही इर्द-गिर्द घूमती रहती है। इसके पहले सीजन के सुपर हिट होते वक्त दिल्ली में तैनात एक दक्षिण भारतीय बड़े अधिकारी ने पूछ लिया था कि क्या मिर्जापुर ऐसा ही है, जहां हर व्यक्ति गालियां ही देता रहता है, जहां माफिया राज ही चलता रहता है। ओटीटी पर मिर्जापुर का जब भी नया सीजन आता है, मिर्जापुर के निवासियों के सामने नए सिरे से सवालों की बौछार शुरू हो जाती है। जाहिर है कि वे सारे सवाल मिर्जापुर सीरीज के जरिए रची गई छवि के इर्द-गिर्द ही होती है। मिर्जापुर के मूल निवासी एक बड़े पत्रकार ने तो अब इस बारे में सफाई देनी ही बंद कर दी है। आखिर कितने लोगों को वे बता सकते हैं कि मिर्जापुर वैसा ही नहीं है, जैसा ओटीटी के सीरीज में दिखाया जा रहा है। इसे संयोग ही कहेंगे कि मिर्जापुर से जुड़ी एक काल्पनिक रचना रही चंद्रकांता और दूसरी काल्पनिक रचना है मिर्जापुर सीरीज। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में मिर्जापुर की ही धरती पर रची गई चंद्रकांता। बाबू देवकीनंदन खत्री की यह रचना काल्पनिक होते हुए भी इतनी दिलचस्प है कि उसे अगर पढ़ना शुरू किया तो खत्म किए बिना छोड़ना आसान नहीं है। 1888 में यह रचना छपी थी, तब उसकी लोकप्रियता ऐसी थी कि उसे पढ़ने के लिए लोगों ने हिंदी तक सीखी। कुछ वैसी ही लोकप्रियता मिर्जापुर सीरीज की भी है। कुछ वैसी ही काल्पनिक सीरीज भी है। लेकिन चंद्रकांता और मिर्जापुर में एक अंतर है। चंद्रकांता मिर्जापुर की छवि को नए सिरे से गढ़ती है, जबकि मिर्जापुर उसे बदरंग बनाती है। मिर्जापुर वैसा नहीं है, जैसा उसे सीरीज दिखाता है। मिर्जापुर की और भी पहचान है। यह बात और है कि तकनीकी क्रांति के दौर में वह पहचान मिर्जापुर सीरीज जैसे प्रयासों के पीछे कहीं छुपती जा रही है। भारत राष्ट्र की अस्मिता की पहचान है अशोक चिन्ह। अशोक महान ने इसे जिस लाल पत्थर पर खुदवाया, वह सिर्फ मिर्जापुर में ही मिलता है। बौद्ध स्तूप हों या बौद्ध धर्म के अन्य प्रतीक, ज्यादातर मिर्जापुरी लाल पत्थर पर ही गढ़े गए हैं। सिर्फ देवकीनंदन खत्री ही नहीं, हिंदी साहित्य के कई अन्य दिग्गजों की जन्मभूमि मिर्जापुर है। हिंदी साहित्य के भारतेंदु युग के महत्वपूर्ण निबंधकार रहे बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में उन्होंने मिर्जापुर से ही 'आनंद कादंबिनी' नामक पत्रिका निकाली। हिंदी के प्रसार में ताजिंदगी जुटे रहे प्रेमघन में निबंध और प्रबंध काव्य की कई अनमोल रचनाएं दी हैं। हिंदी के आदि आलोचक रामचंद्र शुक्ल पर भी मिर्जापुरी माटी का कर्ज रहा। उनके पिता मिर्जापुर में तैनात थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5440

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5439

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में प्रबल योग बन रहे हैं और कारोबार में आप कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं। ऑफिस आपको विशेष सम्मान की प्राप्ति होने के योग हैं और आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। शाम को कारोबार में कोई खास लाभ होने से आपके लिए प्रसन्नता का माहौल रहेगा। परिवार के लोगों के साथ मिलकर खुशी मनाएंगे।

### वृष
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझ कर करें। कारोबार में निवेश करने से पहले सोच लें। आपके धन में वृद्धि के योग हैं। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### मिथुन
आज लाभ का दिन है। आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी।

### तुला
आज दिन काफी क्रिएटिव है। आपको अपने कार्य समय से पूरे करने में सफलता मिलेगी और लाभ होगा। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय हैं आज वही करने को मिलेगा और रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और सीनियर से भी सहयोग प्राप्त हो सकता है। परिवार के मामले में आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### वृश्चिक
आज दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपको अपने मन के अनुसार काम करने पर संतुष्टि का अनुभव होगा। आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में किसी कार्यक्रम में जाने से मन प्रसन्न रहेगा।

### धनु
आज दिन काफी व्यस्त रखने वाला है और आपको धर्म और आध्यात्म के मामले कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। आपको उनसे बचकर रहने की सलाह है। रात का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा और आपको धन लाभ होगा।

### कर्क
आज दिन सामान्य है और आपको भरपूर लाभ होगा। व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आपको पुत्र हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

### सिंह
आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस में अगर थोड़ा सा रिस्क उठाएंगे तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नया करें तो आपको लाभ होगा। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है। मौके का फायदा उठाएं और लाभ हासिल करें।

### कन्या
आज दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके जो भी कार्य करें तो आपको लाभ होगा। आपको अभी तक आप कमी रही है।

### मकर
आज दिन सावधानी से बिताने का है। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आएं तो इस बात से बचें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। आपको लाभ होगा और कारोबार के मामले में सुधार होगा।

### कुंभ
आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्य करते रहें, लाभ जरूर होगा। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का लाभ होगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी और मुनाफा अच्छा होगा। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता करें तो आपको लाभ होगा।

### मीन
आज दिन लाभ से भरा होगा। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। आपको नए प्रॉजेक्ट से लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा कर सकते हैं। कोई भी फैसला लेने से पहले हर मामले में सोचविचार कर लें।

## वर्ग पहेली 5440

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 7 सितंबर 1923 को यहां इंटरपोल की स्थापना हुई (3)
3. यह देश पहले फारमूसा कहलाता था जिसकी राजधानी ताइपे है (4)
6. उत्तराखंड या उत्तरप्रदेश में बहने वाली एक नदी जिसे महाकाली नदी या कालीगंगा के नाम से भी जाना जाता है (3)
7. हाथ, हस्त, महसूल (2)
8. कीडों द्वारा निर्मित एकमात्र पदार्थ जो इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
10. एक बार सांस लेने का समय, बल, शक्ति (2)
12. यह संसार की सबसे लंबी नदी है (लंबाई 6650 कि.मी. चौड़ाई 16 कि.मी.)(2)
14. पुनरागत, लौटा हुआ (3)
16. कूटयुक्तिकर्ता, जुगतबाज (4)
17. खुदकाश्त कृषि, घरजोत (2)
18. मटमैले रंग का प्रसिद्ध धातु (2)
20. पत्नी, लक्ष्मी, सरस्वती, स्त्री (2)
21. भगवान विष्णु का पांचवा अवतार (3)
24. भार माप, महत्व (3)
26. भिक्षा झोली, आंचल (2)
27. मुर्गे आदि पक्षी के सिर पर परों का गुच्छा (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**
1. विदेश के लिए बनाई आचार व्यवहार संबंधी नीति (5)
2. जो खुश न हो, अप्रसन्न, खिन्न (3)
3. कुल संख्या, गणना, गिनती, हिसाब (3)
4. वाक्य का अपभ्रंश वाणी (3)
5. एक प्रकार का फूल (4)
9. कंठ, गले की नली (3)
11. गढपति, किलेदार (3)
13. शिष्टता, विवेक, तहजीब, सभ्यता (3)
15. आज्ञा, अनुमति इजाजत,अध्यादेश (5)
19. स्तुति करने वाले को यह भी कहते है (3)
21. वचन, इकरार, प्रतिज्ञा (2)
22. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
23. महिला ईसाई पादरी (2)
25. पंच तत्वों में एक, आब, नीर (2)

### वर्ग पहेली 5439 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पे | इ | चिं | ग | | सु | ल | ह |
| रा | त | | या | मि | नी | | स |
| ई | रा | न | | ल | ल | का | र |
| | ना | ज | नी | न | | म | त |
| मे | | फ | र | सा | | ना | ज |
| घ | न | | द | र | मा | | य |
| दू | भ | र | | | | रि | पु |
| त | | वि | श्व | | सं | त | री |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### युनियन की बैठक में चार सूत्री आंदोलन का श्रेय ऑपरेटर एवं ड्राइवर को दिया

**चाईबासा/गुवा, एजेंसी।** रविवार संध्या 6.00 बजे गुवा राम नगर स्थित बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के कार्यालय में एक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में सर्वप्रथम इंटक के पूर्व जोनल सचिव स्वर्गीय दुचा टोप्पो को श्रद्धांजलि देकर सभा की शुरुआत की गई। उसके बाद जोनल सचिव जयसिंह नायक ने पिछले कई दिनों से संयुक्त यूनियन के चार सूत्री मांगों को लेकर गुवा सेल में चलें आंदोलन की सफलता के लिए माइनिंग विभाग के सभी ऑपरेटर, मोटर गेरेज के बस ड्राइवरों एवं अन्य विभागों के सभी कर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा की आप सभी के सहयोग के बिना यह आंदोलन कभी सफल नही हो सकता था। इंटक यूनियन मज़दुरों के हितों एवं अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा लड़ती रही है और आगे भी लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्रांच सचिव विश्वजीत तांती ने प्रबंधन के साथ हुए समझौते की विस्तार से जानकारी दी। सभा का समापन के दौरान धन्यवाद ज्ञापन सिकन्दर महतो के द्वारा किया गया। इस सभा में जोनल सचिव जयसिंह नायक, ब्रांच सचिव विश्वजीत तांती, कमलजीत सिंह, अनुप नाग, सिकंदर महतो, दशरथ पान, मनोज सिंह, गुरुचरण पान, शम्भू पूर्ति, सूरेश गोप, मंगलू साहू, सुरेंद्र सिन्हा, यशपाल सिंह, सुशील हेंब्रम, भादो टोप्पो, सुरेंद्र मांझी, गगन साहू, अयान गुन, कुंभकरण सामंता, सुदाम चंद्र गिरी सहित काफी संख्या में स्थाई एवं अस्थाई कर्मी उपस्थित थे।

### नक्सलियों ने 25 जुलाई को बुलाया झारखंड-बिहार बंद, पोस्टर-बैनर लगाकर किया ऐलान

**बंदगांव, एजेंसी।** भाकपा माओवादी नक्सलियों ने कराइकेला थाना क्षेत्र में बैनर, पोस्टर लगाकर 25 जुलाई को झारखंड–बिहार बंद और 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाने का ऐलान किया हैं. पोस्टर लगाने के बाद से क्षेत्र में काफी दहशत है. इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भाकपा माओवादी नक्सलियों ने सोमवार देर रात कराईकेला थाना के ओटार पंचायत के महाली साई और चौक समेत आस पास क्षेत्रों में विभिन्न जगह में नक्सलियों ने बैनर और पोस्टरबाजी लगाया गया हैं, जबकि नक्सली बुकलेट भी छोड़ गया है. नक्सलियों द्वारा बैनर व पोस्टर लगाये जाने के कारण के आसपास क्षेत्र के गांवों में दहशत कायम है. नक्सलियों द्वारा बैनर पोस्टर लगाने का सूचना मिलने के बाद कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार अपने पुलिस दल के साथ गांव पहुंच कर बैनर व पोस्टर और बुकलेट को जब्त कर लिया है. नक्सली नेता कॉमरेड जया हेम्ब्रम समेत तीन नक्सलियों के गिरफ्तारी के विरोध में नक्सली संगठन भाकपा माओवादी द्वारा आगामी 25 जुलाई को बिहार झारखंड बंद बुलाया हैं. जब कि नक्सली हर साल 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाते हैं. इस दौरान वे पुलिस की गोलियों से अपने मारे गए साथियों को याद करते हैं और अपने अमर शहीदों के आशयों को पूरा करने और पूंजीवाद, सम्राज्यवाद, नौकरशाही का विरोध करते है.

### स्वर्णरेखा नदी की चट्टानों पर है 21 शिवलिंग, नागवंशी राजाओं ने करायी थी स्थापना

**रांची, एजेंसी।** रांची के चुटिया स्थित स्वर्णरेखा नदी की चट्टानों पर 21 शिवलिंग है. ऐसी मान्यता है कि इन 21 शिवलिंगों पर जलाभिषेक से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. इसी इलाके के निवासी गौतम देब ने बताया कि इन शिवलिंगों की स्थापना नागवंशी राजाओं ने करीब 400 साल पहले करायी थी. उस समय स्वर्णरेखा नदी यहां बहुत निर्मल हुआ करती थी. नागवंशी राजाओं ने अपनी रानियों के लिए इन 21 शिवलिंगों की स्थापना करायी थी. नदी में स्नान के बाद रानियां इनकी पूजा करती थीं. यहां हर कार्तिक पूर्णिमा पर मेला लगता है. वर्तमान में प्रदूषण के कारण यहां नदी की हालत खराब है. इसके संरक्षण की जरूरत है. रविवार 21 जुलाई से देवघर में श्रावणी मेला का शुभारंभ हो गया. झारखंड सरकार के पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर और कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संयुक्त रूप से मेला का उद्घाटन किया. दोनों मंत्री ने कहा कि इस वर्ष पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्रावणी मेला में लगभग 60 लाख श्रद्धालु देवघर आ सकते हैं. इस बार सावन माह का शुभारंभ और समापन दोनों ही सोमवार को हो रहा है. विद्वानों के अनुसार यह दुर्लभ संयोग 72 वर्ष बाद बना है.

# वैद्यनाथ धाम में रिकॉर्ड 1 लाख कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

## बासुकीनाथ में भी 50 हजार भक्तों ने किए दर्शन

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड के देवघर में स्थित वैद्यनाथ धाम में सावन की पहली सोमवारी के मौके पर एक लाख से आधिक कांवड़िया भक्तों ने जलाभिषेक किया। इसके साथ ही देवघर में एक महीने तक चलने वाला श्रावणी मेला शुरू हो गया है। देवघर के पास में ही स्थित बासुकीनाथ धाम में भी सोमवार शाम तक 50 हजार से अधिक भक्तों ने दर्शन-पूजन किया है। देवघर में जलाभिषेक करने के बाद भगवान बासुकी को भी जल चढ़ाने की परंपरा है।



सावन महीने में श्रद्धालु भागलपुर के अजगैबीनाथ में उत्तरवाहिनी गंगा से जल उठाकर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा तय करते हुए देवघर में बाबा वैद्यनाथ को जल चढ़ाते हैं। पूरे कांवड़िया पथ में बोल बम और हर-हर महादेव के घोष गूंज रहे हैं। केसरिया रंग के वस्त्र पहने कांवड़िया कांधे पर कांवर लेकर जयकारों के साथ चलते हुए पूरे वातावरण में श्रद्धा का रस घोल रहे हैं।

अजगैबीनाथ से बाबाधाम तक की कांवर यात्रा अद्भुत है। देवघर में सुबह मंदिर का पट खुलते ही सरदार पंडा गुलाब नंद ओझा ने बाबा की प्रातःकालीन पूजा की। इसके बाद आम भक्तों के लिए पट खोल दिया गया। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच भक्तों ने अरघा के जरिये भोलेनाथ को जलार्पण किया।

दिनभर हल्की वर्षा भी होती रही, लेकिन श्रद्धालुओं पर इसका कोई असर नहीं देखा गया। सावन शुरू होते ही बाबा नगरी में हर ओर केसरिया वस्त्र पहने और कांधे पर गंगाजल बंधा कांवर लेकर चलते कांवड़िया नजर आने लगे हैं। बाबा नगरी में बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष दिन-रात गूंज रहे हैं।

सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर कांवरियों के जलार्पण, भीड़ व कतार नियंत्रण, निगरानी तथा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। वहीं कांवरियों की सुविधा के लिए भी प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। सोमवार सुबह से ही जलार्पण के लिए कांवरियों का तांता लगा रहा। सोमवार को जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िया दो दिन पहले ही सुल्तानगंज से जल लेकर पैदल चल पड़े थे। इनमें ज्यादातर देवघर पहुंचने के बाद रविवार रात से ही कतार में लग गए थे।

सोमवार को देर रात तक कांवड़िया जलार्पण करते रहे। देवघर में हर बार की तरह इस बार भी पूरे सावन अरघा के माध्यम से ही जलार्पण की व्यवस्था की गई है। वीआइपी पूजा की सुविधा भी सावन में उपलब्ध नहीं रहेगी। वहीं, शीघ्र दर्शनम कूपन की व्यवस्था सोमवार को छोड़कर शेष दिनों के लिए बरकरार है।

दुमका में बाबा बासुकीनाथ के दरबार में सावन महीने की पहली सोमवारी पर सुबह तीन बजे ही बाबा मंदिर के कपाट खोल दिए गए। इंद्रदेव ने भी बाबा फौजदारी के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दिनभर रुक-रुककर इंद्रदेव ने रिमझिम फुहारों से कांवरियों पर कृपा की बौछारें की। श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलाभिषेक कराने के लिए मंदिर प्रबंधन व जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी। हर-हर महादेव व बोल-बम का नारा हर ओर दिन-रात सुनाई दे रहा है। जलार्पण करने के लिए श्रद्धालु रविवार रात से ही कतारबद्ध होने लगे थे। मंदिर के सरकारी पुजारी ने रात्रि दो बजे के करीब गर्भगृह के कपाट खोले। पुरोहित पूजन के बाद करीब तीन बजे आम लोगों ने अरघा के जरिये जलार्पण किया।

## सड़क दुर्घटना, जाम पर नियंत्रण के लिए काम करे सड़क सुरक्षा समिति : डीसी




**झारिया, एजेंसी।** सड़क पर होने वाली दुर्घटनाएं, ट्रैफिक जाम, रॉन्ग साइड पर चलने वाले वाहन, शहरी क्षेत्रों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क अवरुद्ध करने वाले आवारा व पालतू पशुओं तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सड़क सुरक्षा समिति गंभीरता से काम करें. यह कहना है उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा का. वह सोमवार को समाहरणालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं. उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करें.

बैठक में गोविंदपुर और निरसा में सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने, कोर्ट मोड़ तथा सरायढेला स्टील गेट में सड़क जाम को दूर करने, जोड़ापीपल मोड़ के पास रंबल स्ट्रिप लगाने, गोविंदपुर मोहन पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर में क्रॉसिंग के दोनों ओर रंबल स्ट्रिप लगाने, झरिया से डिगवाडीह रोड में बने स्पीड ब्रेकर्स पर पेंट करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई. जिला परिवहन पदाधिकारी सीपी द्विवेदी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लगातार समिति द्वारा काम किया जा रहा है. इसके तहत 18 ब्लैक स्पॉट में नियमित सुधार किया गया है. सुधार के बाद 13 स्थान ब्लैक स्पॉट के दायरे से बाहर हो गये हैं. छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है. बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, एनएचएआई दुर्गापुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनीष कुमार, एनएचएआइ धनबाद से राजीव रंजन, एनएच धनबाद के सहायक अभियंता अशोक प्रसाद, आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता पंकज कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे.

## हटिया-बर्धमान मेमू रद्द, 30 मिनट विलंब से चलेगी धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल

**धनबाद, एजेंसी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में ब्लॉक लिया जाना है. इस कारण धनबाद स्टेशन होकर चलने वाली 13504 व 13503 हटिया-बर्धमान मेमू एक्सप्रेस 23, 25 और 29 जुलाई को रद्द रहेगी. 25 और 29 जुलाई को धनबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 02831 धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल को धनबाद से 30 मिनट विलंब से चलेगी. वहीं उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के प्रयागराज स्टेशन पर चल रहे उन्नयन कार्यों के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने वाला है.

गोमो स्टेशन होकर चलने वाली ट्रेन संख्या 18609 रांची-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को पं. दीन दयाल उपाध्याय- मिर्जापुर-प्रयागराज छिवकी- माणिकपुर होकर 24 जुलाई तक चलाया जाना था. इसकी अवधि में विस्तार किया गया है. अब यह ट्रेन 14 अगस्त तक इसी परिवर्तित मार्ग से चलेगी. इस दौरान प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ट्रेन का अतिरिक्त ठहराव होगा. ट्रेन संख्सा 18610 लोकमान्य तिलक- रांची एक्सप्रेस माणिकपुर-प्रयागराज छिवकी- मिर्जापुर- पंडित दीन दयाल उपाध्याय होकर 19 जुलाई तक चलाना था. लेकिन इस अवधि में विस्तार किया गया है, यह ट्रेन नौ अगस्त तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी. इस दौरान इसका भी अतिरिक्त ठहराव प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर होगा. वहीं ट्रेन संख्या 12816 आनंद विहार- पुरी एक्सप्रेस को कानपुर- लखनऊ-पंडित दीन दयाल उपाध्याय होकर 25 जुलाई तक चलाया जाना था. अब यह ट्रेन 15 अगस्त तक परिवर्तित मार्ग से ही चलेगी.

धनबाद स्टेशन होकर चलने वाली ट्रेन संख्या 12495 बीकानेर-कोलकाता एक्सप्रेस आगरा कैंट-बीरांगना लक्ष्मीबाइ झांसी-मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय होकर 25 जुलाई तक चलना था. लेकिन अब यह ट्रेन आठ अगस्त तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी. आगरा कैंट और प्रयागराज छिवकी पर इसका अतिरिक्त ठहराव होगा.

## प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाते हुए एसटी आयोग की सदस्य ने की डीसी पर कारवाई की अनुशंसा

**दुमका, एजेंसी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने दुमका उपायुक्त ए. दोड्डे के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है। आशा लकड़ा ने बताया कि वह पिछले 24 घंटा से वे दुमका में हैं। सोमवार की दोपहर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उसकी उपायुक्त के साथ बैठक होनी थी, पर उपायुक्त बैठक में नहीं पहुंचे और न ही कल से एक बार कॉल कर अपनी व्यवस्तता से संबंधित कोई जानकारी ही शेयर किया है।



एसटी आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने कहा कि यहां प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाई गई है। इसलिए मैंने उपायुक्त के खिलाफ कारवाई के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को लिखा है। पत्र लिखे जाने के बाद पत्र झारखंड के मुख्य सचिव को भी मिल चूका है और इसकी सूचना उपायुक्त दुमका को भी हो गई है। इधर उपायुक्त से इस मामले में बात करने का प्रयास किया गया पर श्रावणी मेला में व्यस्त होने के वजह से बात नहीं हो सकी।

इधर मामले को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने प्रेस कॉफ्रेंस कर जिला प्रशासन पर कई आरोप लगए हैं। प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान आशा लकड़ा ने कहा कि आदिवासियों के हित में चल रही सरकारी योजना का हाल जीरो बटा सन्नाटा है। कहा मैंने दुमका के एसटी छात्र-छात्राओं के लिए संचालित आदिवासी कल्याण छात्रावास को देखा, जिसकी स्थिति काफी दयनीय है। साथ ही कल्याण विभाग के द्वारा आदिवासियों के हित में जो विकास योजनाएं चलाई जा रही है, वह सही ढंग से जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रही है। इन्हीं सब बिंदुओं पर मैंने जिला प्रशासन के साथ बैठक रखी थी, पर उपायुक्त ने इसका रिस्पॉन्स नहीं लिया।

कहा कि जिला प्रशासन ने आयोग का समय बर्बाद किया है। आयोग ने पहले से ही बैठक तय कर रखी थी, पर उस तय समय तक न तो जिला के उपायुक्त पहुंचे, न अधिकारी। जबकि उन्हें इससे संबंधित पत्राचार कर पहले से ही सूचित किया गया था। आशा लकड़ा ने कहा कि संतालपरगना के पाकुड़ व साहिबगंज जिले में आदिवासियों की जमीन को मुस्लिम समाज के लोग हड़प रहे हैं। यहां की कई ऐसी महिला जनप्रतिनिधि है जिनके पति मुस्लिम समाज के हैं। इसका अर्थ यह है कि वह रोटी-बेटी व माटी तीनों को निशाना बना रहे हैं।

### छात्रावास का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली की सदस्य डॉ आशा लकड़ा सोमवार को बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में छात्र छात्राओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली एवं जल्द ही समस्याओं से निराकरण के लिए आश्वासन दी। निरीक्षण के दौरान मीडिया कर्मियों से वार्ता के दौरान कहा कि बालिकाओं के छात्रावास के ठीक समीप में ही उपायुक्त का आवास है। छात्रावास में पानी, बिजली सहित अन्य समस्या है। उपायुक्त को इस मामले में संज्ञान लेनी चाहिए। बालक छात्रावास की भी स्थिति दयनीय है। 100 बेड के जगह 250 छात्र रह रहे है। ऐसे में राज्य सरकार व जिला प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए। निरीक्षण में मिली गड़बड़ी को लेकर सरकार को लिखा जाएगा।

## विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मांगी 32 सीटें

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी राजनीतिक दलों ने शुरू कर दी है। एनडीए जहां चुनावी मैदान में कूद पड़ा है, वहीं महागठबंधन अभी रणनीति को लेकर मशक्कत करता दिख रहा है। महागठबंधन इस बार इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है।



2019 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दल झामुमो-कांग्रेस और राजद ने एक साथ चुनाव लड़ा था, लेकिन 2024 के चुनाव में भाकपा माले समेत अन्य दलों के शामिल होने की संभावना दिख रही है। झारखंड सरकार के तीनों घटक दल 2019 के परिणाम और जिन सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, उसे आधार बनाकर सीटों की दावेदारी करेंगे।

32 सीटों पर कांग्रेस का दावा

2019 में झामुमो ने 43, कांग्रेस ने 31 और राजद ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें झामुमो को 30, कांग्रेस को 16 और राजद को एक सीट पर सफलता मिली और विधायक जीत कर आए। कई उपचुनाव भी हुए, जिसमें मांडर सीट कांग्रेस के खाते में आ गई, जबकि रामगढ़ सीट हाथ से चली गई। हालांकि कांग्रेस जिस 31 सीट पर चुनाव लड़ी थी, उसके साथ-साथ झाविमो की सीट मांडर व पोड़ैयाहाट पर प्रत्याशी उतारने का दावा कर रही है। कांग्रेस ने मांडर के तत्कालीन प्रत्याशी बंधु तिर्की के खिलाफ प्रत्याशी उतारा, जिसमें उसे हार मिली। बाद में जेवीएम के दोनों विधायक बंधु तिर्की व प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वर्तमान में कांग्रेस की 32 सीटों पर दावा है। वहीं, लोकसभा चुनाव के समय मांडू के भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को शामिल कराया। इस सीट पर झामुमो प्रत्याशी उतारता है। ऐसे में जयप्रकाश पटेल के लिए झामुमो बलिदान देगा या फिर वे झामुमो के प्रत्याशी बन चुनाव लड़ेंगे, यह देखना होगा।

हारी हुई सीटों पर मंथन कर रहीं पार्टियां

झामुमो, कांग्रेस और राजद 2019 विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों की समीक्षा कर रहे हैं। जिन सीटों पर दूसरे स्थान पर अगर पार्टी रही होगी तो वहां उसका स्वभाविक दावा बन सकता है, वहीं जिन सीटों पर तीसरा या फिर उससे नीचे का स्थान रहा होगा, वहां गठबंधन के घटक दल के दावों पर भी विचार किया जाएगा। वहीं, भाकपा माले या अन्य वाम दल मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ते हैं तो घटक दलों को सीटों की दावेदारी कम करनी होगी, ताकि उन्हें भी विधानसभा सीट मिल सके। ऐसे में कौन दल अपनी लड़ी हुई सीटें छोड़ता है, इसका निर्णय इंडिया गठबंधन के आला नेताओं की बैठक में लिया जाएगा।

## छात्रों को ड्रेस खरीदने के लिए मिलेंगे 2000 हजार रुपये, कैबिनेट की बैठक में आज लगेगी मुहर

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी। सभी विभागों को इससे संबंधित जानकारी भेज दी गई है। विभागों ने अपने-अपने स्तर से तैयारियां भी शुरू कर दी है।



सूत्रों के अनुसार, नए मंत्रियों के पास जो विभाग हैं, उनमें सर्वाधिक काम हो रहा है। कृषि मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री के विभागों से आधा दर्जन के करीब प्रस्ताव कैबिनेट में आ रहे हैं।

कृषि विभाग से किसानों को दूध पर मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी होगी और वर्तमान में प्रति लीटर तीन रुपये की दर को पांच रुपये प्रति लीटर करने का प्रस्ताव है।

इसी प्रकार झारखंड मिल्क फेडरेशन का संचालन करनेवाली संस्था नेशनल डेयरी विकास बोर्ड का कार्यकाल झारखंड में बढ़ाने का भी प्रस्ताव तैयार है।

ग्रामीण विकास विभाग से कई सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार हो रहा है। शिक्षा विभाग से नौवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए प्रति सेट पोशाक के लिए मिलनेवाली राशि का 600 से बढ़ाकर दो हजार करने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत सहायक नगर निवेशक, नियोजक, कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, पाइपलाइन इंस्पेक्टर, खान निरीक्षक एवं मोटरयान निरीक्षक को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मंत्री चम्पाई सोरेन, रामेश्वर उराँव, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसनए एवं दीपक बिरुवा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

इसके बाद वह प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम रांची के मुड़मा, नगड़ी में होगा।

# झारखण्ड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**चाईबासा, एजेंसी।** झारखण्ड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) के राज्य नेतृत्व के आह्वान पर नौ सूत्री मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। राज्य स्तरीय संघ के द्वारा 2 वर्षों से अपनी मांगों के प्रति सरकार को ध्यानाकर्षित करते रहे हैं। मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार से भी पत्र के माध्यम से अपनी जायज मांगों से अवगत करते रहे हैं। सरकार के स्तर से किसी तरह की 2 वर्षों तक कोई पहल नहीं होने के पश्चात पूरे राज्य के समाहरणालय कर्मियों ने 14 जुलाई को राजभवन स्थित महाधरना देते हुए एकजुट हुए सर्वसहमति से निर्णय लिया था कि यदि सरकार 21 जुलाई तक हमारी मांगों के प्रति सकरात्मक पहल नहीं करती है तो हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

इस बीच कालाबिल्ला लगाकर कार्य करना, कलमबंद हड़ताल करना, कैंडल मार्च निकाल कर सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष ललितेश्वर महतो ने कहा की सरकार से हमें बहुत उम्मीद है परन्तु हमारी जायज मांग के प्रति उदासीन रवैय से हम सभी समाहरणालय कर्मी आहात हैं। जिला सचिव मनोज कुंटिया ने कहा की हमारी सभी मांगें जायज है परन्तु सरकार इस पर कोई विचार नहीं कर रही है, जिससे विवशतापूर्ण होकर हमें हड़ताल ही एकमात्र विकल्प दिखाई दे रहा है। जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा की विगत 2 वर्षों तक राज्य संघ के प्रतिनिधियों द्वारा सरकार से अपनी मांगो को अवगत करने तथा उसे लागु करने का अनुरोध है स्तर पर किया गया। सरकार संघ के प्रति समन्वय स्थापित करने को तैयार हीं नहीं है ऐसे में मजबूरन हड़ताल हीं हम कर्मियों का एक मात्र विकल्प दिखाई दे रहा है। वहीं, जिला




कोषाध्यक्ष सुनील बड़ाईक ने कहा की सरकार हमारी मांगों पर जबतक सकारात्मक पहल नहीं करती है तब तक हड़ताल रहेगा। हमारी सभी मांग जायज है और हमारी लड़ाई पूरी तरह संवैधानिक है। हड़ताल के दौरान कार्यालय अधीक्षक रूप सिंह बानरा, नाथूलाल नाग, श्याम प्रसाद, छवि कर, हरि कृष्णा सिंह लागुरी, प्रधान लिपिक वील्सन डांहगा, ऋषि बोईपाई, दिलीप बिरुआ, कृष्णा चंद्र गागराई, माधव चंद्र हेमब्रोम, सुनील बड़ाइक, निरल केरकेट्टा, सदानंद रजक, अतुल कुमार, मोहन सिँह बानरा, सुशील प्रधान, कुंती पत्रों बेंजामीन बोईपाई लिपिकों मे देवाशीष डे, मयंक कुमार, रोब्बट वादुला, अरुण महाराणा, मनीषा कुमारी, ओम प्रकाश महतो, कुणाल कुंडू, रमेश गोप, मनीषा गोप, सुनीता सुंडी, स्मृति एक्का, तपन कुमार साहू, सबीना जोजो, आयशा रेयाज़, शुभम कुमार, तरुण कुमार, वसीमउद्दीन सहित प्रखंड, अंचल, अनुमंडल सहित जिला मुख्यालय के सभी शाखाओं के कर्मी उपस्थित शामिल थे।

**ये कार्य होंगे प्रभावित :** पूरे राज्य में एक साथ समाहरणालय कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से आम जनमानस को काफी कठनाइयों का सामना करना पड़ेगा। प्रखंड, अंचल, अनुमंडल सहित जिला मुख्यालय के कार्यालयों में सम्पादित होने वाले कार्य पूरी तरह से ठप रहेंगे। ऐसे में आय, आवसीय, ईडब्लूएस, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, मनरेगा योजना, विकास संबंधित कार्य सहित अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय के विधि-व्यवस्था समन्धित कार्य प्रभावित रहेंगे।

**नौ सूत्री मांग :** जिला सयुंक्त सचिव मयंक कुमार ने बताया कि न्यूनतम नियुक्ति ग्रेड वेतन 2400 किया जायेगा तथा अन्य प्रोन्नत पद के वेतनमानों मे संशोधन, निम्नवर्गीय लिपिक से लेकर कार्यालय अधीक्षक तक के पदनामों मे परिवर्तन, विभिन्न शाखाओं मे पद सृजन किया जाना, प्रोन्नति मे कालावधि 8 वर्ष के बजाय 4 वर्ष किया जाय, एमएसीपी 10 के जगह 8 वर्षों मे स्वीकृत किया जाय, अनुसेवियों को लिपिक मे बिना किसी विभागीय परीक्षा के वरीयता के आधार पर प्रोन्नति प्रदान की जाय, अनुबंध कर्मियों को स्थायी किया जाय, सविंदा कर्मियों को सीधे सरकार के स्तर से अनुबंध पर रखते हुए समय सीमा पूर्ण करने के उपरांत उन्हें नियमित किया जाना हमारी नौ सूत्री मांग में शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार



### सपा नेता के हत्यारोपी को पुलिस एनकाउंटर में लगी गोली

**गोंडा, एजेंसी।** यूपी के गोंडा के राजाटोला गांव में 19 जुलाई को चुनावी रंजिश के चलते घर में सोते समय दिनदहाडे सपा से जुड़े ओमप्रकाश सिंह की धारदार हथियार से की गई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक एनकाउंटर में रोहित सिंह नामक आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली भी लगी है। वहीं घटना के आरोपी भाजपा सभासद के घर की बाउंड्री पुलिस ने बुलडोजर से ढहा दी है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि भौरीगंज रोड स्थित नहर पुलिया के पास परसपुर पुलिस की हुई मुठभेड़ में ग्राम नंदौर के बलगर पुरवा निवासी रोहित सिंह के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल रोहित को पहले नजदीकी सीएचसी पहुंचाया जिसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। साथ ही मुख्य आरोपी पिता-पुत्र, लल्लन सिंह के घर की बाउंड्रीवाल ढहा दी गई है। पुलिस ने घर के बाहर खड़े दो ट्रैक्टर और दो बाइक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस लगातार हत्यारोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इसके बावजूद अभी तक मुख्य आरोपी पिता - पुत्र को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पांच दिन बीतने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पूरे गांव और कस्बे के लोगों में डर और गुस्से का माहौल है।

### 05027 देवघर-गोरखपुर श्रावणी मेला स्पेशल का संशोधित समय

**कोलकाता (वि.सं.)।** श्रावणी मेला स्पेशल देवघर से 18:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:20 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन देवघर और गोरखपुर स्टेशन के बीच बांका जंक्शन (आगमन-19:50 बजे/प्रस्थान - 19:55 बजे), बाराहाट जं. (आगमन- 20:50 बजे/ /प्रस्थान- 21:00 बजे), भागलपुर (आगमन- 21:55 बजे/ /प्रस्थान- 22:05 बजे), सुल्तानगंज (आगमन- 22:40 बजे./ /प्रस्थान- 22:45 बजे), मुंगेर (आगमन- 00:30 बजे//प्रस्थान- 00:40 बजे), साहेबपुर कमाल (आगमन- 01:20 बजे./ /प्रस्थान- 01:22 बजे), बेगुसराय (आगमन- 01:55 बजे./ /प्रस्थान- 01:57 बजे), बरौनी (आगमन- 01:57 बजे.) 03:00 बजे/ प्रस्थान- 03:10 बजे), बछवाड़ा (आगमन- 03:30 बजे/ प्रस्थान- 03:32 बजे), शाहपुर पटोरी (आगमन- 04:00 बजे/ प्रस्थान- 04:02 बजे), देसरी (आगमन- 04:30 बजे/ प्रस्थान- 04:32 बजे), हाजीपुर (आगमन- 05:15 बजे/ प्रस्थान- 05:20 बजे), सोनपुर (आगमन- 05:30 बजे/ प्रस्थान- 05:32 बजे), दिघवारा (आगमन- 06:00 बजे/ प्रस्थान- 06:02 बजे), छपरा (आगमन- 07:10 बजे/ प्रस्थान- 07:20 बजे), एकमा (आगमन- 07:43 बजे/ प्रस्थान- 07:45 बजे), सीवान (आगमन- 08:10 बजे/ प्रस्थान- 08:15 बजे), मैरवा (आगमन- 08:33 बजे/ प्रस्थान- 08:35 बजे), भटनी (आगमन- 09:30 बजे/ प्रस्थान- 09:32 बजे), देवरिया सदर (आगमन- 10:00 बजे/ प्रस्थान- 10:02 बजे) और चौरी चौरा (आगमन- 10:33 बजे/ प्रस्थान- 10:35 बजे) स्टेशनों पर रुकेगी।।

### अब हमें समान नागरिक संहिता की जरूरत समझनी होगी, बोले एमपी हाईकोर्ट के जज?

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति अनिल वर्मा ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि कानून बनाने वालों को यह समझने में कई साल लग गए कि तीन तलाक असंवैधानिक है और समाज के लिए बुरा है। अब हमें देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की जरूरत को समझना चाहिए। न्यायमूर्ति वर्मा ने पिछले हफ्ते भारतीय दंड संहिता, मुस्लिम महिला (विवाह के अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 और दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत आरोपों का सामना कर रहे मुंबई की दो महिलाओं की याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति अनिल वर्मा की सिंगल बेंच ने कहा कि समाज में कई अन्य अपमानजनक, कट्टरपंथी, अंधविश्वासी और अति-रूढ़िवादी प्रथाएं प्रचलित हैं। इन प्रथाओं को आस्था और विश्वास के नाम पर छिपाया जाता है। हालांकि संविधान में पहले से ही अनुच्छेद 44 में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता की वकालत की गई है।

# बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय के प्रयासों से कर्मचारियों को मिली गोल्डन कार्ड कैशलेश इलाज की सुविधा

निज संवाददाता



**देहरादून।** बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के कार्मिकों को भी अब राज्य कर्मचारियों की भांति गोल्डन कार्ड की सौगात मिल गयी है। बीकेटीसी) के केनाल रोड कार्यालय सभागार में अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मंगलवार को मंदिर कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड सौंपे। इस अवसर पर कार्मिकों ने बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र का गोल्डन कार्ड बनवाने हेतु किये प्रयासों की सराहना की और आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि बीकेटीसी अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के पश्चात अजेंद्र ने अपने कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए थे। इसके लिए दिसंबर 2022 में सम्पन्न हुई मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना ( एसजीएचएस) के अंतर्गत मंदिर समिति कर्मचारियों के लिए भी गोल्डन कार्ड बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण से स्वीकृति मिलने के बाद कार्मिकों का विवरण जमा कर गोल्डन कार्ड बनवाने का कार्य शुरू हुआ। अब तक डेढ़ सौ से अधिक कार्मिकों के गोल्डन कार्ड बनकर तैयार हो गए हैं। पेंशनर्स के भी गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया गतिमान है। यही नहीं अस्थायी कर्मचारियों के लिए कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) सहित पीएफ का लाभ दिये जाने हेतु बीकेटीसी द्वारा प्रयास किये जा रहे है। इस संदर्भ में कार्यवाई अंतिम चरण में है।आज गोल्डन कार्ड वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य वित्त अधिकारी आनंद सिंह, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, सहायक अभियंता विपिन तिवारी, विधि अधिकारी एसएस बर्त्वाल, पूर्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल, निजी सचिव प्रमोद नौटियाल, प्रबंधक अनसुया नौटियाल, प्रबंधक किशन त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़, प्रबंधक विशाल पंवार, संजय चमोली, दीपेंद्र रावत, कल्पेश्वरी देवी, विनोद नौटियाल, अमित देवराड़ी, राहुल नेगी, सचिन सेमवाल, एकता, पिंकी, रीना, सविता, विजय पंत, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे। बदरीनाथ- केदारनाथ समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा है कि सीता माता मंदिर चाई जोशीमठ स्थित मंदिर का शीघ्र जीर्णोद्धार किया जायेगा इसके लिए पहले ही बोर्ड बैठक में जीर्णोद्धार हेतु प्रस्ताव पारित हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों प्रसिद्ध सीता माता मंदिर चाई जोशीमठ पर दरारे आयी थी स्थानीय श्रद्धालुओं तथा ग्रामीणों ने मंदिर समिति अध्यक्ष को इस बावत अवगत कराया था। इस संबंध बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने उचित कार्यवाई के आदेश किये है ताकि मंदिर में पूजा-अर्चना निर्बाध रूप से चलती रहे। इसी क्रम में आज मंगलवार को बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने चाई गांव स्थित मंदिर समिति के अंतर्गत आनेवाले सीता माता मंदिर का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि 7 जुलाई को चमोली जिले में हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जिसके बाद मंदिर के गर्भगृह से हल्के पत्थर गिरे थे। जिसके बाद लगातार मंदिर के अंदर तथा शिखर पर भी दरारे आ गयी थी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आज मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने मंदिर समिति अधिकारियों के साथ चाई गांव में जाकर सीता माता मंदिर का निरीक्षण किया। जिससे बाद उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं गांव के प्रधान, वरिष्ठजनों की सहमति से फिलहाल अस्थायी तौर पर मंदिर को मंदिर परिसर में स्थित अन्य भवन पर पूजा हेतु सहमति बनी है।इस अवसर पर मंदिर सहायक अभियंता गिरीश देवली, अवर अभियंता गिरीश रावत, ग्राम पंचायत प्रधान शकुंतला देवी, गोपाल पंवार, बृजेंद्र पंवार, सीतामाता मंदिर के पुजारी रघुनंदन डिमरी, विकास सनवाल मौजूद रहे।

## बंगाल भूमि घोटाले में तीसरा टीएमसी नेता गिरफ्तार, सीएम ममता बनर्जी के आदेश पर ऐक्शन



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में कथित भूमि घोटाला मामले में तीसरे टीएमसी नेता की गिरफ्तारी हुई है। सोमवार को दार्जिलिंग जिले में तृणमूल कांग्रेस नेता और नक्सलबाड़ी पंचायत समिति के अध्यक्ष को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया। राज्य भूमि और भूमि राजस्व विभाग ने मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद महीनेभर पहले सीएम ममता बनर्जी ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाने के आदेश दिए थे। गिरफ्तार आरोपी टीएमसी नेता की पहचान असरफ अंसारी के रूप में की गई। अंसारी दार्जिलिंग जिले से गिरफ्तार होने वाले तीसरे सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी के नेता हैं। इससे पहले सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी विकास प्राधिकरण के बोर्ड सदस्य और डाबग्राम-फुलबारी सामुदायिक ब्लॉक में टीएमसी उपाध्यक्ष गौतम गोस्वामी को 5 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। गोस्वामी पर अध्यक्ष देबाशीष प्रमाणिक का करीबी सहयोगी होने का आरोप लगा था। देबाशीष को 25 जून को गिरफ्तार किया गया था। दोनों को दार्जिलिंग जिला पुलिस ने सिलीगुड़ी क्षेत्र में सरकारी जमीन हड़पने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गोस्वामी और प्रमाणिक से पूछताछ के बाद असरफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अंसारी ने मीडिया से कहा, मैं एक साजिश का शिकार हूं। मैं स्थानीय आदिवासी लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रहा था। सिर्फ यही नहीं भाजपा नेता और पार्टी के किसान मोर्चा के पूर्व जिला सचिव उत्तम रॉय को सरकार द्वारा निहित भूमि पर अवैध रूप से एक रिसॉर्ट स्थापित करने के आरोप में 6 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

## यूपी में खोजे जा रहे पासी चेहरे, सपा के बाद अब कांग्रेस एक्टिव

**लखनऊ , एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल पासी समुदाय को लुभाने में अभी से जुट गए हैं। एक तरफ जहां समाजवादी पार्टी और भाजपा के नेता अपने-अपने तरीकों से पासियों को साध रहे हैं, वहीं अब इस लिस्ट में कांग्रेस भी शामिल हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक पासी नेता मसूरिया दीन की आज पुण्य तिथि मनाई। कांग्रेस की ओर से राजधानी लखनऊ के बाहरी इलाके मल्लीहाबाद में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह पासी बहुल क्षेत्र है। इस दौरान पार्टी विचारक के रूप में पासियों के सशक्तिकरण के लिए उनके योगदान पर चर्चा की गई। साथ ही, पासी नेताओं की उपस्थिति में सेमिनार भी आयोजित किया गया। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से सह-निर्वाचित हुए थे। ब्रिटिश शासन के दौरान आपराधिक जनजाति अधिनियम को हटाने को लेकर आंदोलन शुरू करने का श्रेय उन्हें दिया



जाता है। इसके अलावा, उन्होंने अनुसूचित जाति की शिक्षा के लिए भी काफी काम किया। मालूम हो कि वह संविधान सभा के सदस्य थे और आजादी के बाद विधायक व सांसद चुने गए। पासी समुदाय के लिए आज भी उनका बहुत सम्मान करते हैं। अगर उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां जाटवों के बाद पासी दूसरा सबसे बड़ा दलित समुदाय है। ये लोग राज्य की कुल अनुसूचित जाति आबादी का लगभग 16 प्रतिशत हैं। खासतौर से अवध इलाके में इस समुदाय की बड़ी उपस्थिति है। ध्यान रहे कि फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा को हराने वाले सपा नेता अवधेश प्रसाद पासी समाज से आते हैं। हाल ही में अपने शपथ ग्रहण समारोह में सपा सांसद ने 2 पासी चेहरों (उदा देवी और महाराजा बिजली पासी) का जिक्र किया था।

पिछले कुछ चुनावों में ऐसे देखा गया है कि पासी समुदाय ने बड़े पैमाने पर भाजपा के पक्ष में वोट दिया है। हालांकि, हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उनका झुकाव इंडिया गठबंधन की ओर देखा गया। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि यह बदलाव गठबंधन में पासी की उपस्थिति के कारण हुआ है। दूसरी ओर, सपा को भी लगता कि यह उसके रैंक में समुदाय की बढ़ती भागीदारी के कारण है। यह स्थिति बीजेपी के लिए जरूर चिंता खड़ी करने वाली है। यह देखना होगा कि भाजपा नेताओं की ओर से इस दिशा में क्या कदम उठाए जाते हैं।

# मुख्यमंत्री से उत्तराखण्ड तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पदाधिकारियों ने की भेंट

विशेष संवाददाता




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में उत्तराखण्ड तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पदाधिकारियों ने भेंट कर मुख्यमंत्री को उनके 03 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई दी। उन्होंने चारधाम यात्रा को व्यवस्थित करने के लिए गठित किये जाने वाले प्राधिकरण या किसी अन्य संस्था के गठन के सबंध में लिये गये निर्णय तथा कैबिनेट द्वारा राज्य के चारधाम और अन्य प्रमुख मंदिरों के नाम ट्रस्ट या समिति गठित किये जाने के विरूद्ध कठोर विधिक प्राविधान किये जाने के निर्णय के लिए भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे देशभर में चारधामों के जो करोडों श्रद्धालु हैं उनमें किसी तरह के भ्रम की स्थिति नही होगी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह राज्य सरकार का अच्छा निर्णय है और देवस्थानम बोर्ड का निर्णय वापस लिये जाने के बाद तीर्थ पुरोहितों के हित में लिया गया निर्णय है जिसका सभी तीर्थ पुरोहित, पुजारी, रावल और सभी लोग स्वागत करते हैं। उत्तराखण्ड तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से चार धाम के महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व और मेलों के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया ताकि स्थानीय स्तर पर इन आयोजनों को दिव्य और भव्य ढंग से आयोजित किया जा सके। उन्हांने चारधाम यात्रा को व्यवस्थित करने के लिए गठित की जाने वाली प्रस्तावित प्राधिकरण या किसी अन्य संस्था के गठन से पूर्व चार धाम के तीर्थ पुरोहित्तों, मंदिर समितियों, तीर्थ पुरोहित महा सभाओं के साथ ही हित धारकों को विश्वास में लिये जाने की भी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। चार धाम यात्रा से संबधित वीडियो, अपुष्ट और भ्रामक प्रचार प्रसार करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने तथा यात्रा काल में पंजीकरण व्यवस्था के चलते कोई तीर्थ यात्री चार धाम आने से वंचित न रह जाये। इसके लिये जनहित में पंजीकरण व्यवस्था को पूरी तरह से समाप्त किये जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कैबिनेट द्वारा राज्य के चार धाम व अन्य प्रमुख मन्दिरों के नाम से ट्रस्ट या समिति गठित किये जाने के विरूद्ध कठोर विधिक प्राविधान किये जाने से जन समान्य में असमंजस की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। साथ ही स्थानीय परम्पराओं एवं धार्मिक मान्यताओं को भी ठेस नहीं पहुंचेगी तथा स्थानीय स्तर पर आक्रोश की भी सम्भावना नहीं रहेगी। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा कड़े विधिक प्राविधान लागू किये जाने का निर्णय कैबिनेट द्वारा राज्य हित में लिया गया है। अब राज्य के अन्दर अथवा राज्य के बाहर कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था किसी समिति अथवा ट्रस्ट का गठन कर राज्य के चार धामों एवं प्रमुख मंदिरों के नाम पर समिति अथवा ट्रस्ट का गठन नहीं कर पायेगा। इससे इस संबंध में उत्पन्न विवाद का भी समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा को बेहतर बनाने तथा आने वाले 30 वर्षों की यात्रा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार चारधाम यात्रा को व्यवस्थित करने के लिए प्राधिकरण या किसी अन्य संस्था के गठन की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसमें तीर्थ पुरोहितों और हित धारकों की राय भी ली जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने तीर्थ पुरोहितों के अनुरोध पर प्रत्येक धाम में आयोजित होने वाले दो धार्मिक आयोजनों एवं पर्वो के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के तहत श्रद्धालुओं के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। यात्रा के दूसरे चरण में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही व्यवस्थाएं खुली रखी जाएगी। चार धाम आने वाले किसी भी यात्री को असुविधा न हो इसके हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, चारधाम महापंचायत के महासचिव डॉ बृजेश सती, किशोर भट्ट, यमुनोत्री तीर्थ पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल, चारधाम महापंचायत के मीडिया प्रभारी रजनीकांत सेमवाल, उपाध्यक्ष अमित उनियाल, गंगोत्री धाम के आलोक सेमवाल, लखन उनियाल, सुरेश हटवाल, रमेश कोठियाल, चिंतामणि हटवाल, गौरव, हार्दिक, शिवम, सुशील एवं डॉ मनीष सेमवाल आदि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में नई दिशा और गति प्रदान करेगा बजट : सीएम

विशेष संवाददाता




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में आम बजट 2024-25 को लेकर प्रेस वार्ता की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह बजट भारतवासियों की आकांक्षाओं को साकार करेगा व देश को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट सदन के पटल पर रखा है वह ऐतिहासिक, दूरदर्शी, समावेशी, सर्वस्पर्शी और सर्वग्राही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट 2024-25 में उत्तराखण्ड में दैवीय आपदा से होने वाले नुकसान के लिए विशेष सहायता पैकेज देने की घोषणा करने हेतु समस्त प्रदेशवासियों की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस विशेष पैकेज के माध्यम से प्रदेश में आपदाओं से होने वाली क्षति राज्य की विकास की गति को बाधित नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने विकसित भारत के लिए 9 प्राथमिकताओं को बजट में शामिल किया है जो भारत के समग्र विकास को सशक्त करने कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह बजट आम आदमी के जीवन में खुशहाली लाने का काम करेगा। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के चौथे चरण की शुरुआत के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए 25,000 ग्रामीण क्षेत्रों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए PMGSY का चरण चार शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी को और मज़बूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई कर प्रणाली में स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार करने पर सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आम बजट में देशभर में 12 नए इंडस्ट्रियल पार्क बनाने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में गत वर्ष हुई ग्लोबल इनवेस्ट समिट में साढ़े तीन लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश करार हुए हैं। ऐसे में इंडस्ट्रियल पार्कों के निर्माण से उत्तराखण्ड को भी लाभ मिलने की आशा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट गरीब, महिला, युवा और किसानों पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बजट थीम में रोजगार, स्किलिंग, MSME, मिडिल क्लास को विशेष रूप से शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में भूस्खलन और अतिवृष्टि से हुए नुकसान को लेकर बजट में केंद्र सरकार द्वारा अतिरिक्त सहायता प्रदान करने हेतु प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर ऊर्जा को प्रोत्साहित किया गया है। इससे, राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को इसका निश्चित लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण बिन्दु शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को 10 लाख तक का लोन देने की व्यवस्था की गई है। स्किल लोन के तहत अब 7.5 लाख तक का लोन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मुख्य फसलों पर केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पहली नौकरी वालों के लिए 1 लाख रुपए से कम सैलरी होने पर, EPFO में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी। इसके साथ ही एजुकेशन लोन के तहत जिन्हें सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है, उन्हें देशभर के संस्थानों में एडमिशन के लिए लोन मिलेगा। लोन का 3 परसेंट तक पैसा सरकार देगी। इसके लिए ई-वाउचर्स लाए जाएंगे, जो हर साल एक लाख स्टूडेंट्स को मिलेंगे। केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुँचाने में नई दिशा और गति प्रदान करेगा।

# आगामी 2 साल के लिए प्रभावी नीति बनाए सेतु आयोग : सीएम धामी



**देहरादून (वि.सं.)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में नवगठित सेतु आयोग की कार्ययोजना से सम्बन्धित प्रस्तुतीकरण का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि सेतु आयोग आने वाले 2 साल के लिए प्रभावी नीति बनाए। सेतु द्वारा कौशल विकास और स्वरोजगार की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। प्रयास किये जाएं कि राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। स्किल डेवलपमेंट प्लान और योजनाओं के सरलीकरण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी कार्ययोजना बनाई जा रही है, आगामी 02 सालों में वे पूर्ण रूप से धरातल पर दिखें। उन्होंने जनपदों के विकास के लिए उनकी भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल विकास की योजनाओं पर कार्य किये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेतु आयोग के गठन का उद्देश्य राज्य में मजबूत एवं सुदृढ़ नीतियां बनाना, योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना, प्रभावी कार्य संस्कृति को विकसित करना, विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन एवं योजनाओं पर प्रभावी निगरानी रखें जाने के लिए किया गया है। सेतु आयोग ऐसी योजनाओं पर कार्य करें, जिसमें राज्य का समग्र विकास प्राथमिकता में हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों के लिए रिजल्ट ओरिएंटेशन एवं गुड गवर्नेंस आधारित कार्य योजनाओं पर कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचे, इसके लिए विभिन्न माध्यमों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रचार-प्रसार के लिए सरल तरीके अपनाये जाएं। यदि आवश्यकता हो तो यूजर फ्रेंडली पोर्टल (यूजर फ्रेंडली एप्लीकेशन ) भी बनाए जाए। आम जनता को अपनी योजनाओं के बारे में पता हो, इसके लिए टेक्नोलॉजी का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाय। उन्होंने कहा राज्य में डाटा इकोसिस्टम बनाने पर भी कार्य हो, जिससे योजनाओं का आंकलन करने में आसानी हो एवं विभागों के आउटकम की मॉनिटरिंग भी हो सके। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, उपाध्यक्ष सेतु राजशेखर जोशी, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, अपर सचिव डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, नियोजन विभाग के मनोज पंत उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को मिलेगा ओलंपिक ऑर्डर सम्मान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनकी उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह ओलंपिक के समापन से एक दिन पहले 10 अगस्त को पेरिस में 142वें आईओसी सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा।

**आईओसी अध्यक्ष ने दी बधाई**

आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाच ने बिंद्रा को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, मुझे आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक आंदोलन में आपकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित करने का फैसला किया है।

**खेल मंत्री ने दी बधाई**

वहीं, खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ओलंपिक आंदोलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई! उनकी उपलब्धि हमें गर्व से भर देती है और वे वास्तव में इसके हकदार हैं। उनके नाम ने ही निशानेबाजों और ओलंपियनों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है।

### चामरी अटापट्टू ने महिला एशिया कप में जड़ा ऐतिहासिक शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान चामरी अटापट्टू के नाबाद शतक के बाद शशिनी गिमहानी के फिरकी के जादू से श्रीलंका ने महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के में मलेशिया को 144 रन से रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। श्रीलंका ने कप्तान चामरी की 69 गेंद में 14 चौकों और सात छक्कों से करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 119 रन की पारी की मदद से चार विकेट पर 184 रन बनाए। चामरी ने हर्षिता समरविक्रम (26) के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 और अनुष्का संजीवनी (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की। बता दें कि चामरी अटापट्टू महिला एशिया कप में शतक जड़ने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

मलेशिया की ओर से विनिफ्रेड दुरईसिंगम सबसे सफल गेंदबाज रही जिन्होंने 34 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में मलेशिया की टीम 15 साल की बाएं हाथ की स्पिनर गिमहानी (नौ रन पर तीन विकेट), कविषा दिलहारी (चार रन पर दो विकेट) और काव्या काविन्दी (सात रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.5 ओवर में सिर्फ 40 रन पर ढेर हो गई। मलेशिया की ओर से एल्सा हंटर (10) ही दोहरे अंक में पहुंच पाई। ग्रुप के एक अन्य मैच में बांग्लादेश ने थाईलैंड को सात विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की।

# ओलंपिक में मेडल को दांतों से क्यों काटते हैं खिलाड़ी... क्या यह कोई नियम है?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 का आगाज इसी हफ्ते 26 जुलाई को होगा. यह गेम्स 11 अगस्त तक चलेंगे. इस बार ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे. इनसे रिकॉर्ड मेडल जीतने की उम्मीद है. मगर यहां हम कुछ जरा हटकर बात करने वाले हैं. यह किसी एथलीट के मेडल जीतने के बाद उसे दांतों से काटने के बारे में है. ओलंपिक हो, कॉमनवेल्थ या फिर एशियन गेम्स... फैन्स ने अक्सर पोडियम पर खड़े होकर अपने मेडल को काटते हुए एथलीट्स की तस्वीरें देखी हैं. अब सवाल यह भी है कि किसी भी बड़े टूर्नामेंट में जब कोई एथलीट मेडल जीतता है, तो वो पोडियम पर खड़े होकर उसे दांतों से क्यों काटता है?



**जब मुद्रा के रूप में सोने के सिक्के चलते थे**

क्या यह कोई नियम है या कोई परंपरा है? फैन्स हमेशा ही इस सवाल को लेकर कन्फ्यूज और जवाब जानने को उत्सुक होते हैं. मगर जब इसी सवाल को मन में लेकर जब इतिहासकारों की बातों पर ध्यान केंद्रित किया जाए तो माजरा कुछ अलग ही दिखता है.

इतिहास के मुताबिक, पुराने समय में जब मुद्रा के रूप में कीमती धातु का इस्तेमाल होता था. तब सोने के सिक्कों की प्रामाणिकता की जांच के लिए व्यापारी उनको काटते थे. क्योंकि सोना नरम धातु है और थोड़े ही दबाव में फट सा जाता है. यदि उसे कुतरा जाए तो वो अपनी छाप छोड़ देता है. 1912 के बाद सोने के शुद्ध मेडल देना बंद हुआ मगर मेडल को दांतों से काटने का मतलब उसकी शुद्धता की परख करना नहीं होता है. खिलाड़ियों के बारे में ऐसा कहना भी ठीक नहीं होगा. बता दें कि 1912 से पहले शुद्ध सोने के मेडल दिए जाते थे. मगर इसके बाद से इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी ने शुद्ध स्वर्ण पदक देना बंद कर दिया था.

मगर ऐसा नहीं है कि उन्होंने मेडल को दांतों से काटने के कारण ऐसा किया है. ऐसा भी कहा जाता है कि 1912 से पहले भी एथलीट मेडल को अपने दांतों से काटते थे. तब वे सोने की शुद्धता के लिए करते थे. मगर यह परंपरा 1912 के बाद अब भी कायम है. हालांकि अब मेडल को दांतों के काटने के पीछे दूसरी धारणा मानी जाती है. कहा जाता है कि एथलीट ऐसा करके अपनी प्रतियोगिता में उनकी कड़ी मेहनत, टक्कर और जोश को दर्शाता है.

इसके अलावा एथलीट अपने मेडल को दांतों से क्यों काटते हैं इसको लेकर ओलंपिक की वेबसाइट पर भी एक जानकारी दी गई है. ओलंपिक के मुताबिक एथलीट सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए मेडल को दांतों से काटते हैं. जब एथलीट अपना मेडल लिए पोडियम पर खड़े होते हैं, तब फोटोग्राफर उनसे मेडल दांतों से काटने जैसा पोज बनाने को कहते हैं.

**● फोटोग्राफर के लिए एथलीट ऐसा पोज देत हैं**

इसको लेकर फोटोग्राफर का मानना कुछ अलग ही होता है. वो हमेशा ही एथलीट से इस पोज की मांग करते हैं. फोटोग्राफर के लिए यह पोज एक शान होती है और उनका मानना है कि यह शानदार पोज अगले दिन अखबार के फ्रंट पेज पर छपेगा. यही कारण है कि फोटोग्राफर खुद ही एथलीट्स से इस पोज की अपील करते हैं. इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ओलंपिक हिस्टोरियंस के पूर्व अध्यक्ष डेविड वालेचिन्स्की ने सीएनएन को बताया था, यह फोटोग्राफरों के लिए एक जरूरी पोज बन गया है. मुझे लगता है कि वे इसे एक प्रतिष्ठित शॉट के रूप में देखते हैं, जिसे शायद वे आसानी से बेच सकते हैं. मुझे नहीं लगता कि यह ऐसा कुछ है जो एथलीट खुद से करें.

# स्कॉटलैंड के चार्ली कैसल ने तोड़ा कगिसो रबाडा का रिकॉर्ड

## एकदिवसीय डेब्यू पर 7 विकेट लेकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्कॉटलैंड के तेज गेंदबाज चार्ली कैसल ने सोमवार को अपने डेब्यू मैच में ही एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इतिहास रच दिया। चार्ली कैसल ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 के एक मैच में ओमान के खिलाफ 5.4 ओवर में 21 रन देकर 7 विकेट हासिल किए। इसके साथ ही उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का 9 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।



कैसल को टीम में एक अन्य तेज गेंदबाज क्रिस सोल की जगह पर लिया गया था। क्रिस सोल व्यक्तिगत कारणों से उपलब्ध नहीं थे। कैसल ने अपनी पहली ही गेंद पर पूर्व ओमान कप्तान जीशान मसूद को एलबीडब्ल्यू आउट कर धमाकेदार शुरुआत की। अपनी दूसरी गेंद पर उन्होंने अयान खान को बोल्ड कर दिया। यह पहला मौका था, जब किसी गेंदबाज ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहली दो गेंदों पर दो विकेट लिए हो। कैसल का शानदार डेब्यू जारी रहा और उन्होंने 18वें ओवर में महरान खान को आउट कर पांच विकेट पूरे किए।

इसी के साथ वह उन चुनिंदा 15 गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए, जिन्होंने एकदिवसीय डेब्यू पर पांच विकेट लिए हैं। लेकिन कैसल की गेंदबाजी यहीं नहीं रुकी, उन्होंने ओमान के निचले क्रम के बल्लेबाजों को भी जल्द आउट कर दिया, और अपने पहले वनडे मैच में 21 रन देकर 7 विकेट चटकाए। यह एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भी गेंदबाज द्वारा डेब्यू मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा के नाम था, जिन्होंने 2015 में बांग्लादेश के खिलाफ अपने डेब्यू मैच पर 6 विकेट लिए थे।

रबाडा ने तब 16 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

कैसल अब एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन की सूची में सातवें स्थान पर हैं। ओमान की पूरी टीम 21.4 ओवर में 91 रन पर सिमट गई। ओमान की ओर से प्रतीक अठावले ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, और उनके अलावा केवल दो ही बल्लेबाज ऐसे रहे, जिन्होंने दहाई का आंकड़ा छुआ। स्कॉटलैंड की टीम ने यह लक्ष्य 8 विकेट और 196 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिया।

**पेरिस ओलंपिक**

# पेरिस ओलंपिक से पहले सुमित नागल की शानदार जीत

**● क्लेन को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागल ने पहला सेट जीता लेकिन क्लेन ने दबदबा बनाकर दूसरे सेट को आसानी से अपने नाम कर लिया। विश्व रैंकिंग में 80वें स्थान पर काबिज नागल निर्णायक तीसरे सेट में 3-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए मैच को टाई-ब्रेक तक खींचा।



पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होगी।

इससे पहले भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को ऑस्ट्रिया में एटीपी 250 कित्जबुहेल ओपन के शुरुआती दौर में स्लोवाकिया के लुकास क्लेन को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हरा दिया। ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नागल ने 6-4, 1-6, 7-6 (3) से जीत दर्ज की। आगामी टूर्नामेंट से पहले यह उनकी शानदार जीत है। नागल ने पहला सेट जीता लेकिन क्लेन ने दबदबा बनाकर दूसरे सेट को आसानी से अपने नाम कर लिया।

विश्व रैंकिंग में 80वें स्थान पर काबिज नागल निर्णायक तीसरे सेट में 3-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए मैच को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई-ब्रेक में नागल एक बारे फिर लय हासिल करने में सफल रहे और 7-3 की जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अंतिम 16 में उनके सामने स्पेन के चौथी वरीयता प्राप्त पेड्रो मार्टिनेज की चुनौती होगी। मार्टिनेज विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर है।

**एमएलसी: 2024**

# महिला प्रशंसक के कंधे पर लगा कीरोन पोलार्ड का सिक्स, मिलकर मांगी माफी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने अपने व्यवहार से दर्शकों का दिल जीत लिया। दरअसल, इस समय अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट 2024 चल रही है।

टूर्नामेंट का 19वां मैच एलए नाइट राइडर्स और एमआई न्यूयॉर्क के बीच हुआ। मैच के दौरान पोलार्ड द्वारा स्टैंड में लगाया गया छक्का एक महिला प्रशंसक को लगा। मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान उन्होंने न सिर्फ फैन के बारे में पूछताछ की, बल्कि उससे मिलने भी गए।

टीम को सपोर्ट करने स्टेडियम में आई एमआई न्यूयॉर्क की फैन के हाथ में झंडा भी था। महिला फैन जब चोटिल हो गई तो मैच के बाद पोलार्ड उससे मिलने पहुंचे। उन्होंने ऑटोग्राफ दिया और महिला और उसके पति के साथ सेल्फी ली। इस दिल छू लेने वाली बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। पोलार्ड ने प्रशंसक से मुलाकात करते हुए कहा कि मैं विनम्रतापूर्वक माफी मांगता हूं। मैं कम से कम इतना तो कर ही सकता हूं।

# हैलो इंडिया, आइए एक साथ आएं- पेरिस ओलंपिक में गए भारतीय एथलीट्स के लिए बोले ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं। भारतीय दल, जिसमें 117 एथलीट शामिल हैं, पेरिस में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदक जीतने पर नजर लगाए होंगे, जो 26 जुलाई से शुरू होगा।

ग्रीष्मकालीन खेलों से पहले, टी20 विश्व कप चैंपियन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर एथलीटों के लिए एक वीडियो संदेश साझा किया और इसे कैप्शन दिया- पेरिस में तिरंगा ऊंचा लहराए। हमारे भारतीय ओलंपिक एथलीटों को पेरिस 2024 के लिए शुभकामनाएं।

पंत ने वीडियो संदेश में कहा कि हैलो इंडिया, आइए एक साथ आएं और हमारे भारतीय ओलंपिक एथलीटों का समर्थन करें जो हमारे देश को गौरवान्वित करने के लिए वर्षों से अथक प्रयास कर रहे हैं। आइए उनकी कड़ी मेहनत के लिए अपनी सराहना दिखाएं वे दुनिया के सबसे बड़े मंच पर चमकते हैं। भारत ने टोक्यो संस्करण में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित सात पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ पदक हासिल किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भी भारतीय ओलंपिक संघ को वित्तीय सहायता प्रदान करके भारतीय एथलीटों के समर्थन में सामने आया है।



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पिछले रविवार को घोषणा की कि बोर्ड अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान करके भारत के पेरिस ओलंपिक 2024 दल का समर्थन करेगा। शाह ने एक्स के पास जाकर निर्णय की घोषणा की और भारतीय दल को शुभकामनाएं भी दीं।

# टी-20 विश्व कप 2024 से आईसीसी को 167 करोड़ का नुकसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप आयोजन ने आईसीसी के कुछ पदाधिकारियों के बीच चिंता पैदा कर दी है। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर (करीब 167 करोड़ रुपये) से अधिक का नुकसान हुआ है। पता चला है कि टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण के लिए आवंटित बजट लगभग 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

यह पाया गया कि बजट में काफी इजाफा हुआ। इस पर आईसीसी के कुछ प्रभावशाली बोर्ड सदस्यों ने आपत्ति जताई। खराब स्तर की 'ड्रॉप इन' पिचों, टिकट प्रणाली और साजो-समान से जुड़े मुद्दों ने आईसीसी की परेशानी और बढ़ा दी है। विभिन्न निविदाएं सौंपे जाने को लेकर भी चिंता जताई गई है। समझा जाता है कि समिति आईसीसी के कुछ शीर्ष पदाधिकारियों की भूमिका की भी गहन जांच करेगी।

**अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड पर लटकी निष्कासन की तलवार**



आईसीसी के प्रतियोगिता प्रमुख क्रिस टेटली ने पहले ही इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, आधिकारिक कारण यह बताया गया था कि हर साल होने वाले आईसीसी के प्रमुख टूर्नामेंटों (पुरुष और महिला) का असर पड़ रहा है। आईसीसी ने टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की।

समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोस और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। 'आईसीसी के अनुसार, 'आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी।

आईसीसी के एसोसिएट सदस्यता मानदंडों के अनुसार, यूएसएसी दो नियमों संचालन (2.2 बी (द्व)) और प्रशासन तथा कार्यकारी ढांचे (2.2 बी पर खरा नहीं उतरता। पता चला है कि यूएसएसी ने यूएसए ओलंपिक और पैरालंपिक समिति (यूएसओपीसी) के मानदंडों का पालन नहीं किया है, जो 2028 में लॉस एंजिल्स खेलों का हिस्सा बनने के लिए राष्ट्रीय शासी निकाय (एनजीबी) के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है, जहां क्रिकेट पदक कार्यक्रमों में से एक है।

**रद्द हो सकती है यूएसएसी की मान्यता**

यदि यूएसएसी, अपने वर्तमान स्वरूप में यूएसओपीसी दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहता है तो लॉस एंजिल्स ओलंपिक गेम्स आयोजकों को पूर्व की मान्यता रद्द करने और एक नया एनजीबी बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दूसरा कारण सीईओ की नियुक्ति न होना माना जाता है, जो किसी भी क्रिकेट बोर्ड के लिए जरूरी है। बयान के मुताबिक, 'अमेरिका क्रिकेट और क्रिकेट चिली को औपचारिक रूप से नोटिस दिया गया है और आईसीसी सदस्यता मानदंडों के अपने वर्तमान गैर अनुपालन को सुधारने के लिए उन्हें 12 महीने का समय दिया गया है।'

## एक नजर

### किसान मजदूर छात्र जागरूकता अधिकार मोर्चा का गठन

**औरंगाबाद(नि.सं.)।** शहर के कर्पूरी स्मारक में मंगलवार छात्रों, किसानों और मजदूरों की संयुक्त हुई बैठक में किसान मजदूर छात्र जागरूकता अधिकार मोर्चा नामक एक सामाजिक संगठन गठित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सूर्यदेव यादव को संयोजक चुना गया। यह संगठन औरंगाबाद सहित पूरे बिहार में किसान मजदूर एवं छात्रों के अधिकार की लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ेगा। संगठन का बाद में विस्तार किया जाएगा। बैठक में बलिंदर यादव, उमेश कुमार यादव, रामपुकार गुप्ता, गणेश मालाकार, विक्की कुमार, सूरजपत यादव एवं दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### डिंगराही मे मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के डिंगराही गांव मे सोमवार को मामूली विवाद मे दो पक्षो में हुई मारपीट की घटना को लेकर दोनो पक्षो ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन मे जुट गई है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि प्रथम पक्ष के जितेंद्र कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है की हमलोग खेत मे कार्य कर रहे थे। उसी समय रामध्यान यादव और उनकी बेटी व पत्नी आयी और मारपीट करना शुरू कर दिया। मामले मे तीनो को आरोपी बनाया गया है। वही दूसरे पक्ष से नेहा कुमारी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमे आरोप लगाया गया है की मैं अपने घर मे खाना बना रही थी।

### भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा बजट : मेहता

**औरंगाबाद (का.सं.)।** लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए 2024-25 के बजट की भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह सासाराम लोकसभा प्रभारी संजय मेहता ने सराहना की है। कहा कि यह किसानों को तोहफा हैं। युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए, टैक्सपैयर्स के लिए सफल एवं ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने कहा कि जनता ने हमारी सरकार को भारत को मजबूत विकास और सर्वांगीण समृद्धि के पथ पर ले जाने का अनूठा अवसर दिया है। यह बजट भारत के सर्वांगीण विकास के लिए नील का पत्थर साबित होगा।

### सपुरा में मोटरसाइकिल चोर सक्रिय, फिर हुई बाइक चोरी

**हसपुरा(औरंगाबाद) (का.सं.)।** हसपुरा क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात कम हीं नहीं हो रहा है। बीते दिनों हसपुरा चौराहीं रोड से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। थाना में दिये गये आवेदन अनुसार टाल गांव निवासी अनूप सिंह ने अपना मोटरसाईकिल हीरो हौंडा स्प्लेंडर प्रो, जिसका नम्बर बीआर 01 एजेड 9227 को भास्कर नगर चौराहीं रोड हसपुरा निवासी जयप्रकाश गुप्ता के हाथों 2017 में बेच दिया था। जयप्रकाश के यहां गाड़ी लगाने की जगह नहीं होने के कारण प्रतिदिन रात में मोटरसाइकिल अपने घर के दरवाजे पर ही लगाता था।

### हंगामा कर रहे नशेड़ी को पुलिस ने दबोंचा

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज शहर के बाबूगंज के पंकज कुमार सिंह को नशे की हालत में घर में हंगामा करने पर रफीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि नशे की हालत में घर में झगड़ा एवं हंगामा कर रहा था। इसकी सूचना परिवार वालों ने 112 को दिया।त् वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर जाकर पकड़ा। जांच कराई गई। जांच में अल्कोहल सेवन करने की पुष्टि हो गई। उसे गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया है।

### जज आवास का छत गिरा, बाल बाल बचा होमगार्ड का जवान

**औरंगाबाद(का.सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के सामने न्यायिक पदाधिकारियों के आवासीय परिसर की छतों की हालत दिन ब दिन खराब होती जा रही है। आए दिन किसी न किसी जज के आवासीय परिसर का उपरी छत का हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर अचानक गिर जाता हैं। इससे न्यायधीशों में भी भय बना रहता है। सोमवार को देर शाम जे सेवेन भवन में एडीजे दो धनंजय कुमार मिश्रा के आवास में काम कर रहे होमगार्ड के जवान उपेंद्र ठाकुर के उपर छत का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया, जिसमें वे बाल बाल बचे।

# अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे सब्जी विक्रेता

## दो दिनों तक चला था बुलडोजर, दुकानदारों को स्थायी जगह उपलब्ध कराने की मांग



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के पोस्ट ऑफिस के पास पुरानी सब्जी मंडी पर प्रशासन ने रविवार और सोमवार को बुलडोजर चलाया था। जिसके बाद मंगलवार को सब्जी मंडी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना पर सब्जी विक्रेता बैठ गए हैं। अध्यक्षता सब्जी मंडी के अध्यक्ष अशोक मेहता कर रहे हैं। अशोक मेहता ने बताया कि औरंगाबाद प्रशासन और बिहार सरकार सब्जी दुकानदार को स्थाई जगह दे। बिना नवीनीकरण कराए हुए सब्जी मंडी को तोड़ा गया है।

### दुकानदारों को लाखों का नुकसान

दरअसल जमीन बरीयावा स्टेट मलिक की थी। जमीन का रकबा 65 डिसमिल था, आज के समय में 180 डिसमिल जमीन को कब्जा किया जा रहा है। प्रशासन बुलडोजर चला रहा है। जिससे दुकानदारों को लाखों रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। जिसे प्रशासन मुआवजा दे। हम लोग को परमानेंट जगह दी जाए। 70 वर्षों से दुकानदारों से औरंगाबाद नगर परिषद किराया लेते रहा है। बुलडोजर चलाने के समय स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने सब्जी विक्रेताओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया है।

गुड्डू चंद्रवंशी ने बताया कि हम लोगों की मांगों को जब तक प्रशासन नहीं मानता है तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन धरना पर रहेंगे। यहां पर लगभग 100 दुकानदारों के गोदाम, 500 रिटेलर, 200 से अधिक पोलदार और 2000 किसान-मजदूरों के परिवार का भरण-पोषण होता था, सब्जी मंडी

### डीएम पहुंचे थे सब्जी मंडी

सोमवार को सब्जी मंडी के पास औरंगाबाद डीएम पहुंचे थे। उन्होंने सब्जी विक्रेताओं को 10 दिन की मोहलत दी थी। एसडीएम डीसीसी समेत अन्य अधिकारियों को शहर में जमीन देखने का निर्देश दिया था, लेकिन डीएम के आदेश के बाद भी अधिकारियों ने सब्जी बाजार तोड़ दिया। इस बात की जानकारी डीएम को जैसे ही लगी उन्होंने औरंगाबाद अंचलाधिकारी अरुण कुमार को निलंबित करते हुए औरंगाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रमन सिंह को प्रभार सौंपा। अनिश्चितकालीन धरना में सब्जी विक्रेता छोटू कुमार, दिलीप कुमार मेहता, मोहम्मद शाहजाद, विनोद सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहें।

## जल संकट से निपटने में आगे आया श्री सीमेंट

# शहर व आसपास के गांवों में किया 10 टैंकरों से पानी की आपूर्ति



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में भीषण गर्मी तथा पेयजल संकट के बीच एक अच्छी खबर है कि लोगों को पेयजल संकट से निजात दिलाने श्री सीमेंट कंपनी आगे आई है और कंपनी के द्वारा आसपास के गांव में 10 टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस संबंध में कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख भरत सिंह राठौर ने बताया कि जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्ग निर्देशन में श्री सीमेंट लिमिटेड के यूनिट हेड अनिल शर्मा के निर्देश पर श्री सीमेंट लिमिटेड ने श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के अधीन सी एस आर कोऑर्डिनेटर रोहित शर्मा के संयोजन में जिला मुख्यालय के आसपास के गांवों में प्रतिदिन 10 टैंकर से जलापूर्ति विगत 5 मई से ही शुरू की है । अब तक जिन गांवों एवं मुहल्लों में जलापूर्ति की जा रही है उनमें नावाडीह, धबौल, मुर्गी बीघा, मंजुराही, रायपुर, भरथौली ,महुली स्थान, खैरा बिन्द, छेदी बीघा आदि गांव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि श्री सीमेंट लिमिटेड की इस पहल का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया है। श्री राठौड ने बताया कि श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा यूनिट हेड अनिल शर्मा के निर्देश पर परिसर में सघन वृक्षारोपण किया गया है जिससे पर्यावरण के संतुलन में मदद मिलेगी। कंपनी द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कई अन्य कार्य भी कराए गए हैं जिससे स्थानीय लोगों को सुविधा प्राप्त हुई हैं।

# 39 करोड़ की लागत से 16 ग्राम पंचायतों में बनेंगे पंचायत सरकार भवन



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के 16 ग्राम पंचायत में लगभग 39 करोड़ की लागत से नए पंचायत सरकार भवन बनेंगे, इसके लिए भी निविदा प्रकाशित हो चुकी है। इन ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनने से वहां के नागरिकों को काफी सहूलियत होगी और उन्हें अपने जरूरी काम के लिए बार-बार प्रखंड मुख्यालय में नहीं आना पड़ेगा। प्रकाशित निविदा के अनुसार औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायत पोइवां, फेसर एवं पंडरावा में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित 732.069 लाख की राशि में पूरा करना है। इसी तरह नवीनगर प्रखंड अंतर्गत पांच पंचायत बेलाई, पिपरा, बरियांवा, नाउर एवं टंडवा में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित 1220.115 लाख की राशि में पूरा करना है। रफीगंज प्रखंड अंतर्गत चार पंचायत पोगर, अरथुआ, भदुकी कला एवं कोटवारा में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित 976.092 लाख की राशि में पूरा करना है। गोह प्रखंड अंतर्गत चार पंचायत हसामपुर, फाग, मीरपुर एवं अमारी में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित 976.092 लाख की राशि में पूरा करना है।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार की सोच है कि पंचायत स्तर के कार्यों के निष्पादन के लिए पंचायत ही सरकार होगी। इसके लिए पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया गया है। इसमें पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, आवास सहायक, मुखिया, सरपंच समेत पंचायत स्तर के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रतिनिधि के कक्ष की भी व्यवस्था की गई है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आय ,जाति, निवास प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य योजनाओं के लिए आवेदनों का निष्पादन पंचायत सरकार भवन में ही किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से किशोर की हुई मौत



- स्थानीय लोगों ने डायल-112 पर सूचना दी।
- औरंगाबाद सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित किया।

निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में मंगलवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक किशोर की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के घोरहत मोड़ निवासी दिलीप चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र अरविंद चौधरी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने डायल0-112 को फोन कर सूचना दी। घटना मंगलवार को मदनपुर थाना क्षेत्र के खिरियावा मोड़ की है। मृतक किशोर की मां ने कहा कि घर की जरूरत की समान लाने के लिए घर घोरहत मोड़ से बजार गया था।

डायल 112 की टीम सूचना पर घटनास्थल खिरियावां मोड़ पहुंची। जिसके बाद घायल किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया। मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी डॉक्टर आयुष्मान कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई है।

# औरंगाबाद के पूर्व सांसद ने आम बजट को सराहा

- बजट में कृषि, रोजगार, सामाजिक कल्याण, शहरी विकास और ऊर्जा सुरक्षा पर विशेष फोकस किया गया है।



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी एनडीए सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया 2024-25 बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में कृषि रोजगार, सामाजिक, कल्याण, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा के अलावा गरीब, महिला, किसान और युवा पर विशेष रूप से फोकस किया गया है। इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ अतिरिक्त मकान की घोषणा की गई है। बिहार को वित्तीय मदद देने की घोषणा किया गया है एवं पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस वे, बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा एक्सप्रेस वे शामिल है। विष्णुपद कॉरिडोर और महाबोधि कॉरिडोर को काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा एवं राजगीर जो हिन्दू,जैन और बुद्ध धर्म के मानने वाले लोगो का प्रसिद्ध तीर्थ है इसे भी विश्व स्तरीय डेस्टिनेशन के तर्ज पर तैयार किया जाएगा और नालंदा को पर्यटन स्थल बनाने में सरकार मदद करेगी। भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह, लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, जिला महामंत्री मुकेश सिंह,जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा, मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, अंकित सिंह, सोनू सिंह, टनटन सिंह, अखिलेश मेहता, राकेश कुमार देवता, भाजपा नेता मुनीन्द्र राम, प्रवीण गुप्ता, प्रफुल्ल सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, लोकसभा विस्तारक विकास कुमार उर्फ भोजपुरिया बाबा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह,अनिता सिंह, जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, जिला परिषद धनंजय सिंह, सुबोध सिंह, रवि सिंह, आशु अभिनव, अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी, बुद्धिजीवी लोगों ने बजट का सराहना किया है।

# हम पार्टी ने की केंद्रीय बजट की सराहना

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** केंद्र की मोदी 3.0 सरकार के पहले बजट की हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा(सेकुलर) ने सराहना की है। मोर्चा के औरंगाबाद जिलाध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सराहनीय है। बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। चाहे वह किसान, नौजवान, छात्र, युवा, महिला, नया उद्यमी या व्यापारी हो, सभी वर्गों के हित और कल्याण का बजट में ख्याल रखा गया है।कहा कि बिहार का निवासी होने के नाते हम सभी विशेष रूप से प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री, हमारी पार्टी के संरक्षक एवं केंद्र सरकार के मंत्री जीतन राम मांझी, सभी राजग के शीर्ष नेताओं का विशेष तौर पर इसलिए धन्यवाद देते है, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार द्वारा बिहार को लगभग साठ हजार करोड़ रुपए मिले है। बिहार में तीन नए एक्सप्रेस वे बनेंगे। एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, पावर प्लांट, पर्यटन के क्षेत्र में हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की मांग पर विष्णुपद मंदिर गया, महाबोधि मंदिर बोधगया में कोरिडोर का निर्माण होगा।। राजगीर में टूरिस्ट सेंटर बनेगा। मोबाइल, कैंसर की दवा जैसी जरूरी चीजें सस्ती होगी। बिहार को सिंचाई के लिए विशेष मदद दिया जाएगा। युवाओं को मुद्रा लोन में दस की जगह बीस लाख रूपये तक का लोन मिलेगा। सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। यह बजट हर वर्गों को सशक्त बनाएगा। हम सभी बिहारी होने के नाते इस बजट के लिए केंद्र को धन्यवाद देते है और पूरे मगध के साथ साथ सभी बिहारवासियों को अब यह भरोसा हो गया है कि इस डबल इंजन की सरकार में बिहार का चहुंमुखी विकास होगा। इस बजट को देखने के बाद विपक्ष हताश है तथा उनके पास बोलने को अब कुछ भी बचा नहीं है। हम सभी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के कार्यकर्ता आश्वस्त हैं कि मांझी है तो भरोसा है।

# समान काम के बदले समान वेतन की मांग को ले एनएचएम कर्मियों ने दिया धरना

निज संवाददाता



**रफीगंज( औरंगमाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एनएचएम ने सरकारी कर्मी का दर्जा व समान काम के बदले समान वेतन की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सीएचसी में संविदा पर कार्यरत एनएचएम कर्मियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बिहार सरकार स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों को पूरा करने में कोई अभिरुचि नहीं ले रही है। सामान काम के बदले समान वेतन मिलना चाहिए लेकिन बिहार सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कर्मियों ने कहा कि दो वर्षों से एनएचएम कर्मी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यों में पूरा योगदान किया जाता है। लेकिन हेल्थ केयर लागू करके एनएचएम कर्मी को मानदेय से दूर कर दिया गया है। इससे एनएचएम कर्मियों में नाराजगी है। इस दौरान सीएचसी के एनएचएम कर्मियों ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा गलतफहमी में रखा जाता है। वही संबंधित कर्मी द्वारा बिहार सरकार द्वारा हर स्वास्थ्य कर्मियों के फेस एटेंडेंस व्यवस्था का भी विरोध किया गया। वहीं मांगों की अनदेखी से नाराज एनएचएम कर्मियों द्वारा नारेबाजी कर बिहार सरकार के अड़ियल रवैया का विरोध किया गया। मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर निर्भय कुमार, एएनएम रीना कुमारी, अनिता कुमारी, कुसुम कुमारी, सुजाता कुमारी, बसंती, शोभा, आरती मिश्रा, संध्या, जीएनएम शशि प्रभा, अनुष्का, मनोज कुमार यादव, दीपक जाट, लखन कुमार गौतम, सीएचओ ललित मीणा, सृष्टि मालाकार, शिवानी, वर्षा कुमारी एवं सीमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कुटुम्बा के विधायक ने विधानसभा में उठाए लोक महत्व के कई सवाल

# मटपा के जमींदारी बांध के जीर्णोद्धार, खरकनी-सिमरा व खजूरी-पांडू-टंडवा पथ की मरम्मत कराने की रखी मांग

निज संवाददाता



**कुटुम्बा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के कुटुम्बा के विधायक राजेश कुमार ने कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण को लेकर बिहार विधानसभा के चालू मॉनसून सत्र के दौरान लोक महत्व के कई सवाल उठाएं है। उन्होंने कुटुम्बा प्रखंड में मटपा के जमींदारी बांध का जीर्णोद्धार कराने, खरकनी-सिमरा पथ एवं खजूरी-पांडू-टंडवा पथ की मरम्मत कराने की मांग को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया है। विधायक ने कुटुम्बा प्रखंड के महाराजगंज पंचायत में हनेया के पास बतरे नदी पर बने जीर्ण-शीर्ण मटपा जमींदारी बांध के जीणोद्धार के लिए गंभीर पहल की। इसे लेकर उन्होने बिहार विधानसभा के सचिव को विधानसभा सचिवालय प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 1964 के नियम 292(घ) के तहत लोक महत्व के विषय पर निवेदन की सूचना दी। सूचना के माध्यम से उन्होंने कहा कि कुटुम्बा के महाराजगंज पंचायत में हनेया गांव के पास बतरे नदी पर स्थित मटपा जमींदारी बांध जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इस जमींदारी बांध के जीर्ण-शीर्ण होने के कारण आसपास के 20-25 गांवों के किसान सिंचाई की कोई अन्य सुविधा नही होने के कारण पूर्ण रूप से वर्षा पर निर्भर है। इस वजह से सदन के माध्यम से वें सरकार से मटपा जमींदारी बांध के यथाशीघ्र जीर्णोद्धार का निवेदन करते है।

### खरकनी-सिमरा पथ की हो मरम्मत

कुटुम्बा के विधायक राजेश कुमार ने नबीनगर में कामा बिगहा-खखड़ा पथ से निकले खस्ताहाल खरकनी-सिमरा पथ की मरम्मत को लेकर भी गंभीर पहल की। इसे लेकर भी उन्होंने बिहार विधानसभा के सचिव को विधानसभा सचिवालय प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 1964 के नियम 292(घ) के तहत लोक महत्व के विषय पर निवेदन की सूचना दी। सूचना के माध्यम से उन्होंने कहा कि कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र के नबीनगर प्रखंड में कामा बिगहा-खखड़ा पथ से निकले खरकनी-सिमरा पथ की हालत अत्यंत जर्जर है। इस वजह से सदन के माध्यम से वें सरकार से खरकनी-सिमरा पथ का यथाशीघ्र जीर्णोद्धार कराने का निवेदन करते है।

### खजूरी-पांडू-टंडवा पथ का भी हो जीर्णोद्धार

विधायक ने औरंगाबाद के कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र में ही नबीनगर प्रखंड में खजूरी-पांडू-टंडवा पथ का जीर्णोद्धार कराने की मांग की। इसे लेकर भी उन्होने बिहार विधानसभा के सचिव को विधानसभा सचिवालय प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 1964 के नियम-104 के तहत लोक महत्व के विषय पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना दी। ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से विधायक ने कहा कि कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र के नबीनगर प्रखंड में खजूरी पांडू-टंडवा पथ काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। उन्होंने पथ की जर्जर हालत को लेकर एक स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में 25 जून को 'पांडू से टंडवा जाने में लगा एक घंटा' शीर्षक से प्रकाशित खबर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण सड़क है। यह पथ इलाके के प्रमुख धर्मस्थल गजना धाम को भी जोड़ता है जबकि खजूरी-पांडू गांव से टंडवा की दूरी महज सात किलोमीटर है। ध्यानाकर्षण के तहत सदन के माध्यम से खजूरी-पांडू-टंडवा पथ का जीर्णोद्धार कराने के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं। माना जा रहा है कि विधायक का यह प्रयास रंग लाएगा और शीघ्र ही मटपा के जमींदारी बांध का जीर्णोद्धार, खरकनी-सिमरा और खजूरी-पांडू-टंडवा पथ की मरम्मत हो सकेगी।

# किसान मजदूर मोर्चा ने दिया एक दिवसीय धरना

निज संवाददाता



**रफीगंज( औरंगाबाद)।** रफीगंज अंचल सह प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में मंगलवार को किसान मजदूर मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर डॉ. तुलसी यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया। धरना में किसानों की समस्याओं एवं कुटकु डैम में फाटक लगाने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा।वक्ताओं ने कहा कि मगध क्षेत्र की धरती पर बारिश नही होने पर महाअकाल हो गया है। अकाल क्षेत्र घोषित करते हुए किसानों को समुचित लाभ दिलाया जाए। कोयल नहर के कुटकु डैम में फाटक लगाकर तथा अंगरा, कोटवारा चैई, नवादा ब्रांच के अधूरे कार्य को पूरा कराकर हर खेत को पानी देने का गारंटी की जाए। उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए राज्य के हिस्से की राशि समय पर भुगतान करके अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जाए। किसानों को खेती करने के लिए बिजली की गारंटी दी जाए। शिविर लगाकर सभी लाभार्थी किसान एवं मजदूरों को राशन कार्ड हाथों हाथ दिया जाए। धरना के बाद प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों का ज्ञापन सीओ भारतेन्दु सिंह को सौंपा। धरना की अध्यक्षता लड्डू खान ने की जबकि संचालन डॉ। तुलसी यादव ने किया। इस दौरान महेश यादव ने गीत के माध्यम से किसानों की समस्या को सुनाया। इस अवसर पर चन्द्रशेखर यादव, महेश यादव, अजीम खां, नवल सिंह, रामचंद्र आजाद, बच्चू यादव, सिद्धि यादव, लालधारी यादव, भोलानाथ वर्मा, धर्मेंद्र कुमार दास, मो. मुस्ताक साहब, गुप्ता यादव, मुकेश अग्रवाल सहित अन्य लोग शामिल मौजूद रहे।


पूर्व मध्य रेल

रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रावणी मेला** के मद्देनजर दिनांक 22.07.2024 से 22.08.2024 तक निम्नलिखित ट्रेनों को दिए गए स्टेशनों पर **01 मिनट** का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन | तिथि से लागू |
|---|---|---|---|
| 1. | 13402 दानापुर–भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | हरदास बीघा | 22.07.2024 से 22.08.2024 तक |
| 2. | 13401 भागलपुर–दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | हरदास बीघा | 23.07.2024 से 22.08.2024 तक |
| 3. | 03266 पटना–मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल | डुमरी | 22.07.2024 से 21.08.2024 तक |
| 4. | 03265 मधुपुर–पटना श्रावणी मेला स्पेशल | डुमरी | 22.07.2024 से 21.08.2024 तक |
| 5. | 05552 देवघर–रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल | बड़हिया<br>डुमरी | 22.07.2024 से 20.08.2024 तक |
| 6. | 05551 रक्सौल–देवघर श्रावणी मेला स्पेशल | बड़हिया<br>डुमरी | 22.07.2024 से 20.08.2024 तक |

विस्तृत जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in / NTES APP

पीआर/00747/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/24–25/77

मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक/पूमरे./हाजीपुर


# गोह में बजबजाती नालियों ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत, महामारी फैलने की आशंका

**गोह(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के मुख्य बाजार में जगतपति चौक पर कई महीनो से नाली की साफ सफाई नहीं होने से बजबजाती नालियों के पानी से निकलने वाला दुर्गंध ने लोगो की मुश्किलें बढ़ा दी है। गोह शहर मे सभी जगहों पर सफाई की व्यवस्था का बुरा हाल है। सड़क किनारे बनी नालियों की सफाई नही होने से वहां नाली से पानी निकल नहीं पर रहा है और पानी सड़क पर बह रहा है। इससे बजबजाती नालियों से उठती दुर्गंध के कारण आसपास के दुकानदारों और आने जाने वाले लोगों को मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं। इस चौक पर गंदगी और जलजमाव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। चौक बाजार में नालियों की सफाई की तरफ न तो प्रशासन का ध्यान है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों का। स्थानीय लोगो ने बताया कि नालियों की सफाई नही होने से वह जाम पड़ी है। इसी कारण उनका पानी सड़क पर आ जा रहा है। नाली से उठती बदबू से दुकान पर बैठना मुश्किल हो जा रहा है। इसके साथ ही संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर भी बना हुआ है।